






# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 48

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

बुधवार | 29 नवंबर, 2023


# सुरंग का सीना चीरकर बाहर निकाले गए मजदूर

## उत्तरकाशी टनल से सभी 41 मजदूर निकाले गए, 7.50 बजे पहला मजदूर बाहर आया, 17 दिन टनल में फंसे रहे



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। उत्तरकाशी

दिवाली पर जब पूरा देश रोशनी में नहाया हुआ था, तब 41 मजदूर एक अंधेरी सुरंग में कैद हो गए। ये मजदूर चार धाम के लिए नया रास्ता बना रहे थे। उत्तरकाशी की सिल्क्यारा-डंडालगांव टनल का एक हिस्सा अचानक ढह गया और सभी मजदूर बाहरी दुनिया से कट गए। रेस्क्यू एजेंसियों ने मजदूरों को बचाने की कवायद शुरू की। एक प्लान फेल हुआ, तो दूसरे पर काम शुरू हुआ। कभी सुरंग के मुहाने से तो कभी पहाड़ के ऊपर से खुदाई करके मजदूरों को निकालने की कोशिश की जाती रही। 12 नवंबर की सुबह 5.30 से 28 नवंबर की शाम 8.35 बजे तक यानी 17 दिन, करीब 399 घंटे बाद पहला मजदूर शाम 7.50 बजे बाहर निकाला गया। 45 मिनट बाद रात 8.35 बजे सभी को बाहर निकाल लिया गया। सभी को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया। रेस्क्यू टीम के सदस्य हरपाल सिंह ने बताया कि शाम 7 बजकर 5 मिनट पर पहला ब्रेक थ्रू मिला था।

### केंद्र सरकार ने की हर संभवन मदद: वीके सिंह

केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा, अभियान में जिस भी हमें जरूरत पड़ी वह प्रधानमंत्री ने मुहैया करवाई... जितने साधन जुटाए गए हैं, इतने साधन किसी और ऑपरेशन के लिए नहीं जुटाए गए होंगे। केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा, हमारे देश में जिस भी हमें ज़रूरत पड़ी वह प्रधानमंत्री ने मुहैया करवाई... जितने साधन जुटाए गए हैं इतने साधन किसी और ऑपरेशन के लिए नहीं जुटाए गए होंगे।

### जल्द बनेगा भगवान बौखनाग का भव्य मंदिर

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बाबा बौखनाग और देवभूमि के देवी-देवताओं की कृपा से ऑपरेशन सफल हुआ है। बौखनाग देवता का सिलक्यारा में भव्य मंदिर बनाया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाहर निकाले गए श्रमिकों से बात की। उनके साथ केंद्रीय मंत्री वीके सिंह भी थे। सीएम धामी ने कहा, सभी मजदूरों को उत्तराखंड सरकार की ओर से कल एक-एक लाख रुपए की मदद दी जाएगी। उन्हें एक महीने का सवेतन अवकाश भी दिया जाएगा, जिससे वह अपने परिवार वालों से मिल सकें।

### पीएम मोदी ने सीएम धामी को फोन कर दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिलक्यारा में 41 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकाले जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को फोन कर अपनी शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने इस दौरान श्रमिकों के बारे में मुख्यमंत्री से जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री से जाना कि सुरंग से निकालने के बाद श्रमिकों के स्वास्थ्य देखभाल, घर छोड़ने व परिजनों आदि के लिए क्या व्यवस्थाएं की गई हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि सभी श्रमिकों को सुरंग से निकलने के बाद सीधे चिन्यालीसौड़ स्थित अस्पताल ले जाया गया है। जहां उनकी जरूरी स्वास्थ्य जांच आदि की जाएगी। साथ ही अवगत कराया कि श्रमिकों के परिजनों को भी फिलहाल चिन्यालीसौड़ ले जाया गया जहां से उनकी सुविधा के अनुसार राज्य सरकार उनको घर छोड़ने की पूरी व्यवस्था करेगी।

### सीएम ने अभियान में जुटे सभी लोगों को दी शुभकामनाएं

सिलकयारा टनल में फंसे 41 श्रमिकों के सकुशल बाहर निकलने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अभियान में जुटे समस्त बचाव दल को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा की श्रमिकों और उनके परिजनों के चेहरों की खुशी ही मेरे लिए इगास बग्वाल (दिवाली) है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बचाव दल की तत्परता, टेक्नोलॉजी के सहयोग, सुरंग के अंदर फंसे श्रमिक बंधुओं की जीवटता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की जा रही पल- पल निगरानी और बौखनाग देवता की कृपा से यह अभियान सफल हुआ। मुख्यमंत्री ने जरुरी होने पर श्रमिकों को हर चिकित्सा सुविधा देने के उन्होंने आदेश दिए हैं।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी हैं तो मुमकिन है के नारे लगाए

मोदी हैं तो मुमकिन है, पुष्कर धामी जिंदाबाद के नारे लगा रहे भाजपाई। सुरंग के बाहर मौजूद लोग इस सफलता की खुशी में एक दूसरे को मिठाई बांट रहे हैं।

### सब मजदूर स्वस्थ्य

रेट स्नेपर्स वाली कंपनी नवयुग के मैन्युअल ड्रिलर नसीम ने कहा- सभी मजदूर स्वस्थ्य हैं। मैंने उनके साथ सेल्फी ली। उन्होंने बताया कि जब आखिरी पत्थर हटाया गया तो सभी मजदूरों ने जयकारे लगाए।

### 21 घंटे में की 12 मीटर खुदाई

इससे पहले, सिल्क्यारा साइड से हॉरिजॉन्टल ड्रिलिंग में लगे रैट माइनर्स, हादसे के 17वें दिन दोपहर 1.20 बजे खुदाई पूरी कर पाइप से बाहर आ गए। उन्होंने करीब 21 घंटे में 12 मीटर की मैन्युअल ड्रिलिंग की। 24 नवंबर को मजदूरों की लोकेशन से महज 12 मीटर पहले ऑगर मशीन टूट गई थी। जिससे रेस्क्यू रोकना पड़ा था। इसके बाद सेना और रैट माइनर्स को बाकी के ड्रिलिंग के लिए बुलाया गया था। मंगलवार सुबह 11 बजे मजदूरों के परिजन के चेहरों पर तब खुशी दिखी, जब अफसरों ने उनसे कहा कि उनके कपड़े और बैग तैयार रखिए। जल्द ही अच्छी खबर आने वाली है।

### टनल से अस्पताल तक ग्रीन कॉरिडोर

रेस्क्यू के बाद मजदूरों को 30-35 किमी दूर चिन्यालीसौड़ ले जाया गया। वहां 41 बेड का स्पेशल हॉस्पिटल बनाया गया है। टनल से चिन्यालीसोड तक की सड़क को ग्रीन कॉरिडोर घोषित किया गया था, जिससे रेस्क्यू के बाद मजदूरों को लेकर एम्बुलेंस जब अस्पताल जाए तो ट्रैफिक में न फंसे। यह करीब 30 से 35 किलोमीटर की दूरी है। इसको करीब 40 मिनट में तय किया गया।

**यूपी विधानसभा सत्रः** सीएम योगी बोले सदन में हर सवाल का जवाब देगी सरकार

# आज पेश होगा अनुपूरक बजट



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में सरकार सदन में प्रदेश के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर स्वस्थ चर्चा के लिए तैयार है। सरकार सभी दलों के सदस्यों के हर सवाल का जवाब देगी। कहा कि विधायकों को भी सदन की गरिमा और मर्यादा बनाए रखनी चाहिए। शीतकालीन सत्र से पहले मंगलवार को विधानभवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन आम जनता से जुड़ी समस्याओं को रखने और उन पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी सदस्य जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर सदन को स्वस्थ चर्चा-परिचर्चा का केंद्र बनाएंगे। साथ ही सार्थक चर्चा से विधायिका को और मजबूत करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि इस सत्र में अनुपूरक बजट के साथ विधायिका के लंबित कार्य भी पूरे होंगे। कहा कि सदन में गरिमापूर्ण तरीके से चल रही परिचर्चा को बनाए रखने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की भी है। उम्मीद जताई कि विपक्षी दलों के विधायक सदन की गरिमा को बनाए रखने में सहयोग देंगे। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह भी मौजूद रहे।उत्तर प्रदेश विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में बुधवार को वित्तीय वर्ष 2023-24 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। बजट का आकार करीब 42 हजार करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। विधानसभा में बुधवार सुबह 11 से 12.20 बजे तक प्रश्नकाल संचालित होगा। प्रश्नकाल समाप्त होते ही वित्त मंत्री सुरेश खन्ना अनुपूरक बजट पेश करेंगे। अनुपूरक बजट में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनता को साधने के लिए कुछ योजनाओं की घोषणा भी की जा सकती है।

### बजट में हो सकती हैं ये घोषणाएं

- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को जोड़ने के 60 किलोमीटर के नये लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए प्रावधान
- चार लेन के 14 किमी लंबे चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे
- फर्रुखाबाद को गंगा एक्सप्रेस वे से जोड़ने के प्रस्ताव की तैयारी
- पांच एक्सप्रेस के दोनों किनारों पर तीस औद्योगिक गलियारों की स्थापना के लिए प्रारंभिक राशि
- गन्ने के बकाया भुगतान के लिए स्पेशल पैकेज लाने की संभावना
- साइबर हेल्पलाइन और थानों में महिला डेस्क के लिए बजट के आसार
- नए मेडिकल कालेज, डाक्टर, वेतन व अन्य मदों के लिए प्रावधान
- पावर कारपोरेशन के लिए, किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली के लिए पर्याप्त बजट देने की संभावना
- त्वरित आर्थिक विकास के लिए अलग पैकेज
- सड़कों की मरम्मत के लिए 5000 करोड़ रुपये आवंटन की संभावना
- 15 लाख टैबलेट खरीद के लिए बजट की व्यवस्था

# जेलों में बंद कैदी पढ़ेंगे हनुमान चालीसा

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** प्रदेश की जेलों में सजा काट रहे कैदियों के व्यक्तित्व में सुधार लाने के लिए हनुमान चालीसा का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए कैदियों को हनुमान चालीसा भेंट की जाएगी। प्रदेश की सभी जेलों में बंद कैदियों को अब हनुमान चलीसा का पाठ करने का सौभाग्य मिलेगा। आजमगढ़ की जेल पहुचें कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कैदियों से संवाद करते समय ये बात कही। उन्होंने कहा कि इसमें कोई धार्मिक मकसद नहीं है ना कोई बाध्यता है। जो कोई भी हनुमान चालीसा पढ़ना चाहता है, उसके लिए हमारी तरफ से किताबें उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि वो कई जेलों में गए जहां पर उन्होंने हनुमान चालीसा या अन्य चीज बांटी तो कैदियों में उसे लेने की होड़ लग गई। कैदियों में अलग ही हर्षोल्लाष देखने को मिला जिससे आकर्षित होकर सोचा कि अब प्रदेश की हर जेल में धार्मिक किताबें बटवानी चाहिए जिसको पढ़कर कैदी मानसिक अवसाद से बाहर निकले और अपने आप में सुधार करें। हर धर्म के लोग जेल में हैं किसी अन्य धर्म को भी कोई धार्मिक वस्तु की आवश्यकता होगी तो वह भी विभाग की तरफ से पूरी करी जाएगी। जेल में पूजा होती है तो नमाज पढ़ने की भी पूरी आजादी है। इसके पहले भी मैं जेल में मंत्र उच्चारण बजाने का आदेश दिया था जिसके पॉजिटिव नतीजे सामने आए थे।

**कारागार मंत्री ने कहा किसी अन्य धर्म को भी कोई धार्मिक वस्तु की आवश्यकता होगी तो वह भी विभाग की तरफ से पूरी करी जाएगी**

# यूपी कैबिनेट बैठक में 22 प्रस्तावों पर लगी मुहर

## धर्मार्थ कार्य-शिक्षा विभाग समेत कई विभागों से जुड़े प्रस्ताव को मिली मंजूरी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सीएम योगी की अध्यक्षता में मंगलवार शाम को यूपी कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें अनुपूरक बजट के अनुमोदन सहित 23 से अधिक प्रस्तावों पर चर्चा हुई। साथ ही करीब 22 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें धर्मार्थ कार्य विभाग, शिक्षा विभाग समेत कई विभागों से जुड़े प्रस्ताव पास किए गए। साथ ही अनुपूरक बजट को भी मंजूरी मिली। वहीं, लिफ्ट और स्वचलित सीढ़ियों को लेकर नियमावली बनाने का जो प्रस्ताव था, अभी फिलहाल उसे कैबिनेट की मंजूरी नहीं मिली है।



### गठित हुआ उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, मुख्य सचिव होंगे अध्यक्ष

प्रदेश में उच्च से लेकर बेसिक शिक्षा, अनुदेशकों व सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक कॉलेजों में शिक्षकों के चयन के लिए उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का गठन किया गया है। कैबिनेट ने मंगलवार को आयोग के अध्यक्ष-सदस्यों, सचिव, परीक्षा नियंत्रक आदि के चयन आदि के लिए तैयार नियमावली पर सहमति दे दी है। इससे आयोग के संचालन की कार्यवाही आगे बढ़ सकेगी। आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों का चयन एक सर्च कमेटी के माध्यम से किया जाएगा। इस कमेटी के अध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे। सर्च कमेटी की संस्तुति के अनुसार अध्यक्ष, सदस्य के चयन की सूची मुख्यमंत्री की ओर से अनुमोदित की जाएगी। वहीं आयोग में एक सचिव, एक परीक्षा नियंत्रक, एक वित्त नियंत्रक, न्यायिक सेवा के एक विधि अधिकारी, एक वित्त एवं लेखा अधिकारी, आउटसोर्स से एक कंप्यूटर व आईटी समन्वयक, चार उप सचिव भी तैनात किए जाएंगे। नियमावली के अनुसार उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के हर पूर्णकालिक कर्मचारी की सेवाएं भी आयोग को हस्तांतरित हो जाएंगी। इन सभी के चयन के साथ ही प्रदेश में बेसिक, माध्यमिक व उच्च शिक्षा, अनुदेशकों व सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक कॉलेजों में शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया भी गति पकड़ेगी।

### ट्रिपलआईटी को निशुल्क 50 एकड़ जमीन हस्तांतरित करने पर सहमति

कैबिनेट ने चक गजरिया सिटी, इकाना स्टेडियम के पीछे 20.241 हेक्टयेर (50 एकड़) जमीन प्राविधिक शिक्षा विभाग, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ को नि:शुल्क हस्तांतरित करने पर सहमति दे दी है। ट्रिपलआईटी लखनऊ की स्थापना 2021 में की गई। इसका संचालन पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत किया जा रहा है। ट्रिपलआईटी को प्रदेश सरकार की ओर से 50 से 100 एकड़ तक जमीन की उपयुक्तता का प्रावधान किया गया है। वर्तमान में ट्रिपलआईटी का संचालन 50 एकड़ जमीन पर किया जा रहा है। इसी जमीन का स्वामित्व अब प्राविधिक शिक्षा विभाग की ओर से ट्रिपलआईटी को किए जाने पर सहमति दी गई है।

### विंध्य और बुंदेलखंड की पाइप पेयजल परियोजनाओं की बढ़ी हुई लागत मंजूर

योगी कैबिनेट ने जल जीवन मिशन के तहत बुंदेलखंड के बांदा, विंध्य क्षेत्र के सोनभद्र और मिर्जापुर में पांच पाइप पेयजल परियोजनाओं की संशोधित लागत को मंजूरी दी है। परियोजनाओं में स्वीकृत लागत की तुलना में कुल 245 रुपये से अधिक व्यय होंगे। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पाइप पेयजल योजना से घर घर जल पहुंचाया जा रहा है। बांदा जिले की अमलीकौर ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना के लिए 814.29 करोड़ रुपये स्वीकृत कि गए थे। अब संशोधित लागत 879.34 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है, इस परियोजना की लागत 65.05 करोड़ रुपये बढ़ी है। सोनभद्र जिले की अमावर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के लिए 171.11 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई थी। अब इस योजना के लिए संशोधित लागत 237.65 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस परियोजना की लागत 66.53 करोड़ रुपये बढ़ी है। मिर्जापुर की अहुगीकला ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना के भी 262.86 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई थी। अब परियोजना की लागत बढ़कर 328.28 करोड़ रुपये हो गई है। कैबिनेट ने बढ़ी हुई लागत 65.90 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। मिर्जापुर की ही गोथौरा एवं धौहा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के लिए 582.73 करोड़ रुपये मंजूर किए गए थे। अब परियोजना की लागत बढ़कर 607.73 करोड़ रुपये हो गई है। कैबिनेट ने बढ़ी हुई लागत 25 करोड़ की मंजूरी दी है। तलार ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के लिए 179.63 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई थी। परियोजना की लागत बढ़कर 203.44 करोड़ रुपये हो गई है। परियोजना की बढ़ी हुई लागत 23.81 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

### लोकभवन में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक

सीएम योगी ने कैबिनेट मीटिंग के बाद मंत्रिपरिषद की बैठक बुलाई थी। बैठक में सरकार के सभी मंत्री चाहे वो कैबिनेट मंत्री हों, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हो या फिर राज्य मंत्री हों सभी शामिल हुए। इस बैठक का मकसद विकसित भारत संकल्प यात्रा को कैसे हर ग्राम सभा तक लेकर जाना है और कैसे 26 जनवरी तक यह पूरी संकल्प यात्रा निकालनी है उसे लेकर था। इस बैठक में एक प्रेजेंटेशन भी दिया गया, जिसमें हर एक विभाग से जुड़ी जानकारी दी गई। दरअसल 2047 तक विकसित भारत का संकल्प जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है। इस अभियान को लेकर यह संकल्प यात्रा प्रदेश के सभी जिलों में और सभी ग्राम पंचायत में निकाली जाएगी। जिसमें सरकार के मंत्री विधायक और सांसद भी शामिल होंगे। इसके जरिए कोशिश यही होगी कि कैसे 2047 तक जो न्यू इंडिया का विजन है उसे यह सरकार पूरा करने का रोड मैप तैयार कर रही है।अब तक क्या कुछ योजनाएं गांव में पहुंचाई गई है। उन सारी चीजों की जानकारी प्रत्येक गांव के लाभार्थियों को दी जाएगी।

### अयोध्या विकास प्राधिकरण होगी कार्यदायी संस्था

धर्मार्थ कार्य विभाग की ओर से अयोध्या में कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण को कार्यदायी संस्था नामित किए जाने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने अपनी सहमति दी है। इन परियोजनाओं पर लगभग 133 करोड़ का व्यय दो साल में प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं के तहत पर्यटक सुविधा केंद्र व सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कार्य 2025 तक कराया जाएगा। इससे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

### एसआर विवि की स्थापना के लिए जारी होगा आशय पत्र

कैबिनेट ने राजधानी लखनऊ में एसआर विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए आशय पत्र जारी करने पर भी अपनी सहमति दे दी है। उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम 2019 के तहत इस विश्वविद्यालय की स्थापना संबंधित अन्य आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### अर्जुन विश्वविद्यालय शाहजहांपुर की स्थापना

लखनऊ। कैबिनेट ने निजी क्षेत्र के तहत वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय शाहजहांपुर की स्थापना संबंधित संशोधित अध्यादेश का प्रतिस्थानी विधेयक विधानमंडल में रखे जाने की सहमति दी है। नियमानुसार कैबिनेट से इसकी सहमति के छह माह पूरे होने पर संशोधित अध्यादेश विधानमंडल से पास कराया जाना चाहिए।

### राज्य विश्वविद्यालय स्थापित होंगे

प्रदेश कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश 2023 का प्रतिस्थानी विधेयक विधान मंडल में रखे जाने पर भी सहमति दे दी। विधानमंडल से विधेयक पारित होने के बाद देवीपाटन, मिर्जापुर व सहारनपुर मंडल में एक-एक राज्य विश्वविद्यालय स्थापित करने से जुड़ी कार्यवाही आगे बढ़ाई जा सकेगी।

### गणित विषय वालों को भी मिलेगा आयुर्वेद- यूनानी फार्मासिस्ट बनने का मौका

अब गणित विषय से इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने वालों को आयुर्वेद एवं यूनानी विभाग में फार्मासिस्ट की नौकरी मिल सकेगी। इसके लिए फार्मासिस्ट की डिग्री लेने वालों को आयुर्वेदिक-यूनानी तिब्बती चिकित्सा पद्धति बोर्ड में पंजीयन कराना होगा। इस आशय का प्रस्ताव मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में मंजूर कर दिया गया है। इस फैसले से गणित विषय में इंटरमीडिएट करने वाले और संबंधित विषय में फार्मेसी डिप्लोमा लेने वाले करीब दो हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों को फायदा होगा। वे विभाग में निकलने वाली भर्ती में इसी वर्ष शामिल हो सकेंगे। प्रदेश में पहले सिर्फ आयुर्वेदिक-यूनानी कॉलेजों से डिप्लोमा इन फार्मेसी का प्रमाण पत्र हासिल करने वालों को विभाग में फार्मासिस्ट की नौकरी मिल जाती थी। इसके लिए योग्यता इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग से पास होना था। जबकि एलोपैथ की एलोपैथ और होम्योपैथ में विज्ञान वर्ग के साथ ही गणित वर्ग के छात्रों को भी डिप्लोमा की डिग्री के लिए योग्य माना गया है। ऐसे में कुछ आयुर्वेदिक एवं यूनानी कॉलेजों ने भी गणित विषय वालों को डिप्लोमा की डिग्री देनी शुरू कर दी। आयुर्वेद व यूनानी विभाग की आयुर्वेदिक (भेषजिक) सेवा नियमावली में लिखा है कि विज्ञान वर्ग से इंटरमीडिएट और भेषजिक में डिप्लोमा करने वाले ही विभागीय नियुक्ति के लिए योग्य हैं। ऐसे में सेवा नियमावली में बदलाव का प्रस्ताव तैयार किया गया। मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में आयुर्वेदिक भेषजिक सेवा (प्रथम संशोधन) नियमावली 2023 एवं यूनानी भेषजिक सेवा (प्रथम संशोधन)नियमावली 2023 को मंजूरी दे दी गई है। अब गणित व विज्ञान वर्ग में इंटरमीडिएट पास होने वाले छात्र आयुर्वेद व यूनानी विभाग में निकलने वाली फार्मासिस्ट पद की नियुक्ति में हिस्सा ले सकेंगे।

# आत्म तत्व की पूजा ही जिन भगवान की पूजा हैः महाराज शांतानंद

**✻ जैन समाज के त्रिदिवसीय महासम्मेलन के दूसरे दिन निकली भव्य शोभायात्रा**

जन एक्सप्रेस | बांदा



कार्यक्रम की शुरुआत में सबसे पहले रामलीला स्थित कार्यक्रम स्थल में गुरु महाराज आत्मानंद, महाराज शांतानंद के प्रवचन हुए महाराज ने कहा कि 'दान दया भी विवेक से करना चाहिए, भरे पेट वाले को खीर खिलाने की अपेक्षा भूखे को सूखी रोटी और पानी देना श्रेष्ठ है। महाराज ने बताया कि 'आत्म तत्व की पूजा ही जिन भगवान की पूजा है और इसी का सच्चा श्रद्धान ही मुक्ति का कारण है। प्रवचनों के उपरांत पालकी मे पवित्र जैन ग्रंथ जिसे जिनवाणी कहते है जो भगवान महावीर की वाणी है अर्थात उनके बताए हुए सिद्धान्त ओर मोच्छ प्राप्ति का रास्ता बताने वाले आगम को, जिनवाणी को चांदी की पालकी में विराजमान कराकर ढोल, बाजे के साथ, भजन कीर्तन, ओर भगवांन महावीर के जयकारे लगाते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में सैकड़ों की तादात में धर्मप्रेमी बंधु, महिलाएं और बच्चे थे, ड्रोन द्वारा पालकी पर पुष्प बर्षा हो रही थी। जगह-जगह माँ जिनवाणी की आरती हो रही थी। सभी लोग पीले वस्त्र पहने थे और सिर पर पगड़ी बांधे भगवान महावीर के जयकारे लगा रहे थे। सैकड़ों की संख्या में बाहर से लोग आए हुए है और इस बेदी प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होकर इस धार्मिक अनुष्ठान को ऐतिहासिक कार्यक्रम बना रहे है।

पालकी शोभायात्रा में सांसद आर के पटेल एवं जनप्रिय सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल एवं नगर पालिका अध्यक्ष मालती वासु ने पहुंचकर माँ जिनवाणी के दर्शन किये।

पालकी शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल रामलीला से महेश्वरी देवी, चौक बाजार, कोतवाली होते हुए जैन चैत्यालय छोटी बाजार पहुची तथा चैत्यालय मे जिनवाणी को वेदी में विराजमान कराया गया एवं मंदिर के शिखर पर कलशारोहण हुआ।

मंदिर के शिखर पर मंत्रो के उच्चारण के साथ कलश लगाया गया। ड्रोन द्वारा मंदिर जी पर पुष्प वर्षा हुई। सैकड़ो लोगो ने कलशारोहण पर भजन कीर्तन करते हुए भगवान के जयकारे लगाये। शाम को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम चले सैकड़ों के तादाद में बाहर से जैन बंधु आए कार्यक्रम में भागीदारी की। बता दे कि कई वर्षो के उपरांत तारण तरण दिगंबर जैन समाज वृहद स्तर पर यह कार्यक्रम आयोजित कर रहा है इस अवसर पर स.र.श्री मंत सेठ अशोक कुमार जी जैन सागर, समाज रत्न श्रीमंत विकास समैया खुरई, श्रीमंत कनछेदी लाल, समाज रत्न स्वदेश जैन सागर, मनोहर लाल जैन भोपाल, सेठ अक्षय कुमार जैन अमर पाटन, सेठ पंकज कुमार जैन गंज बासौदा, प्रो. प्रहलाद भोपाल, राकेश जैन, मुकेश जैन, सुभाष जैन, दिनेश मोइया, विनोद जैन, अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा के क्षेत्रीय सदस्य योगेश जैन, प्रकाश जैन, संजय जैन, मीडिया प्रभारी दिलीप जैन एवं रजत सेठ, राज कुमार राज, श्रेस्ति गण उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने ली जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव से कहा कि विद्यालयों के सुविधाओं के सम्बन्ध में शिक्षकों की पूर्ण जिम्मेदारी है, लेकिन उनके द्वारा लापरवाही की जाती है, इसमें सुधार करवाया जाए। साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर भ्रमण कर विद्यालयों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराए, अगर किसी विद्यालय में निरीक्षण के दौरान कमियां पाई गई तो शिक्षकों के साथ खंड शिक्षा अधिकारियों के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी। विद्यालयों की साफ सफाई, शौचालय, पानी की टंकी अच्छी तरह से साफ सुथरा रहना चाहिए। उन्होंने टास्क फोर्स के निरीक्षण में लगे जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय तथा तहसील स्तरीय अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक माह लक्ष्य के अनुसार निरीक्षण कर विद्यालय के व्यवस्थाओं को देखें, जिन अधिकारियों द्वारा माह नवंबर में विद्यालयों का निरीक्षण नहीं किया गया है वह दो दिन के अंदर करले। साथ ही जो भी विद्यालयों में कमियां हो तो टिप्पणी सहित आख्या दे ताकि विद्यालयों की व्यवस्थाओं में सुधार कराया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में मिड डे मील मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण बच्चों को मिलना चाहिए, जिन बच्चों के आधार कार्ड नहीं बने हैं, उनका विद्यालय वार अभियान चलाकर बनवाया जाए। साथ ही जिन बच्चों के आधार फीड नहीं हुए हैं, उनको भी पोर्टल पर फीड कराया जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र से कहा कि जिन विद्यालयों में शौचालय नहीं बने हैं व जर्जर अवस्था में है, वहां पर निर्माण कार्य कराए जाएं। सभी विद्यालयों पर ग्राम पंचायत के माध्यम से ऑपरेशन कायाकल्प के कार्यों में तेजी लाई जाए। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीड़ी विश्वकर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, पूर्ति निरीक्षक कर्वी दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में युवक घायल

जन एक्सप्रेस | राजापुर, चित्रकूट

राजापुर कस्बे के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित इंडियन बैंक के पास ट्रेलर ट्रक के द्वारा आगे जा रही बस में पीछे से जोरदार टक्कर मार देने के कारण बैंक के पास खड़ा एक नवयुवक बस की चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे कस्बावासियो की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजापुर में भर्ती कराया गया जहां गंभीर चोट होने के कारण जिला चिकित्सालय कर्वी रेफर कर दिया गया हैं जहा जिंदगी और मौत से जूझ रहा हैं। बताते चलें कि मंगलवार को करीब 2:00 बजे इंडियन बैंक के पास से राजापुर से मानिकपुर चलने वाली बस आगे जा रही थी कि इंडियन के पास तेज रफ्तार से आ रहा ट्रेलर ट्रक अनियंत्रित होकर बस में पीछे से जोरदार टक्कर मार देने के कारण सड़क के किनारे खड़ा राममूरत पुत्र चुनकावन उम्र 14 वर्ष निवासी तीरमऊ बस की जोरदार टक्कर लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजापुर में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पाते ही प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्र अपने हमराहियो के साथ घटना स्थल में पहुंच कर ट्रेलर ट्रक ड्राइवर व बस ड्राइवर को हिरासत में लेते हुए दोनो वाहनों को कब्जे में लेते हुए बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजापुर में घायल को भर्ती करा दिया गया हैं तथा उसके परिजनों के द्वारा यदि तहरीर दी जाती हैं तो आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अरुण कुमार आर्या ने बताया कि घायल राममूरत उम्र 14 वर्ष को जोरदार टक्कर से सिर पर गंभीर चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# स्वामी प्रसाद मौर्य को दिखाया काला झण्डा, लगाये मुर्दाबाद के नारे

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर



अखिल भारत हिंदू महासभा ने सनातन विरोधी स्वामी प्रसाद मौर्य के जनपद आगमन पर पटेलनगर चैराहे में विरोध करके मुर्दाबाद के नारे लगाकर काले झंडे दिखाये। महासभा के कार्यकर्ताओं को सभास्थल नहर कॉलोनी गेट से पुलिस प्रशासन ने अंदर नहीं जाने दिया। जिससे नाराज होकर कार्यकर्ताओं ने पटेल नगर चैराहे में ही अपना विरोध दर्ज कराया।

बताते चले कि विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य जनपद मे राष्ट्रीय बौद्ध चेतना संस्थान के कार्यक्रम मे आये थे। महासभा के प्रदेश महामंत्री मनोज त्रिवेदी ने कहा कि पिछले दिनों कोतवाली पुलिस को स्वामी के खिलाफ एफआईआर लिखवाने के लिए तहरीर दिया गया था लेकिन आज तक मुकदमा नहीं लिखा गया। आखिर भारतीय जनता पार्टी स्वामी को क्यों बचा रही है? स्वामी को जेल में क्यों नहीं डालती? क्या दोनों मिले हुए हैं? आज भी पुलिस ने हम लोगों को सभा स्थल तक जाने नहीं दिया। जबकि स्वामी लगातार सनातन धर्म विरोधी बयान दे रहा है। जिससे समाज में जाति हिंसा विद्वेष तथा दंगा आदि फैलने की संभावना है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी गजेंद्र मौर्य, स्वामी राम आसरे आर्य, करण सिंह पटेल, शशिकांत मिश्रा, श्रवण कुमार, एसके गुप्ता, राधेश्याम साहू, देवेंद्र सिंह, डॉ. प्रमोद पांडेय, संतोष नेता, प्रकाश मिश्रा, अनिल शुक्ला उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक हनुमान मेले में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

जन एक्सप्रेस | राजापुर, चित्रकूट

गोस्वामी तुलसीदास जी की जन्मभूमि राजापुर के ऐतिहासिक हनुमान मंदिर में अगहन मेले के प्रथम मंगलवार को नर-नारियों का सुबह से दर्शनों के लिए ताँता लगा रहा। वहीं पुलिस की लगभग ढाई दर्जन सुरक्षाकर्मियों को चार जोनों में बांटा गया था। मन्दिर परिसर से लेकर मेला क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक हर संदिग्ध पर नजर बनाए रहे।

अगहन मेले के प्रथम मंगलवार को क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय के निर्देशन में मेले को चार जोनों में बाँटकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चैबंद करते हुए बताया कि प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्र व क्राइम इंस्पेक्टर प्रभुनाथ यादव अपने हमराहियों के साथ पूरे मेला क्षेत्र में चारों सेक्टरों का निरीक्षण व मेले में संदिग्ध लोगों से पूंछतांछ जानकारी लेते रहे और प्रथम सेक्टर गर्भगृह में उपनिरीक्षक रामकृष्ण वर्मा कांस्टेबल मनोज, महिला कांस्टेबल निशा, बिपिन कुमार, राहुल पुरी, दूसरे सेक्टर में देवीदीन बुन्देला, अतुल मिश्र, राजकुमार थाना सरधुवा तथा तीसरे सेक्टर पूरे मेला क्षेत्र में थाना राजापुर के उपनिरीक्षक कृष्णदेव मिश्र, कांस्टेबल रोहित कुशवाहा, विवेक मौर्य, राजमंगल तथा चौथे सेक्टर में उपनिरीक्षक मुकेश सिंह परिहार कांस्टेबल शुभम तिवारी, कांस्टेबल जितेंद्र कुशवाहा बिना वर्दी के मेला क्षेत्र में संदिग्धों पर नजर रखने के लिए मेला क्षेत्र में तैनात किया गया हैं। हनुमान मन्दिर के पुजारी सूर्यप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि संवत 1620 से लेकर संवत 1631 तक रामचरितमानस के रचयिता सन्त शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी ने अपने घर के पश्चिम दिशा में पड़ी एक शिला में चंदन से हनुमान प्रतिमा को बनाकर पूजा - अर्चना किया करते थे।

# दंगल में चला ढाक और मलाई घिस्सा दांव

**कई राज्यों के पहलवानों ने दंगल में दिखाये अपने-अपने दाँवपेंच, मौजूद रहे राज्यमंत्री**

जन एक्सप्रेस | बांदा



पैलानी तहसील अंतर्गत बड़ागांव स्थित तेलहन बाबा के स्थान पर विशाल दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड आदि प्रदेशों के पहलवानों ने कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। वहीं दंगल में पहुंचे जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद का माल्यार्पण सागर सेंठ ने किया। वहीं मंत्री ने खुशी पाल फतेहपुर उत्तर प्रदेश व मंजू हरियाणा का हांथ मिलवाकर कुश्ती प्रारम्भ कराई। वहीं खुशी पाल पहलवान ने ढाक दांव लगाकर मंजू हरियाणा को चारों खाने चित कर दिया। राहुल हरियाणा व विवेक पहलवान राजस्थान के बीच हुई कुश्ती में राहुल हरियाणा ने मलाई घिस्सा दांव लगाकर पांचवें मिनट में ही चारों खाने चित कर दिया। गंगाराम मड़ौलीकला व राजू कौशांबी के बीच कांटे की कुश्ती में गंगाराम ने पट दांव लगाकर चारों खाने चित कर दिया। रामदेव खरेई ने संजू बनारस को मुर्रा दांव लगाकर चित कर दिया। बाबा बजरंगबली अयोध्या ने टाइगर हरियाणा को चारों खाने चित कर दिया। श्रीराम लमेहटा फतेहपुर ने टाइगर हरियाणा को चारों खाने चित कर दिया। आधा दर्जन कुश्तियां बराबर पर छूटी। इस दौरान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि जसपुरा महेश निषाद, दिलीप गुप्ता, शैलेंद्र सिंह, शिवबली निषाद, प्रधान बड़ागांव राजभान सिंह आदि मौजूद रहे। रेफरी बुंदेलखंड केशरी कल्लू पहलवान रहे तथा उद्घोषक रामभवन मिश्र लमेहटा रहे।

## अपर एसपी ने ली परेड की सलामी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस लाइन में मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों की ड्रिल का निरीक्षण किया। इसके बाद अपर एसपी ने पुलिस लाइन का भ्रमण कर निरीक्षण किया। साथ ही प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन शिवनारायण को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने कर्मचारीगणों का अर्दली रुम किया।

## मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने किया निर्माणाधीन फायर स्टेशन निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी बांदा मुकेश कुमार व क्षेत्राधिकारी लाइन, कार्यालय राज कमल ने निर्माणाधीन फायर स्टेशन राजापुर व मानिकपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माणाधीन आवासीय बिलडिंग में बिजली, पानी एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर कार्यदायी संस्था के ठोकेदार को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा, एफएसओ सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# टीचर ने कर दी छात्र की पिटाई, पीड़ित ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस | बांदा

भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी जूनियर स्कूल की प्रिंसिपल ने शिक्षा की जगह मासूम बच्चे को मारपीट कर प्रताड़ना दे डाला जिससे आहत मासूम छात्र अपनी मां के साथ स्कूल की जगह जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गया। स्कूली छात्र ने अपना दुखड़ा डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को सुनाते हुए निर्दयी प्रिंसिपल के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग किया।

स्कूली छात्र और उसकी मां का आरोप है कि सरकारी स्कूल में टीचर दाल में आटा मिलवाती हैं जिसको लेकर हमने उनसे कहा कि बच्चे बीमार हो जाएंगे तो उन्होंने हमारे बच्चे को कमरे में ले जाकर गला दबा दिया। सिर में मारा इतना ही नही उन्होंने हमारे बच्चे का पेपर छीन लिया जिस कारण टीचर परेशान किये हुए हैं पीड़ित परिवार ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। बबेरू ब्लॉक के सरकारी जूनियर स्कूल पल्हरी के पीड़ित छात्र की मां गोल्डन ने बताया कि स्कूल के तीन टीचर जिसमे 2 बाहर खड़े हुए थे, लेकिन प्रिंसिपल कमरे के अंदर ले गये।

जिन्होंने बच्चे का गला दबाया है, साथ ही मारपीट की है। पूर्व में हमने उनकी शिकायत की थी कि यह मिड-डे मील के खाना दाल में आटा मिलवाती है, जिससे नाराज होकर इन्होंने हमारे बच्चे का पेपर भी खिंचवा लिया था, यानी क्लास रूम में पेपर नहीं देने दिया था।बच्चे की मां का आरोप है कि मना करने के बावजूद वो बच्चे को प्रताड़ित करना बंद नही कर रही हैं, वो हमसे चिढ़ गयी हैं. कहती हैं तुमको जहां शिकायत करना हो करो कोई कुछ नही कर पायेगा. पीड़ित परिवार ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से स्कूल के टीचरों पर कार्रवाही की मांग की है। फिलहाल जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के अफसरों को तत्काल जांच करने के आदेश दिए हैं। वहीं इस मामले में प्रभारी बीएसए किशन कुमार ने बताया कि 'मामला संज्ञान में आया है कि अध्यापक ने बच्चे के साथ मारपीट की है, खंड शिक्षा अधिकारी बबेरू से मामले की जांच कराई जा रही है, स्थलीय जांच करने पर कन्फर्म पता चलेगा कि मामला सही है या फर्जी, जांच रिपोर्ट आने के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## युवक ने साडी से फांसी लगा दी जान

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** नशे में घर पहुंचने के बाद हंगामा कर रहे पति को पत्नी ने रोका तो बच्चों समेत बाहर निकाल दिया। उसके बाद छत के कुंड़े से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा जान दे दी। काफी देर बाद पत्नी घर पहुंची तो फांसी पर लटका देखा। शोर सुन पड़ोसी पहुंच गए। पुलिस ने शव जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के दरदा छावनी निवासी शिवकुमार (37) पुत्र बद्दी निषाद सोमवार की रात नशे की हालत में घर पहुंचा और उत्पात मचाने लगा।

## अभियान चलाकर धार्मिक स्थलों से हटवाया गया अवैध लाउडस्पीकर

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** शासन के निर्देश पर जनपद मे धर्मिक स्थलो से तेज ध्वनि वाले अवैध लाउडस्पीकरों को हटाये जाने का विशेष अभियान चलाया गया। थाना पुलिस ने मंदिर, मस्जिद समेत अन्य स्थलों पर पहुंचकर लाउडस्पीकरों को हटवाने का काम किया। वही कुछ ध्वनि विस्तारक यन्त्रो की जॉच करके ध्वनि कम कराने का भी काम किया गया। शासन के निर्देशानुसार धार्मिक स्थलो की ओर थाना पुलिस दौड पडी और धार्मिक स्थलो पर लगे अवैध लाउड स्पीकर-ध्वनि विस्तारक यंत्रो को हटवा दिया। जब कि कुछ स्थानो मे लगे लाउड स्पीकरो की ध्वनि की जॉच किया और कम कराया। विशेष अभियान चलाकर ध्वनि विस्तसाक यन्त्रो के हटवाये जाने के संबंध में जनपद में प्रातः पांच बजे से सात बजे तक चलाये गये अभियान के क्रम में मानक के विपरीत पाये गये कुल 154 लाउडस्पीकर-ध्वनि विस्तारक यंत्रों में 78 लाउडस्पीकर-ध्वनि विस्तारक यंत्रों को संवाद स्थापित कर उतरवाया गया। 76 लाउडस्पीकर-ध्वनि विस्तारक यंत्रों की ध्वनि कम कराते हुए मानक अनुरुप करायी गयी।

# विकास खण्ड स्तरीय दो दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत पंचायती राज विभाग द्वारा चित्रकूट धाम मंडल के उपनिदेशक (पंचायत) परवेज आलम खां के नेतृत्व में जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर द्वारा विकास खण्ड स्तरीय दो दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ मंगलवार से विकास खंड मऊ एवं रामनगर में हुआ। यह कार्यक्रम 1 दिसम्बर तक जनपद के समस्त विकास खंड का बैच वार संचालित होगा। इसमे ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान एवं स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्य का संयुक्त प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे मुख्यतः ग्राम पंचायत विकास योजना एवं समूह के गरीबी उन्मूलन कार्ययोजना को सम्मलित कराए जाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। डी पी आर सी चित्रकूट के वरिष्ठ फैकल्टी ने सतत विकास लक्ष्यों को बताते हुए प्रथम थीम गरीबी न्यूनीकरण एवं नौवा थीम महिला हितैषी ग्राम पंचायत को विस्तार पूर्वक बताया गया। इस मौके पर प्रशिक्षक रफीक, खंड विकास अधिकारी मऊ रामजी मिश्रा, राम नरेश, बुद्ध विलास, ममता आदि मौजूद रहे।

# धर्म संस्कार महोत्सव मे 10 युगलों ने एक-दूसरे को डाली वर माला

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर




धर्म संस्कार महोत्सव श्री विष्णु महायज्ञ एवं सर्वजातीय सामूहिक विवाह में दस युगलों ने वरमाला पहनाकर अपना जीवन साथी चुना और अग्नि के फेरे लिये। विभिन्न स्थानों से आये लोगों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद के साथ उपहार भी भेंट किया।

धर्म संस्कार महोत्सव श्री विष्णु महायज्ञ एवं सर्वजातीय सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें विनीता देवी संग सत्यम, ज्योति संग उत्तम, लक्ष्मी संग सोनू, उर्वशी संग दिलीप, सुषमा संग रमाकांत, पूजा संग संदीप, पूनम देवी संग सुनील कुमार, शिवानी संग राजेश कुमार, रीता संग नीलकांत व श्री कान्ती संग अनुज कुमार ने अग्नि के फेरे लिये। इन युगलों के वरमाला डालने पर बज रहे गीत सिया रघुवर कोमल कमल नयन को पहनाओ जयमाला ने लोगों को भाव विभोर कर दिया। महोत्सव के अंतिम दिन जन सैलाब उमड़ पड़ा। सात फेरे लेकर दस जोड़ों ने दांपत्य जीवन की शुरूआत किया। विवाह की पूरी प्रक्रिया आकर्षण का केंद्र रही। इधर आये हुए बारातियों ने बैण्ड बाजा व डीजे पर नाचे। एक बारात की भीड़ नही बल्कि 10 बारातो की भीड़ पर सजे हुए 10 दूल्हे व दुल्हन पर लोगों की निगाहें टिकी रहीं। उपहार स्वरूप सभी जोड़ों को बेड, अलमारी, रजाई गद्दा, तकिया, टंकी सहित सभी बर्तन, बिछिया, सिंगार का पूरा समान, शाल, साड़ी सहित अन्य कई सामान भेंट किये गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल के अलावा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, कानपुर-बुदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल, अखिलेश बाजपेयी, डॉ. वीके साहू, ने सभी बेटियों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की व्यवस्था में अक्कू पाण्डेय, रामदास सचान, सोमदत्त पाण्डेय, अमर किशोर, जितेन्द्र सोनी, राकेश यादव, प्रमोद सचान, राजनरायन सचान आदि लगे रहे।

# संविधान दिवस में दी गयी हक और अधिकारों की जानकारी

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



स्वयंसेवी संस्था द्वारा संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को हक और अधिकारों की जानकारी दी गयी।

सदर ब्लाक के बनकट नई दुनिया में आयोजित गोष्ठी में उम्मीद फाउंडेशन की ट्रस्टी संतोष देवी ने कहा कि संविधान के जरिए ही देश की कानून का पालन होता है। साथ ही लोगों को आजाद देश के आजाद नागरिक होने की भावना का अहसास होता है। संविधान से मिले मौलिक अधिकार और मौलिक कर्तव्यों की जानकारी समाज के प्रत्येक नागरिक को होनी चाहिए। हक, अधिकार और कानून की जानकारी रखने वाला ही शोषण के विरूद्ध संघर्ष कर सकता है। समाजसेविका सहरोज फातिमा, अनुराधा, प्रियंका, आर्यन, नेहा ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए लोगों को संविधान के महत्व की जानकारी दी। इस मौके पर लीगल एण्ड डिफेंसिल कांउसिल सिस्टम के चीफ गया प्रसाद, योगेन्द्र, अधिवक्ता रामकृष्ण, सभासद ओंकार सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नथिया देवी, सामाजिक कार्यकर्ता तीरथ प्रसाद, संगठन अध्यक्ष सोना देवी आदि मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के कारण दिनाँक 27 व 28 नवम्बर, 2023 को तेज हवाओं के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 27.2 (-1.1)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 9.8 (-2.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 95 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 47 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# कोर्ट में गूंजा तीन गवाहों ने खुद कहा था घटना के समय इरफान और रिजवान ने कहीं और रख दिया था मोबाइल

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर



सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी समेत गैंग के अन्य सदस्यों के विरुद्ध अग्निकांड मामले की सुनवाई अब निर्णायक दौर में पहुंच चुकी है, इस मामले की सुनवाई में सॉरी फॉर द इंटरप्शन का बोर्ड लगाने का काम खुद भूमाफिया रिजवान सोलंकी ने किया था जब सीआरपीसी की धारा 313 बयान मुलजिम हो जाने के बाद बचाव पक्ष के गवाह ने कोर्ट में यह स्पष्ट कर दिया कि घटना के समय रिजवान सोलंकी ने मोबाइल कहीं और रख दिया था और गवाह के ही मोबाइल से रिजवान द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी, इसके बाद ही रिजवान सोलंकी ने हाई कोर्ट में 482 के अंतर्गत याचिका दाखिल करके इरफान सोलंकी रिजवान समेत आधा दर्जन लोगों की कॉल डिटेल सुनवाई में शामिल करने के साथ-साथ वादी मुकदमा नजीर फातिमा के हस्ताक्षर की फोरेंसिक जांच करने के साथ कई अन्य बिंदुओं पर मांग की थी, इस याचिका पर विरोध करने के लिए हाईकोर्ट में नजीर फातिमा की ओर से विद्वान अधिवक्ता अनुज कुमार मिश्रा द्वारा अपना पक्ष मजबूती से जब सारा मामला न्यायमूर्ति के सामने रखा गया तो याचिका पर अंतिम फैसला सुनाते हुए सिर्फ रिजवान और इरफान की कॉल डिटेल पर सुनवाई करने के लिए ट्रायल कोर्ट को निर्देशित कर दिया गया।

### बचाव पक्ष और अभियोजन के बीच जमकर हुई बहस

बीते दिन सपा विधायक इरफान सोलंकी की आगजनी वाले मामले में कानपुर की एडीजे 11 एमपी एमएलए कोर्ट में सुनवाई होनी थी, जिसमें माननीय हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में इरफान सोलंकी और रिजवान सोलंकी के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हुई, बचाव पक्ष की ओर से विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता सईद नकवी ने बहस करते हुए कहा कि इरफान और रिजवान की कॉल डिटेल तथा लोकेशन रिपोर्ट न्यायालय द्वारा मंगाई जानी चाहिए। अभियोजन की तरफ से विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता भास्कर मिश्र द्वारा बचाव पक्ष के प्रार्थना पत्र का विरोध करते हुए कहा गया कि बचाव पक्ष के तीन गवाहों ने अभियोजन के पक्ष में यह बात कही है की इरफान और रिजवान घटना के समय अपने पास मोबाइल नहीं रखे थे। साथ ही डिफेंस विटनेस शुभम गुप्ता ने भी इस बात को कहा है कि रिजवान घटना के समय अपने पास मोबाइल नहीं रखे थे। इन आधारों के कारण अभियुक्त इरफान और रिजवान का प्रार्थना पत्र खारिज किए जाने योग्य है। विद्वान न्यायाधीश के द्वारा दोनों पक्षों को सुनने के बाद प्रार्थना पत्र पर आदेश के लिए 2 दिसंबर तिथि नियत की गई है।



# मीडिया इंस्टीट्यूट में कैंप लगाकर चार सौ युवाओं को बनाया मतदाता



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

भारतीय जनता युवा मोर्चा दक्षिण के कार्यकर्ताओं द्वारा वोटर चेतना अभियान के अंतर्गत मंगलवार को साकेत नगर मिडिया इंस्टीट्यूट में कैंप लगाकर चार सौ से अधिक युवाओं को मतदाता बनाया गया। इस मतदाता शिविर का उद्घाटन कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने युवाओं से फार्म 6 भरवाने के साथ ही छात्रों से अपने परिवार के 18 से 24 आयु वर्ग के अन्य भाई, बहनों को भी मतदाता बनवाने की अपील की। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने युवाओं से कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए शत प्रतिशत मतदान करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश दिन प्रतिदिन नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भारत जल्द ही विश्व की तीसरी महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाता बनाने में जुटा हुआ है। इस अवसर पर सीईओ जगन्नाथ गुप्ता, प्रधानाचार्या डॉ.अस्मिता दुबे आदि मौजूद रहे।

# लाउडस्पीकर उतारना है या ध्वनि मानक के अनुरूप करना है? स्पष्ट किया जाये : मौलाना अब्दुल्लाह क़ासमी

* प्रदेश भर से पुलिस द्वारा मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवाने की आ रही शिकायतों पर जमीयत उलेमा सक्रिय

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर




एक बार फिर मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतारने का अमल शुरू होने से लोगों में पैदा हुए संशय पर चिंता व पुलिस के रवैये से हो रही परेशानियों पर जमीयत उलेमा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह कासमी ने रजबी रोड स्थित जमीयत कार्यालय में स्थानीय पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जमीयत उलेमा के ज़िम्मेदारान खुद इस बात की अपील करते हैं लाउडस्पीकर आवश्यकतानुसार प्रयोग किया जाये और दूसरों की तक्लीफ का ध्यान रखा जाये, यही बात हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी कही है। कोर्ट ने ध्वनि विस्तार के लिय जो मानक तय किया है शहर व आसपास के तमाम ज़िलों की मस्जिदों में उस पर पहले से ही अमल होता चला आ रहा है। लेकिन उसके बावजूद शहर कानपुर समेत प्रदेश के कई ज़िलों से मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवाने की शिकायतें आई हैं। मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी ने सर्वोच्च न्यायालय की ओर से जारी निर्देशों की रोशनी में बात करते हुए कहा कि शासन और प्रशासन की तरफ से अवाम के लिये इस बात को पूर्ण रूप से स्पष्ट होना चाहिए कि वास्तविक गाईडलाइन क्या है? लाउडस्पीकर उतारना है या आवाज़ को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तय किये गये मानक के अनुसार करना है? इस दुविधा को दूर किया जाये ताकि जो मानक सुप्रीम कोर्ट ने तय किया है उसपर अमल हो सके और सभी लोग सन्तुष्ट हो सकें। आये दिन इस तरह की कार्यवाइयों से बचा जाये। इसकी वजह से लोगों में बेचैनी पैदा होती है। मौलाना ने कहा कि जहां तक आवाज़ का सवाल है तो कम लाउडस्पीकर में भी आवाज़ तेज हो सकती है और ज़्यादा लाउडस्पीकर में भी कम आवाज़ की जा सकती है। मौलाना कहा कि दो साल पूर्व कई स्थानों पर जहां पांच, छः से आठ तक लाउडस्पीकर लगे हुए थे, उस वक्त चार से अधिक लाउडस्पीकर ना लगाने की बात कही गई थी जिस पर अधिकांश स्थानों पर अमल किया गया। गत्वर्ष फिर अचानक आकर दो स्पीकर उतारने की शिकायतें आईं इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए पिछले दिनों अचानक रात के समय आकर सारे स्पीकर उतारने की बात कहना मुनासिब तरीक़ा नहीं है। पुलिस के रवैये पर बात करते हुए कहा कि जब हम खुद ही ध्वनि प्रदूषण के विरुद्ध हैं तो इस तरह से कार्यवाही ना की जाये की धार्मिक भेदभाव की भावना उत्पन्न हो बल्कि सबके साथ समान न्याय का मामला करते हुए कानून का पालन सुनिश्चित किया जाये। मौलाना ने मुसलमानों से भी अपील की कि वह मस्जिदों के लाउडस्पीकरों की प्रशासन से अनुमति लेने के लिये कानूनी कार्यवाही पूरी करें और अगर किसी जगह कोई परेशानी पेश आये तो जमीयत के जिम्मेदारों से सम्पर्क करें। मौलाना ने बताया कि हमने स्वयं और हमसे पहले हमारे पिता जी हज़रत मौलाना मुहम्मद मतीनुल हक़ उसामा क़ासमी रह0 पूर्व अध्यक्ष जमीयत उलेमा उत्तर प्रदेश ने ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ बड़े स्तर पर कार्य किया है और अवाम ने जमीयत उलेमा की अपील पर अमल किया है। अंत में मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह ने बताया कि लाउडस्पीकर उतरवाने के सम्बन्ध से प्राप्त शिकायतों को लेकर नगर जमीयत के सचिव क़ारी अब्दुल मुईद चौधरी, मौलाना अन्सार अहमद जामई और कार्यालय सचिव मुहम्मद साद के साथ पुलिस कमिश्नर से मुलाक़ात करके उनसे मस्जिदों के ज़िम्मेदारों को रात के समय परेशान ना करने, गाईडलाइन पर दिन के समय ही कार्यान्वयन सुनिश्चित कराने और लोगों से पुलिस कर्मियां द्वारा सभ्य व्यवहार करने की दरख्वास्त की है। पुलिस कमिश्नर ने कहा है कि हमारी तरफ से इस बात की सख्त हिदायत है, चार बचे आदेश जारी हो गया था। जो रात के समय सूरतेहाल पेश आई है वह निचले स्तर के अधिकारियों का अमल था, उन्होंने ऐसे अधिकारियों से जवाब तलब करने का विश्वास दिलाते हुए अन्य हिदायतें जारी करने की बात कहीं हैं।

# गुरू नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर विशेष....



* नगर कीर्तन में बच्चों ने की सुंदर सेवा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



सतगुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर गुरु सिंह सभा द्वारा विशाल नगर कीर्तन निकाला गया जिसमें नौजवान सिख गतका खेल रहे थे 25 कीर्तन जत्थे अपनी मंडली के साथ शब्द कीर्तन कर माहौल को भक्ति मय बनाए हुए थे गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी के आगे पांच प्यारे अपनी पारम्पिक पोशाक पहने थे पंच प्यारो केआगे आगे श्री ठाकुर दलीप सिंह जी की प्रेरणा से स्लम बस्तियों में संचालित निशुल्क शिक्षा, सिलाई, ब्यूटीशियन केन्द्र की मुख्य अधियापिका रजविंदर कौर,सेवादार मनमोहन सिंह नामधारी अपने पूरे स्टाफ व छोटे छोटे बच्चों सहित बहुत सुंदर दिल को छूने वाली सच्ची सेवा सभी संगत की जूठन उठाना, सड़क की सफाई कर रहे थे याद रहे पर उपकारी सेवा समिति बच्चों को निशुल्क शिक्षा के साथ साथ भारतीय संस्कार ,सेवा भाव भी बच्चों को देती है आज नगर कीर्तन पर बच्चों ने सेवा, सफाई का जो दृश्य हकीकत किया सभी देखने वाले धनं धनं सतगुरु नानक देव कहने को मजबूर हो गए।

# युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

आज के आधुनिक और सभ्य समाजा में जब विज्ञान कहां से कहां पहुंच गया है आज भी लोग अंधविश्वास पर आसानी से यकीन कर लेते हैं। एक ऐसा ही मामला सामने जिसमें एक युवती ने अपने ही घर के एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतका के भाई ने इसके मानसिक बिमारी और भूत-प्रेम का मामला बताया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना चौबेपर क्षेत्र के गढ़ेवा गांव निवासी आरिफ मोहम्मद की 22 वर्षीय बहन रवैया ने अपने ही घर के कमरे में पंखे में दुपटटे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह का समय था, जब रवैया की काफी देर तक आवाज नही आई तो भाई आरिफ उसके कमरे में पहुंचा, जहां उसने अपनी बहन रवैया को फांसी के फंदे से झूलता पाया कुछ ही देर में परिजन भी वहां आ पहुंचे और देखते ही चीख-पुकार मच गयी, शोर सुन आप-पडोस के लोग भी एकत्र हो गये, रवैया के शव को परिजनों द्वारा फंसे से नीचे उतारा गया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कस्टिडी में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की है। वहीं मृतका के भाई आरिफ का कहन था कि उसकी बहन की मानसिक हालत ठीक नही रहती थी।

# महिलाओं को घर भीतर घुस कर मारपीट करने वालों पर कब होगा एक्शन



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

पालतू कुत्ते को लेकर यशोदा नगर, गंगापुर केडीए कोलोनी निवासी स्वाति गुप्ता(नेहा) पति आशीष गुप्ता के घर मे घुसकर बीते दिनों पड़ोस के शिवस्वरूप शुक्ला, आनंद शुक्ला, कार्तिक शुक्ला एवं शिशु तिवारी पर मारपीट कर गंदी-गंदी गालियां देने का आरोप लगा है,पीड़ित महिला स्वाति गुप्ता(नेहा) ने बताया कि मोहल्ले में एक कुत्ता था जिसकी हालात ठीक नही थी वह दयनीय स्थिति में बीमार व घायल था। उन्होंने उस कुत्ते को इंसानियत के नाते इलाज कराया और उसे खाना खिलाया जिसके बाद से उसकी हालत में सुधार होने लगा। भोजन और प्यार मिलने के कारण वह रोज उनके घर पर आने लगा उसे रोज भोजन मिलने लगा जिसकी वजह से वह उनके घर से नही जाता था वह वहीं उनके परिवार के साथ रहने लगा। उन्होंने उसका नगर निगम में पंजीकरण, इलाज और टीकाकरण भी कराया है। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पहले नेहा गुप्ता ने मंगला विहार में एक नया मकान खरीदा और कुत्ते को भी अपने साथ ले गये। वहां पड़ोस के कुछ लोग उनके नये वाले घर पर पहुंच गये आए वहां से वह उस कुत्ते को जबरन उठा ले गये। विरोध करने और गाली गलौज की और वहां से भाग गये। कुत्ते को ले जाकर वह उसे मारने पीटने लगे। नेहा और उनके पति जब अपने पुराने मकान पर अपना बचा हुआ समान लेने को पहुंचे वह उस कुत्ते को मार रहे थे जिसका विरोध उन्होंने किया तो वहां मौजूद शिवस्वरूप शुक्ला, आनंद शुक्ला, कार्तिक शुक्ला, शिशु तिवारी ने घर मे घुसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी और भद्दी-भद्दी गालियां दीं। उस कुत्ते को जहर देने और उनको देख लेने की बात कही है। मोहल्ले के कुछ लोगों ने बीच बचाव कराकर मामले शांत कराया। पीड़ित महिला स्वाति गुप्ता(नेहा) ने थाना पक्षिम पारा और चौकी न्यू आजाद नगर में तहरीर दी। उनका कहना है कि कई दिनों बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा अभी तक दबंगों के खिलाफ अब तक कोई कार्यवाही नही की गई है।

# एनएचएआई 34 टोल प्लाजा पर जनता से दबंगई के बल पर हो रही वसूली



* कब एनएचआई/पुलिस लेगी एक्शन
* दर्जनों घटना होने के बाद शासन प्रशासन इन गुंडों के सामने क्यों है नतमस्तक?

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र मे एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री गुंडा मवालियो को खदेड़ने में लगे तो दूसरी तरफ दरिया निवादा टोल प्लाजा पर गुंडा मवाली अपना कब्जा जमाए हुए है, इनके डर के कारण टोल पर अवैध तरीकों से फास्ट टैग वसूली से टोल प्लाजा कर्मियों को विवाद की समस्या से जूझना पड़ता हैं। एनएचएआई नियमनुसार कार्यदाई संस्था अपना कार्य करने में जुटी है लेकिन स्थानीय गुंडे मवाली टोल प्लाजा पर अपना कब्जा जमाकर बैठने से पैसे की वसूली करने में जुटे है वाहन पाशिंग को लेकर दो गुटों में विवाद की समस्या खड़ी है लेकिन पुलिस तक लिखित शिकायत न पहुंचने के कारण पुलिस भी अपना कर्तव्य निभाने से पीछे हट रही है।

### फास्ट टैग में सबसे ज्यादा धन का बंदरबाट

टोल प्लाजा के 500 मीटर हद के बाद फ़ास्ट टैग लगाए जाते है किंतु स्थान गुंडा मवालियो की वजह से फास्ट टैग 150 मीटर से लेकर 200 मीटर की दूरी पर लगा बैठे है जिसके कारण टोल बूथों पर से गुजरने वाले वाहनों की कभी कभी लंबी कतार लग जाती है एनएचआई नियम के अनुसार अब टोल की कार्यदाई संस्था नियम अनुसार अपना काम करने में जुटी है । सफेदपोस व गुंडे खुलेआम शासन प्रशासन की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे है दबंगई के बल पर रोजाना एक

### टोल प्लाजा के 1 से 2 किलोमीटर के रेंज में दबंगों का बोल बाला

टोल प्लाजा के ईर्द गिर्द 1 से 2 किलोमीटर की दूरी पर दो गुटों के युवक लाठी डंडों से लैस रहते है टोल पर किसी कर्मचारी या अन्य वाहन चालक व्यक्ति से विवाद होने पर यह लोग एक मुस्त होकर विपक्षी पार्टी पर हावी हो जाते है जिससे डर के कारण भयभीत हो जाता है स्थानीय लोगो के अनुसार अगर टोल प्लाजा पर इसी तरह का माहौल बना रहा तो एक दिन टोल प्लाजा पर वर्चस्व की जंग होकर रहेगी जिसका खामियाजा टोल के कर्मचारी या फिर आम जनता को भुगतना पड़ेगा। बारात के वाहनों को यह लोग 1 किलोमीटर पहले ही रोक लेते हैं अगर 20 वाहन साथ में जा रहे हैं तो रू50 प्रति वाहन के हिसाब से लेकर अपनी कार आगे लगाकर चलते है टोल पर पहुंच कर टोल से सभी गाडि़यां आसानी से पास करा देते है। आखिरकार कर्मचारियों का इतना डर क्यों है कि यह गाड़ियां बिना टोल दिए ही प्रतिदिन सैकडों बराती वाहन पास हो जाते हैं

### सैकड़ा से अधिक वाहन बिना पैसे दिए पास किए जा रहे

स्थानीय गुंडा प्रवति के लोगो के बलबूते रोजाना एक सैकड़ा से अधिक वाहन टोल प्लाजा पर से बिना रकम दिए पास हो रहे है जिससे केंद्र सरकार को भारी नुकसान होता दिख रहा है दिन हो या रात दोनो समय दबंगों की दबंगई नजर आती है दिन भर में दो गुटो के लोग आपस में वर्चस्व कायम रखने के लिए लाठी डंडे लेकर टोल नाका पर तैनात रहते है जिसके कारण अन्य राज्यों से आने जाने वाले वाहन चालकों और परिवारों को टोल प्लाजा के एक किलोमीटर दूरी तक कार या ट्रक लूटने का डर सताया करता है इसी कारण कर चालक परिवारों के साथ रहकर कार से नीचे उतरने से घबराते है

# पुलिस कर्मियों को फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

लाला लाजपत राय चिकित्सालय के आकस्मिक विभाग में यातायात निरीक्षक लाइन कमिश्नरेट के पत्र के क्रम में तीन दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन 14 पुलिस कर्मियों को फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण उन्हें प्रधानाचार्य एवं उप प्रधानाचार्य के निर्देश क्रम में प्रमुख अधीक्षक डॉ.आर.के.सिंह की देखरेख में सर्जरी विभाग के प्रो.गोविंद त्रिवेदी एवं निसचेतना विभाग की डॉ.स्वाति सिंह द्वारा दिया गया। जिसमें उन्हें बेसिक लाइफ सपोर्ट सीपीआर पेशेंट ट्रांसपोर्टेशन एवं अन्य जीवन रक्षक विषयों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ.विनय कुमार, डॉ.अनुराग राजौरिया,डॉ.आर.एस. सिंह आदि मौजूद रहे।

### रेल प्रशासन दिसम्बर माह में बढ़ाएगा 10 ट्रेनों के फेरे

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। रेलवे प्रशान द्वारा रेल से यात्रा करने वाले यात्रियों के यात्रा के लिए कोई कठिनाई न हो इसके लिए दिसम्बर माह में 10 ट्रेनों के आवा-गमन को बढ़ा दिया है। वहीं झींझक में देहरादून एक्सप्रेस का ठहाराव भी किया होगा। रेलवे प्रशासन द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार दिसम्बर माह में यात्रियों को सुविधा देने के लिए 10 ट्रेनों का आवागमन बढा दिया गया है आगामी दो दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक अतिरिक्त फेरा लगायेंगी। मध्य दो मिनट का ठहराव लेगी।

# कल्याणपुर के बाबा मेडिकल एवं सर्जिकल स्टोर पर धड़ल्ले से बेची जा रही थी दवाईयां, ड्रग इंस्पेक्टर को कानों कान खबर नहीं

* ड्रग इंस्पेक्टर के छत्रछाया के नीचे धड़ल्ले से दवाईयां का व्यापार

जन एक्सप्रेस | सनी राव मोघे




कल्याणपुर क्षेत्र जिस प्रकार अस्पतालों की भरमार है इस प्रकार मेडिकल स्टोरों की भी बढ़ सी आ गई है। यह मेडिकल स्टोर सरकार द्वारा जारी नियमों को ताक पर रखकर चलाए जा रहे हैं। इनमें से कुछ मेडिकल स्टोर तो ऐसे हैं जिनके पास ना तो होलसेल का लाइसेंस है और ना ही रिटेल का लेकिन फिर भी ड्रग इंस्पेक्टर के छत्रछाया के नीचे धड़ल्ले से दवाईयां का व्यापार कर रहे हैं। ऐसा ही मेडिकल स्टोर कल्याणपुर के मेडिकल स्टोर के मंडी में बाबा मेडिकल एंड सर्जिकल स्टोर है जहां पर सरकार द्वारा जारी नियमों को ताक पर रखकर दवाइयां का व्यापार खूब फल फूल रहा है। इस मेडिकल स्टोर के संचालक ड्रग इंस्पेक्टर की छत्रछाया का लाभ उठाकर डी दवाइयां का व्यापार भी बड़े पैमाने पर कर रहा है। इतना ही नहीं इस मेडिकल स्टोर पर सरकार द्वारा प्रतिबंधित दवाइयां को भी बेचा जा रहा है। मेडिकल स्टोर के लाइसेंस के बारे में जब जिला ड्रग इंस्पेक्टर से पूछा गया तो उन्होंने रिपोर्टर को गोल-गोल जवाब दिया। ड्रग इंस्पेक्टर का कहना है कि अभी तक उन्होंने मेडिकल स्टोर पर एक बार भी गुणवत्ता चेक नहीं किया है। और ना ही उन्हें इस बात की जानकारी है की मेडिकल स्टोर संचालक के पास होलसेल का लाइसेंस है या रिटेल का लाइसेंस है।..... *शेष अगली खबर में*

### 25वां दीक्षांत समारोह अपरिहार्य कारणों से स्थगित

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 1 दिसंबर 2023 को प्रस्तावित 25 वां दीक्षांत समारोह अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के राज्यपाल सचिवालय से प्राप्त सूचना के आधार पर विश्वविद्यालय का 25 वें दीक्षांत समारोह को अगले आदेशों तक स्थगित किया गया है। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह की नई तिथि शीघ्र ही घोषित की जाएगी।



# एटीएम मशीन में छेड़छाड़ कर पैसों का फ्रॉड करने वाला गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर



साइबर सेल व कूरेभार पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन में एटीएम/बीएनए मशीनों के साफ्टवेयर में छेड़छाड़ करके भारी मात्रा में पैसों का फ्रॉड करने के मामले में फरार एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी हरदोई जिले का रहने वाला है। उसके पास से एक लाख रुपए बरामद हुए हैं। सितंबर माह में उसके दो साथियों को 6,50000 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया था। कंपनी के सहायक मैनेजर सचिन त्रिपाठी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

साइबर सेल प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने बताया कि आज पकड़े गए आरोपी की पहचान अनूप कुमार यादव पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी सराय मारुकपुर थाना सण्डीला जिले हरदोई के रूप में हुई है। उसको संयुक्त टीम ने मुजेश तिराहे से 300 मीटर आगे पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक लाख रुपये बरामद हुआ। करीब दो माह पूर्व 16 सितंबर को इसी मामले में कूरेभार थाना क्षेत्र के मुजेश चैराहे के पास से जयशंकर तिवारी उर्फ सुमन्त तिवारी पुत्र ओमप्रकाश तिवारी निवासी फत्तेपुर थाना धनपतगंज व संजीव सिंह पुत्र राजेंद्र प्रसाद सिंह निवासी भौंसा थाना कूरेभार को गिरफ्तार किया था।

जयशंकर ने पुलिस को बताया था कि हमने सिक्योर इंडिया वैल्यू कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी को धमकाने के लिए पिस्टल खरीदी थी। हम एटीएम व बीएनए मशीन के साफ्टवेयर में छेड़छाड़ कर काफी रकम पार कर चुके हैं। जिसकी भनक कंपनी के अधिकारियों को लग गई और वे हमसे वसूली करना चाहते थे।

इस काम में हमारे साथ संजीव सिंह पुत्र राजेंद्र प्रसाद सिंह निवासी भौंसा थाना कूरेभार,आशीष पाण्डेय पुत्र सुभाष पाण्डेय निवासी ढखवा कोतवाली नगर सुल्तानपुर, अनूप कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार सराय मारूकपुर संडीला हरदोई और रोहित सिंह पुत्र राज बहादुर सिंह निवासी कंचन नगर उन्नाव शामिल हैं।

पुलिस ने जहां जयशंकर के पास से साढ़े पांच लाख तो संजीव के पास से एक लाख रुपए बरामद किया था। इसके अलावा एक पिस्टल, एक पल्सर बाइक व एक मोबाइल आरोपियों के पास से बरामद किया था।

# बारह ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

जन एक्सप्रेस । अमेठी



विकसित भारत संकल्प यात्रा के सातवें दिन मंगलवार को जिले की बारह ग्राम पंचायतों अगहर, दरखा, दसईपुर, लहना, जेठौना सरायहृदयशाह, चिनगाही, कमई, उत्तरगांव, दौलतपुर निसूरा, भटमऊ व फुन्दनपुर में विभिन्न जन कल्याणकारी कार्यक्रम संपन्न हुए।

इस अवसर पर विभागों द्वारा सम्बन्धित योजनाओं के स्टॉलों को लगाया गया एवं इन स्टॉलों पर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों का नामांकन किया गया।विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के दौरान डे नोडल अधिकारियों द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं जनसामान्य को पंचप्रण की शपथ दिलाई।

मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत सरकार के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों द्वारा प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में अपनेअपने अनुभवों को बताया गया एवं इस अवसर पर एलईडी वीडियो वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री का रिकॉर्ड किया गया संदेश जनसामान्य को दिखाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों क्रमशः राजस्व विभाग द्वारा भूमि विवाद से सम्बन्धित राजस्व चौपाल, पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, खादी ग्रामोद्योग, जल जीवन मिशन, एनआरएलएम, बाल विकास, पेंशन, स्वास्थ्य विभाग सहित कई अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अद्यतन योजनाओं व जनहितकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए अब तक संचालित योजनाओं से वंचित जन सामान्य के आवेदन कराते हुए उन्हें सम्बन्धित योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया।

## एंबुलेंस का गैर सरकारी, निजी व्यावसायिक उपयोग करने पर जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सरकारी एंबुलेंस का गैर सरकारी, निजी व्यावसायिक उपयोग करने पर संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। घटना को संज्ञान में लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह ने नेशनल मोबाइल मेडिकल यूनिट की एंबुलेंस का गैर सरकारी उपयोग करने पर चालक विनय (निवासी पूरे क्षेत्र कोटिया ऊंचाहार रायबरेली) को निलंबित कर दिया है। यह आदेश केएचजी हेल्थ सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से से जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि 30 नवंबर 2023 शाम 6:00 बजे तक संतोषजनक स्पष्टीकरण ना मिलने पर वैधानिक कार्यवाही एवं सेवा समाप्ति भी की जा सकती है।

# घर का दरवाजा तोड़कर उड़ाये लाखों के जेवरात व नगदी

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

ठंड ने दस्तक दे दिया है। रात में घना कोहरा और सुबह से बादल है। इसका लाभ चोरों ने उठा लिया है। शहर के ओमनगर में चोरों ने एक मकान का दरवाजा तोड़कर लाखों का जेवरात व नगदी उड़ा दिया। वही कूरेभार में शिव मंदिर को निशाना बनाते हुए चोर यहां से पूजन सामग्री के पीतल के बर्तन उठा ले गए हैं। दोनों ही मामले में पुलिस जांच कर रही है। कोतवाली नगर के ओमनगर में बीती रात राम नरेश का परिवार रहता है। वे परिवार के साथ शादी समारोह में चले गए थे। चोरों ने इसका फायदा उठाया, सामने के गेट का दरवाजा तोड़कर बेखौफ होकर चोर घर में घुस गए। चोरों ने कमरे के अंदर जाकर बेड व आलमारी से लाखो का जेवरात और हजारों रुपए की नगदी पर हाथ साफ किया। पीड़ित राम नरेश ने कोतवाली नगर समेत डायल 112 को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए कार्रवाई शुरु कर दी है। उधर मुख्यालय से बीस किमी दूर कूरेभार थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित रेलवे स्टेशन के पास शिव मंदिर है। रात में ही चोरों ने यहां मंदिर को निशाना बनाया। मंदिर के गेट का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे और यहां लगा पीतल का घंटा, आरती करने वाला पीतल का बर्तन आदि सामान उठा ले गए। मंदिर के देखभाल करने वाले कौशलेंद्र नाथ पाण्डेय सुबह जब मंदिर पर पहुंचे थे वो वहां की हालत देख वे हतप्रभ रह गए। उन्होंने लिखित शिकायत पुलिस में की है।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

जन एक्सप्रेस । अमेठी



सत्ताइस अक्टूबर से चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक किया।

बैठक में उन्होंने अभियान के दौरान अब तक बूथवार प्राप्त फॉर्मों की जानकारी ली।एवं संबंधित अधिकारियों को बीएलओ के माध्यम से अधिक से अधिक फार्म भरवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे सभी युवाओं का फार्म भरवाया जाए। इसके लिए ग्राम पंचायत के साथ-साथ विद्यालयों में भी अभियान चलाकर फॉर्म भरवाने की कार्यवाही की जाए साथ ही जो मृतक या शिफ्टेड हैं,उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि भी एसडीएम तहसीलदार व बीडीओ स्वयं गांवों का भ्रमण करें। और बूथों पर जाकर पुनरीक्षण कार्य की स्थिति को देंखे।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व नपा अध्यक्ष के कांप्लेक्स पर मंडराया खतरा, कोर्ट से आई कमीशन टीम

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

सपा नेता व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सैयद रहमान उर्फ मानू पर अब घर में भी हक मारने का आरोप लगने लगा है। शहर स्थित खैराबाद मोहल्ले में उनके करोड़ों के ख्वाजा कांप्लेक्स पर उनके भाइयों ने अपना दावा ठोक दिया है। कोर्ट से कमीशन टीम पहुंचने पर उनके पुत्र द्वारा अभ्रदता का आरोप लगा है। वही सपा नेता ने समस्त आरोप को बेबुनियाद बताया है।

दरअस्ल ख्वाजा कांप्लेक्स यूं तो लंबे समय से विवादों को लेकर चर्चा में रहा है। सूत्रों के अनुसार पूर्व में शासन स्तर से इस पर कार्रवाई के निर्देश भी राजस्व अधिकारियों को हुए लेकिन मामला दबा दिया गया। लेकिन अब सै रहमान पर घर से ही हक मारने का आरोप लग रहा है। उनके भाई सै रिजवान ने आरोप लगाते हुए बताया कि ख्वाजा कांप्लेक्स में पांच हिस्सेदार हैं और चार बैनामे हुए हैं। सबका खारिज दाखिल और नक्शा पास है। लेकिन रहमान और आत्मजीत ये दोनों लोग सबका हक मारे हुए हैं। इसलिए यहां कमीशन होना था ना वो हैं ना उनके वकील हैं इसलिए कमीशन नहीं हो सका। उन्हें लिखित सूचना दी गई थी। वही कमीशन के साथ आए अधिवक्ता जितेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि ख्वाजा कांप्लेक्स विवादित आराजी है। न्यायालय द्वारा उसका कमीशन करने का आदेश हुआ था। हम प्रतिवादी चार जीशान की ओर से पहुंचे तो सै रहमान के पुत्र फरहान ने न्यायालय के आदेश के बावजूद जबरन कमीशन नहीं होने दिया। वो गुंडई पर उतारू हुए और अपने आपको अधिवक्ता बता रहे थे। जबकि उनका कही रजिस्ट्रेशन नहीं है, और ना ही वो मुकदमे में वादी प्रतिवादी हैं। अब कमीशन बिना पुलिस बल के संभव नहीं है। वही इस मामले में पूर्व नपा अध्यक्ष सै रहमान ने फोन पर बातचीत करने पर बताया कि वे शहर से बाहर हैं। हमें पता चला है कि हमारे लड़के से धक्का मुक्की की गई। इस मामले में उसकी ओर से थाने में तहरीर दी गई है। जो आरोप हम पर लगाए जा रहे हैं वो सभी निराधार हैं।

# आबकारी छापेमारी में पकड़ी गई अस्सी लीटर अवैध शराब, तीन मुकदमे पंजीकृत

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जिलाधिकारी एवं उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में मंगलवार को नागेंद्र सिंह, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 गौरीगंज मय हमराह ग्राम लोरिकपुर एवं ग्राम भोला का पुरवा थाना जामो में दबिश देकर करीब 80 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर तीन मुकदमें पंजीकृत किये गये। साथ ही गांव के लोगों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले घातक दुष्प्रभावों से परिचय कराते हुये केवल लाइसेंसी दुकानों पर मिलने वाली वैध मदिरा के सेवन हेतु प्रेरित किया गया। किसी व्यक्ति या स्थल पर अवैध शराब के निर्माण संचय एवं बिक्री की सूचना टोल फ्री हेल्पलाइन अथवा आबकारी निरीक्षक के मोबाइल नंबर पर देने की अपील की गयी।

# 23 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक क्षयरोगी खोजने गांव-गांव पहुंचेगी टीम

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर



सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान के सफल संचालन के उद्देश्य से 23 नवंबर से 5 दिसम्बर 23 तक 10 दिनों तक चलने वाले घर घर टीबी खोज अभियान में शासन के निर्देश पर जनपद की 20 प्रतिशत जनसंख्या को चयनित कर कुल 43 सुपरवाइजर और 201 टीम के माध्यम से चयनित क्षेत्र में अभियान के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर घर जायेंगे और स्वास्थ्य सर्वे करेंगे सर्वे के दौरान किसी को लक्षण पाया जाता है। बलगम उनके घर से प्राप्त कर लाकर जांच कराकर रिपोर्ट घर पहुंचाएंगे बीमारी निकलने पर तुरंत इलाज शुरू किया जायेगा। आम जनमानस से अनुरोध है कि सर्वे टीम का सहयोग करें इसी क्रम में आज दिनांक 28 नवंबर 2023 को सुल्तानपुर में सरस्वती विद्या मंदिर विवेकानंदनगर शास्त्री नगर सुल्तानपुर में क्षात्राओं को जागरूक किया गया। प्रबंधक डा0 पवन सिंह द्वारा आह्वान किया गया कि जनपद के समस्त प्राइवेट चिकित्सक यदि टीबी का इलाज शुरू करते हैं तो उसकी सूचना जिला क्षयरोग अधिकारी या नजदीक के ब्लॉक के अस्पताल को अवश्य दें। हम सब को मिलकर सुल्तानपुर को जिताना है, टीबी को हराना है!! टीबी का इलाज ले रहे हर मरीज का भारत सरकार के द्वारा जारी पोर्टल निःक्षय पर फीड होना अनिवार्य है, टीबी के मरीज इलाज अधूरा कदापि न छोड़े, इलाज अधूरा छोड़ने से टीबी बिगड़ जाती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.ओमप्रकाश चैधरी निर्देश एवं जिला क्षयरोग डा0 आर0के0कन्नौजिया के नेतृत्व में देश से टीबी रोग का समूल नाश करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 का लक्ष्य निर्धारित किया है।

लक्ष्य का व्यापक असर भी दिखाई दे रहा है, स्वास्थ्य विभाग बीते वर्षो से लक्ष्य को साधने के लिए ग्राउंड़ जीरो पर ऊतर चुका है,विभाग जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, व्यापारियों व आमजन का सहयोग लेकर आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में अब जनपद के समस्त कालेज के प्राचार्य से सहयोग लिया जा रहा है, आज प्राचार्य बलवंत सिंह सरस्वती विद्या मंदिर विवेकानंद नगर सुल्तानपुर की अध्यक्षता में विद्यालय के बच्चों के साथ एक जागरूकता बैठक किया गया टीबी क्लिनिक के वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक सुरेश कुमार एवं काउंसलर सत्यनारायण सिंह, सीमा श्रीवास्तव द्वारा कैम्प किया गया।

सुरेश कुमार द्वारा बताया कि केंद्र व राज्य सरकार क्षयरोगियों के लिए अनेक योजनाओं के माध्यम से उनके लिए पक्का ईलाज तथा प्रतिमाह पांच सौ रूपये पौष्टिक आहार के लिए खाते में भेज रही है,तथा जनपद के संभरांत नागरिकों से आह्वान किया कि टीबी के रोगियों को गोद लेकर जनपद को टीबी मुक्त बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। प्रनीत श्रीवास्तव, लक्ष्मी सोनी, सपना पाठक आदि ,ने अपना योगदान दिया।

# वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का किया गया भव्य तरीके से किया गया उद्घाटन



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

मंगलवार को न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में वार्षिक क्रीड़ा-प्रतियोगिताओं का विधिवत भव्य तरीके से उद्घाटन हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने क्रीड़ा-ध्वज चढ़ाकर और मशाल प्रज्ज्वलित कर बच्चों के खेलों का शुभारम्भ किया। आज कबड्डी प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में राधाकृष्णन हाउस विनर तथा विवेकानन्द हाउस रनर रहा। कबड्डी में ही सीनियर वर्ग में राधाकृश्णन हाउस विनर और आजाद हाउस रनर रहा। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने बच्चों के प्रति अपने सम्बोधन में कहा कि पढ़ने के साथ-साथ खेलना भी आवश्यक है। खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है। जब शरीर स्वस्थ होता है, तो पढ़ने लिखने में भी मन लगता है। क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिश्क निवास करता है। हम खेलने वाले सभी बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और सफलता की कामना करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला कारागार में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बन्दी के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से सम्बन्धित मामलो के सम्बन्ध में उमाशंकर कहार अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज/सचिव ने जेल अधीक्षिका हर्षिता मिश्रा से जेल के अन्दर कैदियों की स्थिती व रखरखाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण उपरांत निरुद्ध महिला बंदियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया।

शिविर में बंदियों से बात कर उनकी परेशानियों, विधिक समस्याओं एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गयी। विधिक जागरुकता शिविर में कारापाल सत्यप्रकाश, उपकारापाल हिमाशुं रौतेला व पराविधिक स्वयं सेवक पम्मी देवी उपस्थित रही।

# अंकेश के सिर पर प्रहार कर कुएं में फेका गया था, पोस्टमार्टम में खुलासा

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

अंकेश की मौत सिर पर प्रहार करने से आई चोट के कारण हुई है। दो डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया तो ये तथ्य सामने आया है। पोस्टमार्टम के समय की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। सोमवार को युवक का शव जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत मसीरपुर गांव में कुएं के अंदर मिला था। इस बीच एक वीडियो सामने आया है, जिसमें मृतक की गर्भवती पत्नी प्रियंका व उसकी मां सुशीला आदि जयसिंहपुर कोतवाली गेट के सामने इंसाफ के लिए फूट-फूट कर रो रही हैं। वीडियो सोमवार का बताया जा रहा है। वही अंकेश की बहन ने मसीरपुर गांव के सुरेंद्र पर हत्या का आरोप लगाया है। उसने बताया कि खेत सींचवाने के लिए वो भाई को लेकर गया और मार डाला। रोते हुए वो हाथ जोड़कर कह रही है कि सुरेंद्र को फांसी करा दीजिए। सुरेंद्र मसीरपुर गांव का रहने वाला है। कल से वो और उसके परिवार का कोई सदस्य मृतक के घर नहीं आया है। जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत कस्बा निवासी अंकेश (21) पुत्र फुद्दीलाल 22 नवंबर को बाइक लेकर घर से निकला और लापता हो गया। वो घंटों बाद भी घर नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश की गई। लेकिन खोज में पता नहीं चला तो परिवारीजनों ने जयसिंहपुर कोतवाली में 24 नवंबर को गुमशुदगी दर्ज कराया। सोमवार दोपहर पड़ोस के गांव मसरीपुर में कुएं के अंदर युवक की डेड बॉडी और बाइक पाई गई थी। परिवारीजन मौके पर पहुंचे और हत्या की आशंका जताते हुए उन्होंने सुरेंद्र के नाम नामजद तहरीर दी। पुलिस हत्या मानने को तैयार नहीं थी तो परिवार वालों ने प्रदर्शन किया। अंत में जयसिंहपुर सीओ प्रशांत सिंह और एसडीएम जयसिंहपुर अरविंद कुमार मौके पर पहुंचे। परिवारीजनों को समझाया और उनकी मांगों को माना तब कही जाकर परिवार वाले माने और शव पोस्टमार्टम में भेजा गया। आज पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया।

भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंकेश के शव का अंतिम संस्कार किया गया है।

सीओ जयसिंहपुर प्रशांत सिंह ने बताया कि शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# अभियान में दर्जन भर वन माफियाओं को विभाग ने पकड़ा, दो लाख जुर्माना वसूला

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर



लगातार वृक्षों के अवैध रूप से कटान की खबरों को डीएफओ आरके त्रिपाठी द्वारा गंभीरता से लेते हुए विभागीय खबर्चियों को टोह लेने के लिए सक्रिय करते हुए प्रवर्तन दल/उड़नदस्ता की टीम गणित करते हुए अवैध रूप से वृक्षों की कटान में संलिप्त लोगों पर ठोस कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। टीम ने अपने सूत्रों के माध्यम से सप्ताह भर में दर्जन भर वन माफियाओं को मौके पर ही धर दबोचा। सूत्रों की माने तो वन माफियाओं ने कई प्रकार के दबाव भी बनाया।परंतु टीम ने एक ना मानते हुए अपने अधिकारी के निर्देश को मानते हुए पकडी गई लकड़ियां और वृक्षों को काटने के उपकरण के साथ ही वन माफियाओं को अपने साथ ले आई। डीएफओ आरके त्रिपाठी के निर्देश पर वन माफियाओं से मांफीनामा लिखवाने के साथ ही भारी जुर्माना वसूल किया गया। सूत्र बताते है कि प्रवर्तन दल/उड़नदस्ता की सप्ताह भर की ही कार्यवाही में लगभग दो लाख रू.का जुर्माना वन माफियाओं का काटा गया।

# पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा धार्मिक स्थलों पर मानक के अनुरूप ध्वनि विस्तारक यंत्रों की संख्या व ध्वनि की तीव्रता का कराया गया पालन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



माननीय उच्चत्तम न्यायालय एवं उत्तरप्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में दिनांक 27.11.2023 को पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन में जनपद रायबरेली के समस्त थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत विशेष अभियान चलाकर धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर, ध्वनि प्रसारित करनें वाले यंत्रो की आवाज मानक के अनुसार कम करने हेतु धर्म गुरुओं से अपील की गयी एवं धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थलों पर मानक से अधिक संख्या में लगे लाउडस्पीकर, ध्वनि प्रसारित करनें वाले यंत्रो को उतरवाया गया। जिसमें जनपद में कुल-508 लाउड स्पीकर को चेक किया गया, जो मानक के अनुसार चल रहे थे व 17 लाउड स्पीकर को उतरवाया गया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा कोतवाली शहर क्षेत्र के गौरा बाजार, घोसियाना, खिन्नीतल्ला, कहारों का अड्डा, किला बाजार में धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर, ध्वनि प्रसारित करनें वाले यंत्रो का निरीक्षण किया गया तथा धर्मगुरुओं से वार्ता करते हुए संबंधित अधिकारी, कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर पर्याप्त पुलिस बल के साथ मौजुद रहे।



# लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । बुधवार । 29 नवंबर 2023 | 05

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| लखनऊ | 27°C | 17°C |
| कानपुर | 28°C | 17°C |
| देहरादून | 23°C | 13°C |
| नई दिल्ली | 26°C | 16°C |

# 'संस्कृति उत्सव 2023' का आयोजन

## लोक कलाकारों को मिलेगा उचित मंच, 25 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक आयोजित होंगी संबंधित प्रतियोगिताएं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध बनाने और लोककला को देश समेत दुनियाभर में प्रसिद्धि दिलाने की दिशा में प्रयासरत उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने संस्कृति उत्सव 2023 के भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार कर ली है। उत्तर प्रदेश पर्वः हमारी संस्कृति-हमारी पहचान' थीमलाइन से आयोजित किए जा रहे इस उत्सव से संबंधित कार्यकर्मों का आयोजन 25 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक होगा। इस दौरान, गांव, ब्लॉक, तहसील, जिला, मंडल समेत राज्य स्तर पर लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित मंच मिलेगा। सीएम योगी की मंशा अनुरूप, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा इस उत्सव का आयोजन प्रदेश भर में कराया जाएगा जिसमें कई प्रतियोगिताएं शामिल होंगी। मुख्य रूप से शास्त्रीय, उप शास्त्रीय, लोक नाट्य व लोक संगीत जैसी सांस्कृतिक विधाओं को प्रश्रय प्रदान करने की भावना से इन कार्यक्रमों का आयोजन प्रदेश भर में किया जाएगा। इस आयोजन में ग्रामीण अंचलों में प्रचलित लोक संगीत को भी काफी प्रमुखता दी जाएगी तथा सभी स्तरों पर होने वाली प्रतियोगिताओं में विजेता कलाकारों को सम्मानित व पुरस्कृत किया जाएगा।

### प्रदेश के हर कोने में होंगे उत्सव से जुड़े आयोजन

संस्कृति उत्सव 2023 कितना भव्य होगा इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश के हर कोने में उस्तव से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस कड़ी में, 25 से 30 दिसंबर के बीच तहसील मुख्यालय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें गांवों, पंचायत, ब्लॉक व तहसील स्तर के कलाकार भाग लेंगे। इसके बाद, 1 से लेकर 5 जनवरी 2024 के बीच जिला मुख्यालयों पर होने वाली प्रतियोगिता में तहसील स्तर के चयनित कलाकार भाग लेंगे। मंडलीय मुख्यालस स्तर पर 10 से 15 जनवरी के बीच प्रतियोगिता का आयोजन होगा जिसमें जिला स्तर पर चयनित कलाकार प्रतिभाग करेंगे। इसके आगे तीन अन्य चरणों से गुजर कर प्रतियोगिता निर्णायक स्थिति में पहुंचेगी और इन तीनों ही चरण की प्रतियोगिताओं का आयोजन लखनऊ में होगा। मंडल स्तर के चयनित कलाकारों को अभ्यास व मुख्य आयोजन में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा और सम्मानित भी किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सार्वभौमिक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी जिसके लिए विभिन्न स्तर पर शासकीय-अर्ध शासकीय विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, स्वैच्छिक संस्थाओं, नेहरू युवा केंद्र तथा नेशनल कैडेट कोर समेत सामाजिक कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जाएगा। सूचना जनसंपर्क विभाग द्वारा भी संस्कृति उत्सव 2023 के प्रचार-प्रसार के लिए व्यापक कदम उठाए जाएंगे।

### ध्रुपद समेत कई शैलियों के प्रदर्शन के लिए होंगी प्रतियोगिताएं

आयोजन के अंतर्गत शास्त्रीय गायन में ख्याल, ध्रुपद, उपशास्त्रीय गायन में ठुमरी, दादरा, चैती, चैता, झूला, होरा, टप्पा, वादन में बांसुरी, शहनाई, हारमोनियम, सितार, वॉयलिन, गिटार, सारंगी, वीणा, तबला, पखावज, मृदंगम व घटम तथा जनजातीय व लोक वाद्यंत्र से जुड़ी प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं, नृत्य में कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, मोहिनीअट्टम व अन्य शास्त्रीय नृत्यों से जुड़ी प्रतियोगिताएं होंगी। इसी प्रकार, लोक नृत्य में धोबिया, अहिरवा, करमा, शैला, डोमकच, आखेट तथा लोक नाट्य में नौटंकी, रामलीला, रासलीला, स्वांग, भगत, बहुरूपिया, नुक्कड़ नाटक आदि की प्रतियोगिताएं होंगी। लोक गायन में कजरी, चैती, झूला, बिरहा, आल्हा, निर्गुण, लोकगीत, कव्वाली व सुगम संगीत के अंतर्गत गीत, गजल, भजन तथा देशभक्ति गीत जैसी केटेगरीज में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। एकल नृत्य व सामूहिक नृत्य के लिए रिकॉर्डेड संगीत मान्य होगा। प्रतियोगिताओं में विजयी कलाकारों को मेडल, प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

# यूजीसी द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय श्रेणी-1 संस्थान घोषित

**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश में एकमात्र श्रेणी-1 राज्य संस्थान घोषित किया गया है**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा उत्कृष्टता का ÷ए प्लस प्लस÷ ग्रेड पाने के बाद अब लखनऊ विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में श्रेणी-1 विश्वविद्यालय का एकमात्र राज्य संस्थान बन गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.) ने लखनऊ विश्वविद्यालय को यह ग्रेड देने का निर्णय लिया है, श्रेणी-1 में आने के बाद अब विश्वविद्यालय को कई लाभ मिलेंगे। यूजीसी के सचिव मनीष जोशी की ओर से कुलपति प्रोफ़ेसर (डॉ.) आलोक कुमार राय को इस संबंध में पत्र भेज दिया है। यूजीसी को देश में उच्च शिक्षा के मानकों को निर्धारित करने, बढ़ावा देने और बनाए रखने का अधिकार है, यूजीसी लगातार एक सक्षम वातावरण बनाने का प्रयास कर रहा है जिससे देश में उच्च शिक्षा संस्थान वैश्विक उत्कृष्टता के संस्थान बन सकें, उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और संस्थागत बनाने के लिए बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को स्वायत्तता प्रदान कर वैश्विक उत्कृष्टता हासिल करने की योजना है। श्रेणीबद्ध स्वायत्तता के अनुदान के लिए विश्वविद्यालयों का वर्गीकरण (केवल) विनियम, 2018 के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय से प्राप्त प्रस्ताव पर आयोग द्वारा 3 नवंबर 2023 को आयोजित 574वीं बैठक में जांच, प्रसंस्करण और विचार किया गया। जिस पर आयोग ने लखनऊ विश्वविद्यालय को ग्रेड देने का निर्णय लिया है।

### क्या हैं श्रेणी-1 की स्वायत्तता के लाभ?

श्रेणी-1 की स्वायत्तता के साथ, विश्वविद्यालयों का प्रशासकीय बिंदुओं पर अधिक प्रभाव हो सकता है, जिसके परिणामस्वरूप संसाधनों और कार्यकलापों की अधिक प्रभावी और कुशल भूमिका हो सकती है। ऐसे विश्वविद्यालयों का रिसोर्स एलोकेशन, बजट एलोकेशन और फंड मैनेजमेंट जैसे फिस्कल मुद्दों पर अधिक कंट्रोल हो सकता है, जिससे उनके फाइनेंस की स्थिरता और ग्रोथ में सुधार हो सकता है। श्रेणी-1 क्लॉस्फिकेशन वाले विश्वविद्यालय अपने रिसर्च और इनोवेशन सेंटर्स को बनाने और मजबूत करने में सक्षम हो सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप रिसर्च, भागीदारी और नॉलेज क्रिएशन की अधिक संभावनाएं होंगी। श्रेणी-1 स्वायत्तता वाले विश्वविद्यालयों को प्राय: अकादमिक मानकों को बनाए रखने और बढ़ाने की आवश्यकता होती है, जो अध्यापन, सीखने और रिसर्च के लिए स्तर बढ़ाता है। चारों ओर से रिसर्चर्स, फैकल्टी और छात्रों को आकर्षित करके, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इसकी स्वायत्तता की स्थिति से विश्व विद्यालय की छवि में सुधार किया जा सकता है। सीखने और रिसर्च के लिए एक लाइवली इकोसिस्टम बनाने के लिए,स्वायत्तता विश्वविद्यालयों को बिज़नेस, रिसर्च ग्रुप्स और अन्य संस्थानों के साथ अलायन्स और पार्टनरशिप बनाने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। स्वायत्तता के होने से विश्वविद्यालय छात्र-केंद्रित नीतियों को अपनाने में सक्षम हो सकते हैं, जिससे छात्रों को अधिक रोचक और अनुरूप शैक्षणिक अनुभव मिलेगा। विश्वविद्यालय अपने विशिष्ट लाभों और विशेषज्ञता के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, इंस्टीट्यूशनल डेवलपमेंट, इनोवेशन और विकास को बढ़ावा दे सकते हैं। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर अधिष्ठाता विधि संकाय प्रोफ़ेसर (डॉ.) बंशीधर सिंह, पूर्व अधिष्ठाता विधि संकाय प्रोफ़ेसर (डॉ.) सी.पी. सिंह एवं प्रोफ़ेसर (डॉ.) आरके सिंह, आईएमएस की ओएसडी प्रोफ़ेसर (डॉ.) विनीता कॉचर, एलयूएससीसी के निदेशक प्रोफ़ेसर (डॉ.) सतीश चन्द्र पाण्डेय, एडिशनल प्रॉक्टर द्वितीय परिसर प्रोफ़ेसर (डॉ.) मोहम्मद अहमद, डॉ. शंकर दयाल शर्मा इंस्टीट्यूट आफ डेमोक्रेसी के निदेशक डॉ. वरुण, एडिशनल डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. अभिषेक तिवारी, लीगल एड सेंटर के निदेशक डॉ. आलोक कुमार यादव, विधि छात्रावास की प्रोवोस्ट डॉ. अर्चना सिंह, स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी ने हर्ष व्यक्त किया।

# तिब्बती संसद के स्पीकर पहुंचे यूपी विधान सभा, कहा, तिब्बत अब अपने सांस्कृतिक संहार और पहचान के पूर्ण विनाश के खतरे का सामना कर रहा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम अखिलेश यादव से मंगलवार को विधान भवन परिसर में निर्वासित तिब्बती संसद के स्पीकर खेंपो सोनम तेनफल ने भेंटकर तिब्बत में मानवाधिकारों के उल्लंघन पर चिंता जताने तथा स्वतंत्र तिब्बत के लिए आवाज उठाने का आग्रह किया। अखिलेश यादव एवं यूपी विधानसभा के स्पीकर सतीश महाना, पूर्व स्पीकर माता प्रसाद पाण्डेय, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी एवं मनोज पाण्डेय की उपस्थिति में खेंपो ने अपना ज्ञापन देते हुए कहा कि तिब्बत अब अपने सांस्कृतिक संहार और पहचान के पूर्ण विनाश के खतरे का सामना कर रहा है। खेंपो ने अखिलेश यादव को दिए गए ज्ञापन में कहा कि 1949 में तिब्बत पर चीन द्वारा आक्रमण के बाद से तिब्बती लोगों के मूलभूत मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। तिब्बत के भीतर 60 लाख से अधिक तिब्बतियों के प्रति चीन के दमनात्मक रवैये के खिलाफ पिछले 74 वर्षों से शांतिपूर्ण प्रतिरोध जारी है और लोग बेबसी में चीनी औपनिवेशिक कब्जे को सहन कर रहे हैं। तिब्बत में मानवाधिकारों का उल्लंघन और अनुचित उत्पीड़न हो रहा है। चीन अपनी विस्तारवादी नीतियां चला रहा है। ज्ञापन में ऐतिहासिक तौर पर स्वतंत्र और प्रभुसत्ता सम्पन्न अतीत वाले तिब्बत को वर्तमान में अतिक्रमित राष्ट्र के रूप में मान्यता देने, चीन में मानवाधिकार उल्लंघन की घटनाओं की निगरानी करने और रिपोर्ट देने को स्वतंत्र मानवाधिकार संगठनों को जाने देने की अनुमति देने, सभी तिब्बती राजनैतिक कैदियों की रिहाई के अलावा चीन के दुष्प्रचार से निपटने के लिए राष्ट्रीय विधायी ढांचा स्थापित करने की भी मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि तिब्बत-चीन संघर्ष को हल करने के लिए बिना किसी पूर्व शर्त के परम पावन दलाई लामा के प्रतिनिधियों के साथ ठोस बातचीत में फिर से शामिल होने की व्यवस्था हो। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निर्वासित तिब्बती संसद के स्पीकर को आश्वासन दिया कि समाजवादी पार्टी तिब्बत के लोगों के मानवाधिकारों तथा तिब्बत की आजादी के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. राममनोहर लोहिया तथा नेताजी मुलायम सिंह यादव ने तिब्बत की आजादी के लिए आवाज उठाई थी। इनका स्पष्ट मत था कि भारत को पाकिस्तान के मुकाबले चीन से ज्यादा खतरा है।

### राजकीय आईटीआई में 30 नवम्बर को होगा रोजगार दिवस

**लखनऊ।** प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि 30 नवम्बर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 25 कम्पनियाँ प्रतिभाग करेंगी। एम.ए. खाँ ट्रेनिंग कार्उसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि कम्पनी में अभ्यर्थी की विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग योग्यता की आवश्यकता है। जिसमें आयुसीमा 18 से 40 वर्ष तथा वेतन रूपये 7000 से 35000 प्रतिमाह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दिया जायेगा। मेले में महिला व पुरूष दोनों अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। 3645 पदों पर चयन किया जायेगा।

# सीएम ने किया बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का उद्घाटन

## योगी बोलें, खेलों से ही बच्चे देश-दुनिया में नाम रोशन करेंगे, 18 देश के 250 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



शीतकालीन सत्र के बीच में प्रतियोगिता के उद्घाटन के लिए पहुंचे सीएम योगी ने बैडमिंटन खेलकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके समक्ष विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों की गतिविधियों ने एक नई तेजी पकड़ी है। स्वाभाविक रूप से देश के अंदर खेलों की गतिविधियां आगे बढ़ेंगी तो प्रदेश उससे खुद को कैसे अलग कर सकता है। एशियन गेम्स में ये चमत्कार हम सबने देखा है। देश की 16 प्रतिशत आबादी उत्तर प्रदेश में निवास करती है, लेकिन जब मेडल्स की बात आती है तो एशियन गेम्स में 25 प्रतिशत मेडल्स उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने जीते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड चैंपियनशिप की यह बैडमिंटन प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेगी। बल्कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए भी एक मंच प्रदान कर रही है।

### 2014 के बाद खेल गतिविधियों ने पकड़ी रफ्तार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत समेत उत्तर प्रदेश में खेल गतिविधियों में आई तेजी का जिक्र करते हुए कहा कि हम सब जानते हैं कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी की पहल पर नए भारत में खेलकूद की गतिविधियों ने एक नई गति पकड़ी है। खेलो इंडिया खेलो के अभियान को गति देने के बाद फिट इंडिया मूवमेंट हो, ग्रामीण स्तर पर सांसद खेलकूद प्रतियोगिताओं को आगे बढ़ाने का कार्यक्रम हो, पूरे देश के अंदर इसके परिणाम हम सबके सामने आए हैं। आज इसी का परिणाम है कि ओलंपिक में हमारे खिलाड़ी पहले की तुलना में कई गुना अधिक पदक प्राप्त करते हैं। अभी हाल ही में एशियन गेम्स में हमने भारत के खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखा है।

### खिलाड़ियों के भविष्य को संवारने के लिए सरकार देगी हर तरह का सहयोग

सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश में खिलाड़ियों को हर तरह के सहयोग के प्रति आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद की गतिविधियों के प्रति केंद्र और राज्य का जो सकारात्मक रुख है वो हमारे खिलाड़ियों के लिए एक नया प्लेटफॉर्म भी है और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए सरकार के द्वारा उन्हें हर संभव सहयोग देने के लिए भी उन्हें आश्वस्त करता हूं। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि उत्तर प्रदेश में बैडमिंटन का एक अच्छा केंद्र हो, जहां खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं को भी संपन्न किया जा सके। पूर्व केंद्रीय मंत्री अखिलेश दास जी ने इसकी शुरुआत की और 10 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ यह क्षेत्र उत्तर प्रदेश के अंदर बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए न केवल प्रशिक्षण का बल्कि किसी भी प्रकार के नेशनल और इंटरनेशनल चैंपियनशिप का एक नया केंद्र बिंदु बना है। इस अवसर पर डॉ. अखिलेश दास जी को भी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

# आर्यकुल कॉलेज में ओरिएंटेशन प्रोग्राम नवागम 2023 का आयोजन किया






जन एक्सप्रेस । लखनऊ

आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के शिक्षा विभाग ने बी.एड (बैचलर ऑफ एजुकेशन) और डी.एल.एड (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) छात्रों के लिए 11वें ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जो शिक्षा के क्षेत्र में उनकी शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है। इस दिन, उत्साह और प्रत्याशा हवा में भर जाती है क्योंकि महत्वाकांक्षी शिक्षक एक ऐसे रास्ते पर चलने के लिए इकट्ठा होते हैं जो उनके करियर को आकार देगा और आने वाली पीढ़ियों के जीवन को प्रभावित करेगा। कार्यक्रम की शुरुआत एजीसी के प्रबंध निदेशक, डॉ. सशक्त सिंह, उप शिक्षा निदेशक, डॉ. अंकिता अग्रवाल और शिक्षा प्रमुख, प्रणव पांडे, बी.फार्म प्रमुख, बी.के. सिंह और द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए, प्रबंध निदेशक, डॉ. सशक्त सिंह ने नवागंतुकों का हार्दिक स्वागत किया और कहा कि बी.एड और डी.एल.एड छात्रों के लिए, ओरिएंटेशन दिवस केवल शैक्षणिक जानकारी प्राप्त करने के बारे में नहीं है, बल्कि एक भावना को बढ़ावा देने के बारे में भी है। यह सभी छात्रों के साथ सौहार्द बनाने, विचारों का आदान-प्रदान करने और प्रभावी शिक्षक बनने के सामान्य लक्ष्य को साझा करने का समय है। फिर उन्होंने उन्हें पाठ्यक्रम की संरचना, विभाग की कार्यप्रणाली, लेखा कार्यालय, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब और कॉलेज छात्रावास के नियमों और विनियमों और स्वच्छता महत्व से परिचित कराया। यह एक जानकारीपूर्ण सत्र था जिसमें पाठ्यक्रम, शिक्षण पद्धतियों और व्यापक शैक्षिक परिदृश्य में अंतर्दृष्टि प्रदान की गई। उन्होंने छात्रों को कड़ी मेहनत और अनुशासित जीवन के लिए प्रेरित किया जो उनके सर्वश्रेष्ठ करियर के निर्माण में चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक है। शिक्षा संकाय, डॉ. गौरव मिश्रा ने बी.एड और डी.एल. के पाठ्यक्रम पैटर्न और विस्तृत जानकारी साझा की। विद्यार्थियों को एड. उन्होंने उनसे कहा कि अवलोकन और प्रतिबिंब बीएड शिक्षण कार्यक्रम के दो सबसे महत्वपूर्ण कारक हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण अवधि है और आप छात्र शिक्षक हैं। आपको नए व्यवहार सीखने और अपनाने की जरूरत है। शिक्षा एक उद्देश्यपूर्ण प्रक्रिया है। आपको सीखना चाहिए अपने विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, विचार शक्ति, अनुशासित जीवनशैली विकसित करना। विभागाध्यक्ष प्रणव पांडे, व्याख्याता - राजेश मौर्य, स्वाति रानी और विनीता दीक्षित ने पाठ्यक्रम और इसके विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। शिक्षा विभाग के प्रमुख प्रणव पांडे ने शिक्षा, फार्मेसी, प्रबंधन और पत्रकारिता संकाय के शिक्षकों और प्रशासनिक कर्मचारियों का नए छात्रों से परिचय कराया। सभी ने उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। एच आर एन. वर्मा, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. स्नेहा सिंह, डॉ. धीरज कुमार, डॉ. रेखा सिंह, दीप्ति सिंह, आकांक्षा सैनी और अन्य ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में ए.डब्लू.एस. क्लाउड क्लब एवं गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब का हुआ उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में प्री कन्वोकेशन इवेन्ट-2023 के अंतर्गत दिनांक 28 नवंबर 2023 को अमेज़ॅन वेब सर्विसेज (ए.डब्लू.एस.) क्लाउड क्लब तथा गूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब (जी.डी.एस.सी.) की ऑनबोर्डिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. ए. के. सिंह एवं संकाय के शिक्षकों तथा छात्रों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके उपरान्त संकायाध्यक्ष प्रो. ए. के. सिंह ने ए.डब्लू.एस. क्लाउड कैप्टन स्वप्निल राय एवं जी.डी.एस.सी. क्लब की लीडर प्रियांशी राय को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया, साथ ही छात्रों को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा की ए.डब्लू.एस. क्लाउड क्लब तथा जी.डी.एस.सी. क्लब अभियांत्रिकी संकाय को एक नए, ज्ञान और कौशल से भरे हुए अध्याय की ओर अग्रसर करेंगे, जो विश्वविद्यालय के वर्तमान तथा भविष्य के छात्रों को लाभान्वित करेगा। तत्पश्चात उन्होंने दोनो क्लबों की कम्युनिटी इंट्रोडक्शन वीडियो का उद्घाटन किया एवं कम्युनिटी गिटहब सैंडबॉक्स को लॉन्च किया, जिसके माध्यम से छात्र डेवलपर कम्युनिटी से जुड़कर ओपन सोर्स कम्युनिटी में अपना योगदान दे पाएंगे। क्लब के फैकल्टी एडवाइजर डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया की ए.डब्लू.एस. क्लाउड क्लब की सहायता से अब संकाय में छात्रों के लिए विभिन्न टेक्नोलॉजीस जैसे- क्लाउड कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग, वेब होस्टिंग, डाटा मैनेजमेंट नेटवर्किंग, बिग डाटा मैनेजमेंट, मोबाइल डेवलपमेंट पर कार्यशाला, संगोष्ठियों, क्लाउड कैंप, टेक टॉक्स का आयोजन किया जा सकेगा। जी.डी.एस.सी. क्लब के होने से छात्र गूगल डेवलपर टेक्नोलॉजीज़ जैसे फ्लटर, टेन्सॉरफ्लो, फायरबेस, एंड्राइड, गूगल क्लाउड, एंगुलर, पेजस्पीड के साथ ही कई नयी टेक्नोलॉजीज को सीख सकेंगे। इसके उपरान्त क्लब के मेंटर्स ने विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों के बारे में छात्रों को अवगत कराया, जिसमें हर्षित कटियार एवं सिद्दार्थ मिश्रा ने वेब डेवलपमेंट, अमन द्विवेदी ने एप डेवलपमेंट, अरविन्द श्रीवास्तव ने एआई/एमएल, आस्था सेठ ने यूआई/यूएक्स डिजाइनिंग, दिव्यांशु गुप्ता ने साइबर सिक्योरिटी एवं कार्तिकेय पांडेय ने नो कोड से छात्रों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में डॉ. अनुपम त्रिपाठी, डॉ. शिखा गौतम, इंजी. गौरव श्रीवास्तव, इंजी. प्रशांत सिंह, इंजी. जीशान अली, इंजी. चन्द्रभान सिंह के अलावा 250 से अधिक शिक्षकों एवम् छात्रों नें प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन एवं संचालन छात्र स्वपनिल राय, प्रियांशी राय, मृत्यंजय द्विवेदी, नित्या, प्रज्ञा, आयुष, विकास, मानवेंद्र

# बदलते राजनीतिक परिवेश में संविधान की प्रासंगिकता

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के लोकप्रशासन विभाग में राष्ट्रीय संविधान दिवस पर अपने संविधानकोजानो के नाम से एक क्विजप्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस क्विज प्रतियोगिता के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ ओपीबी शुक्ला ने कहा कि भारतीय संविधान सामाजिक-आर्थिक लोकतंत्र का प्रतिमान है। इस क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से संविधान से जुड़े महत्वपूर्ण घटनाओं एवं मुद्दों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इस प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों के अंदर संविधान के प्रति रुचि जगाने और साथ ही संविधान द्वारा प्रदत्तमूल अधिकारों के प्रति जागरूकता लाना था। प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतियोगियों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के संयोजनकर्ता डॉ ओ. पी. बी. शुक्ला थे। कार्यक्रम के सहसंयोजक डॉ विभूतिनारायण और डॉ प्रदीप कुमार सिंह थे। इस प्रतियोगिता के दौरान लोक प्रशासन विभाग के संकाय सदस्य डॉ प्रवीण कुमार, डॉ अनिल प्रकाश, डॉ अनिल कुमार एवं शोध छात्र प्रवीण, विन्द्रसेन, चंदन, पारूल, मंगल, रवि, दीपांशी, निधि तथा कार्यालयीय सदस्य शिवम, अमर और विभाग के समस्त छात्र-छात्राए उपस्थित थे।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# हलाल पर मुस्लिम तुष्टिकरण को दी जा रही धार

**हलाल मांस के लिए पशुवध की विशेष पीड़ादायक प्रक्रिया है किंतु प्रमाणन का धंधा करने वाले लोगों ने धीरे-धीरे सौंदर्य प्रसाधन सामग्री और दवाएं भी शामिल कर लीं जिनमें पशु रक्त, चर्बी, मांस, अल्कोहल आदि का उपयोग होता है। फिर लोगों को बेवकूफ बनाते हुए हलाल उत्पादों का दायरा शाकाहारी उत्पादों तक फैला दिया गया और दाल, चावल, आटा, मैदा, शहद, चायपत्ती, बिस्किट, मसाले, साबुन, टूथपेस्ट उत्पाद भी इसमें शामिल कर लिए गए। अब बस हवा, पानी को ही हलाल और हराम घोषित करना शेष रह गया।**

*उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन हिंदू समाज की आस्था की रक्षा करने के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए प्रदेश में हलाल प्रमाणित उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद से ही प्रदेश की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमें व एटीएस ने छापे शुरू कर दिए हैं। इससे अवैध रूप से हलाल प्रमाणन का गोरखधंधा करने वाले गिरोहों व संगठनों में खलबली मच गई है। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाजवादी पार्टी और कांग्रेस आदि दलों ने इस हवा देते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण नीति को धार देने का प्रयास शुरू कर दिया है। मोटे अनुमान के अनुसार अवैध रूप से चल रहा हलाल प्रमाणन का गोरखधंधा लगभग 3000 करोड़ रुपये से अधिक का है और इस धन का दुरुपयोग राष्ट्रविरोधी गतिविधियों व आतंकवादी संगठनों की मदद करने के लिए किया जा रहा है। हलाल प्रमाणन का धंधा केवल उत्तर प्रदेश में ही नहीं अपितु संपूर्ण भारत में चल रहा है और इस धंधे का भारत में आगमन 1974 में एक घृणित साजिश के तहत हुआ। हलाल प्रमाणन की प्रक्रिया एक देश दो विधानवाली तथा संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है। उत्तर प्रदेश सरकार ने हलाल प्रमाणन के इस अवैध धंधे को पूरी तरह से रोकने के लिए लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली में शैलेंद्र कुमार शर्मा की शिकायत पर विभिन्न संगठनों पर एक एफआईआर दर्ज करवाई है, जिनमें हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई, जमीयत उलेमा हिंद हलाल ट्रस्ट दिल्ली व लखनऊ, हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया मुंबई और कुछ अन्य कंपनियां शामिल हैं। भारत से बड़ी मात्रा में खाद्य उत्पादों का निर्यात सिंगापुर, मलेशिया, सऊदी अरब, कतर आदि खाड़ी देशों और कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में होता है जहां बड़ी संख्या में इस्लामिक आबादी है। ऐसे में देश की अधिकांश कंपनियां अपने उत्पादों के लिए हलाल सार्टिफिकेशन करवाती हैं। दुर्भाग्यवश भारत में हलाल प्रमाणन के लिए कोई सरकारी कंपनी नहीं है, जिसके कारण यह ठग कंपनियां अनुचित व अवैध धंधा करने में कामयाब हो रही हैं। ये अकूत धन कमा रही हैं और उसे देश के विरुद्ध इस्तेमाल कर रही हैं । इन कंपनियों के सम्बन्ध अलग अलग आतंकवादी संगठनों से होने की आशंका है। उत्तर प्रदेश में प्रतिबंध लगने के बाद इस बेहद गम्भीर व खतरनाक विषय पर राष्ट्रव्यापी बहस आरम्भ हो गई है। हलाल का समर्थन करने वाले संविधान की बार-बार दुहाई दे रहे हैं। किंतु शायद इन लोगों को यह नहीं पता कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत सरकार का अपना भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) है। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने योगी सरकार के कदमों का समर्थन करते हुए कहा कि सरकारी एजेंसियों को ही यह पता लगाना चाहिए कि खाद्य उत्पादों में किस तरह के रासायनिक संयोजक, कृत्रिम व हानिकारक तत्व मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी निकायों को यह प्रमाणित करने का अधिकार होना चाहिए कि लोगों के उपयोग के लिए कौन सा भोजन गुणवत्तापूर्ण है। अवैध हलाल प्रमाणन के खिलाफ हो रही कार्रवाई का विरोध करने वाले बहसों के दौरान इस अवैध कृत्य को संवैधानिक बता रहे हैं। दावा कर रहे हैं कि हम जीएसटी दे रहे हैं। हलाल प्रमाणित उत्पादों पर कार्रवाई करने से महंगाई बढ़ सकती है। बेरोजगारी बढ़ सकती है। बाजारों में खाद्य उत्पादों का संकट पैदा हो सकता है आदि -आदि । हलाल प्रमाणित उत्पादों के पक्ष में यह भी दलील दी जा रही है कि यह मुस्लिम समाज के लिए धर्म व आस्था का विषय है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**भारत में ताजमहल, गुलाबी नगरी जयपुर, असीमित जल का क्षेत्र कन्याकुमारी, पृथ्वी का स्वर्ग कश्मीर समेत अनगिनत अहम पर्यटन स्थल हैं। हमारे यहां भगवान बुद्ध से जुड़े अनेक अति महत्वपूर्ण स्थल हैं। भारत में बौद्ध के जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण स्थलों के साथ एक समृद्ध प्राचीन बौद्ध विरासत है। आखिर हम बौद्ध की भूमि होने के बावजूद दुनिया भर के बौद्ध अनुयायियों को आकर्षित करने में क्यों असफल रहे। कुछ साल पहले तक राजधानी के दिल कनॉट प्लेस में बड़ी तादाद में विदेशी घूम रहे होते थे। कनॉट प्लेस के एक प्रमुख शो-रूम के स्वामी ने बताया कि कनॉट प्लेस में घूमने वाले भिखारी विदेशी पर्यटकों को बहुत परेशान करते हैं।**



आर.के. सिन्हा

# क्यों इतनी घुमक्कड़ी करने लगे हिन्दुस्तानी

**घुमक्कड़ी का लक्ष्य सिर्फ पेट पूजा नहीं होना चाहिए। आपको नई-नई जगहों के समाज और संस्कृति को भी समझना होगा। अगर भारत से लोग बाहर जा रहे हैं तो बाहर से भारत में पर्यटक आ भी रहे हैं। जानकारों के अनुसार, कोरोना के असर से ठीक एक साल पहले साल 2019 में भारत में लगभग 1. 93 करोड़ विदेशी पर्यटक आए।**

आप देश के किसी भी हवाई अड्डे या रेलवे स्टेशन पर चले जाएं, आपको वहां पर एक जैसा नजारा ही देखने में आएगा। उधर आने जाने वाले मुसाफिरों की भीड़ नजर आएगी। लगता है कि सारा देश ही घूमने के मूड में है। जैसे ही दफ्तरों में दो-तीन दिन के एक साथ अवकाश आते हैं तो लोग उन छुट्टियों में कुछ और छुट्टियों को जोड़कर किसी पर्यटक स्थल के लिए निकल जाते हैं। उन्हें समद्री तट से लेकर पहाड़ और अभयारण्यों से लेकर धार्मिक स्थल तक सबकुछ ही पसंद आ रहे हैं। एक बात और कि भारतीय सिर्फ देश के अंदर ही घूमकर संतुष्ट नहीं हैं। उन्हें देश से बाहर जाना भी अच्छा खासा रास आ रहा है। बुकिंग डॉट कॉम के एक निष्कर्ष के अनुसार, पिछले साल यानी 2022 में करीब दो करोड़ हिन्दुस्तानी देश से बाहर घुमक्कड़ी के लिए निकले। यह कोई छोटा-मोटा आंकड़ा नहीं है। भारतीय लंदन, पेरिस, दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन और दूसरे शहरों के अलावा केन्या, नाइजीरिया, तंजानिया, दुबई, सिंगापुर,वियतनाम, सिडनी मेलबोर्न, पर्थ, हॉगकॉग वगैरह जा रहे हैं। दुबई और सिंगापुर के बाजारों में घूमते हुए तो लगता है कि आप किसी भारतीय शहर में ही हैं। वहां पर हजारों भारतीय रोज पहुंच रहे हैं। दरअसल आर्थिक उदारीकरण के बाद हिन्दुस्तानियों की आर्थिक स्थिति सुधरी तो उन्होंने भी मन ही मन दुनिया को देखने का फैसला भी कर लिया। अब हिन्दुस्तानी कमाए हुए पैसे को गांठ में बांधने भर के लिए राजी नहीं है। उन्हें तो घूमना है। याद नहीं आता कि अब से पहले कब हिन्दुस्तानी आजकल की तरह से घूमने के लिए घर से निकले थे। बेशक, दुनिया को जानने के लिए यायावरी जरूरी है। आप अगर घूमेंगे ही नहीं तो दुनिया को जानेंगे-समझेंगे कैसे। घुमक्कड़ी की चर्चा होगी तो राहुल सांकृत्यायन जी का नाम तुरंत जेहन में आएगा। वे सदैव घुमक्कड़ ही रहे। उनकी सन? 1923 से विदेश यात्राओं का सिलसिला शुरू हुआ तो फिर इसका अंत उनके जीवन के साथ ही हुआ। ज्ञानार्जन के उद्देश्य से प्रेरित उनकी यात्राओं में श्रीलंका, तिब्बत, जापान और रूस की यात्राएँ विशेष रही थीं। वे चार बार तिब्बत पहुंचे। वहां लम्बे समय तक रहे और भारत की उस विरासत को जाना, जो हमारे लिए अज्ञात और विस्मृत हो चुकी थी। वे 1907 में घर से भागकर चार मास तक कोलकाता में रहे। वे काशी में भी रहे। उन्होंने



**बाबा नानक अपनी पहली यात्रा के दौरान पंजाब से हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, नेपाल, सिक्किम, भूटान, ढाका, असम, नागालैंड, त्रिपुरा, चटगांव से होते हुए बर्मा (म्यांमार) पहुंचे वहां से वे ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और हरियाणा होते हुए वापस आए थे।**

वहां रहकर संस्कृत का अध्ययन किया। वे पैदल ही अयोध्या होते हुए मुरादाबाद पहुँचे और वहाँ से हरिद्वार गए। हरिद्वार से हिमालय, देवप्रयाग, टिहरी, यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ की यात्रा की। फिर प्रयाग की प्रदर्शनी देखने के लिए घर से निकल गए। गांधी जी भी बहुत बड़े घुमक्कड़ थे। वे रेलों से खूब सफर किया करते थे। घुमक्कडी के चलते उन्होंने देश के चप्पे- चप्पे को देखा और भारत को जाना। गुरु नानक देव जी ने 24 साल में दो उपमहाद्वीपों के 60 प्रमुख शहरों की पैदल यात्रा की। इस दौरान उन्होंने 28 हजार किमी का सफर किया। उनकी यात्राओं का मकसद समाज में मौजूद ऊंच-नीच, जात-पांत, अंधविश्वास आदि को खत्म कर आपसी सद्भाव, समानता कायम करना था। वे जहां भी गए, एक परमात्मा की बात की और सभी को उसी की संतान बताया। बाबा नानक अपनी पहली यात्रा के दौरान पंजाब से हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, नेपाल, सिक्किम, भूटान, ढाका, असम, नागालैंड, त्रिपुरा, चटगांव से होते हुए बर्मा (म्यांमार) पहुंचे वहां से वे ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और हरियाणा होते हुए वापस आए थे। तो भारत में प्राचीनकाल से ही यायावरी करने वाले रहे हैं। यूं तो सारा भारत अब घुमक्कड़ हो चुका है, पर इस मोर्चे पर गुजराती और बंगाली बाकी से अब भी कुछ आगे ही हैं। आपको देश और देश से बाहर गुजराती पर्यटक मिलेंगे। गुजराती दुनियाभर में बसे भी हुए हैं। अमेरिका से लेकर अफ्रीका तक में। मुझे याद है कि एक बार मैं मिस्र की राजधानी काहिरा में पिरामिडों को निहार रहा था। वहां पर बहुत सारे गुजरती भी आ रहे थे बसों में। उनमें महिलाएं और बच्चे भी थे। मैंने एक महिला से पूछा- 'क्या आप भारत के गुजरात प्रांत से हैं? उस महिला का उत्तर था- 'हम गुजराती हैं पर केन्या के।' फिर उसने मुस्कराते हुए कहा कि 'हम लोग केन्या में दशकों पहले बस गए थे। हालांकि हमारी भाषा और संस्कार पूरी तरह से गुजरात की धरती के हैं।' आप बंग भाषियों को भी दूर-सुदूर की खाक छानते हुए देखेंगे। खुशवंत सिंह कहते थे कि आप ज्ञान अर्जित दो तरह से कर सकते हैं- पहला, पढ़कर और दूसरा, घूमकर। यह बात पूरी तरह से सही है। आप जब किसी अन्य स्थान पर जाते हैं तो आपको वहां के लोगों के जीवन के विभिन्न पहलुओं को जानने का भी मौका मिलता है। घुमक्कड़ी किसी भी इंसान को समृद्ध बनाती है। मैं हाल के दौर में इस तरह के बहुत सारे लोगों के संपर्क में आया हूं, जो समय-समय पर देश के अलग-अलग भागों जाते हैं। कभी-कभी देश से बाहर निकल जाते हैं। उनसे बात करके लगता है कि घुमक्कड़ी उन्हें बेहतर इंसान बना रही है। घुमक्कड़ी का मतलब सिर्फ खानपाल ही नहीं होना चाहिए। हालांकि कुछ लोग इस लिए भी सफर पर निकल जाते हैं ताकि उन्हें भांति-भांति के डिशेज के साथ न्याय करने का मौका मिल जाता है। घुमक्कड़ी का लक्ष्य सिर्फ पेट पूजा नहीं होना चाहिए। आपको नई-नई जगहों के समाज और संस्कृति को भी समझना होगा।अगर भारत से लोग बाहर जा रहे हैं तो बाहर से भारत में पर्यटक आ भी रहे हैं। जानकारों के अनुसार, कोरोना के असर से ठीक एक साल पहले साल 2019 में भारत में लगभग 1. 93 करोड़ विदेशी पर्यटक आए। उसके बाद से भारत में विदेशी पर्यटकों के आने का सिलसिला 75 फीसद तक गिरा। चूंकि अब हालत सामान्य हो चुके है, इसलिए भारत में विदेशी पर्यटकों की आवक को बढ़ाना होगा।

### एक्सप्रेस कविता

*जिंदगी ने जब पहला इम्तिहान लिया,*
*तन्हाइयो ने तब से हमें पहचान लिया*
*तंज कसता रहा जमाना मेरी बेकारी पर,*
*उसी पल आनेवाले कल का जल जान लिया ।*
*तन की फकीरी रास आ गयी अब,*
*मौजों से अपने को अंजान कर लिया।*

*कभी हँसते है, मुस्कुराते है हालात पर,*
*हम ने लोगों से खुद को अनजान कर लिया ।*
*चलो फाकामस्ती में ईद और, दीवाली मनाते है,*
*व्रत या उपवास कर के, रोटी को ही पकवान*
*कर लिया है अब हम जख्मो से मजा लेने लगे है।*
*जिंदगी को जिंदगी से अनजान कर लिया।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*अगर आप किसी हारे हुए की सलाह, जीतने वाली का अनुभव और अपना फैसला खुद लोगे तो ज़िन्दगी में हमेशा आगे बढ़ोगे।*

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | द्वितिया 14:00 तक |
| नक्षत्र: | मृगशीर्षा 14:00 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | बुधवार |
| योग: | साध्य, 20:49 |
| सूर्योदय: | 06:58 |
| सूर्यास्त: | 17:19 |
| चंद्रमा: | मिथुन राशि में |
| राहुकाल: | 12:09-13:26 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्त: | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफ़ूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# स्किन के लिए फायदेमंद होती हैं ये 6 फल और सब्जियां, डाइट में करें शामिल

**फलों** और सब्जियों का सेवन करना हमारे समस्त स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। इनमें मौजूद फाइबर पाचन स्वस्थ रखने में मदद करते हैं, वहीं इनके सेवन से इम्यूनिटी भी बूस्ट होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं, फल और सब्जियां हमारी त्वचा के लिए भी फायदेमंद हैं? जी हां, ऐसी कई फल और सब्जियां हैं, जो स्किन को हेल्दी रखने में मदद करती हैं।

**शकरकंद:** सेहत के साथ त्वचा के लिए भी शकरकंद फायदेमंद माना जाता है। इसमें भरपूर मात्रा में बीटा केरोटीन होते हैं, जो त्वचा को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करता है। वहीं इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स स्किन इन्फेक्शन कम करने में भी मदद करेंगे। त्वचा के फायदों के लिए शकरकंद को उबालकर सेवन करना ज्यादा फायदेमंद हो सकता है।

**एवोकाडो:** एवोकाडो का सेवन करना त्वचा के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड, विटामिन्स और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। इसके सेवन से त्वचा आंतरिक रूप से साफ होती है, जिससे त्वचा में बाहरी रूप से भी निखार आता है। एनोकाडो को आप चाट या शेक के रूप में भी



सेवन कर सकते हैं।

**खीरा:** खीरा शरीर के साथ त्वचा को भी हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है। इसमें भरपूर मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो स्किन को हेल्दी रखने में मदद करते हैं। इसके नियमित सेवन से स्किन हाइड्रेटेड और मॉइस्चराइज रहती है।

**संतरा:** संतरे में पर्याप्त मात्रा में विटामिन-सी मौजूद होता है, जो त्वचा के लिए आवश्यक एंटीऑक्सीडेंट है। इसमें मौजूद नैचुरल ऑयल स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग रखने में मदद करते हैं। यह स्किन में कोलेजन बढ़ाने और झुर्रियां कम करने में मदद करता है।

**पपीता:** पाचन तंत्र स्वस्थ रखने के साथ त्वचा के लिए भी पपीता



फायदेमंद है। इसमें आवश्यक मिनरल्स के साथ विटामिन-ए,बी,सी पाया जाता है, जो त्वचा को हेल्दी रखने में मदद करता है। यह स्किन को हाइड्रेटेड रखने के लिए भी फायदेमंद है, इसलिए इसका रोज सेवन करना भी फायदेमंद माना जाता है।

**अनानास:** अनानास के सेवन से भी स्किन को हेल्दी रखने में मदद मिलती है। इसमें विटामिन-ए, सी, के अधिक मात्रा में पाया जाता है, जो स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग रखने के लिए फायदेमंद है। साथ ही इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स के साथ एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण भी होते हैं, जो चोट जल्दी भरने में मदद करते हैं। यह स्किन को हील करने और ग्लोइंग बनाए रखने में मदद कर सकता है।

### एक्सप्रेस विशेष



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

# मथुरा-वृंदावन में बजने लगी विकास की बांसुरी

**योगी साढ़े छह वर्षों से मथुरा के विकास के लिए जी-जान से जुटे हैं। पौराणिक आस्था एवं संस्कृति से जुड़े रहने के लिए ब्रज क्षेत्र में श्रीकृष्ण की प्रिय प्रजातियों के आठ लाख पौधों का रोपण हो चुका है। मथुरा-वृन्दावन को नगर निगम का दर्जा प्रदान किया गया है।**

**सरकार ब्रज क्षेत्रवासियों को शुद्ध व मीठा पेयजल उपलब्ध करायेगी। गोवर्धन परिक्रमा क्षेत्र को विकसित करने के लिए एक सौ सत्रह करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। गोवंश को संरक्षित किया गया है। टीकाकरण के बाद गोवंशों को ईयर टैग किया जा रहा है। निराश्रित गोवंश को संरक्षण देने वालों को राज्य सरकार नौ सौ रुपये प्रतिमाह प्रति गोवंश दे रही है। गौ आश्रय स्थल बनाए जा रहे हैं।**

**देश** में केंद्र और राज्यों की भाजपा सरकारें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास को चरितार्थ कर रही हैं। पौराणिक स्थलों के विश्वस्तरीय विकास को देश और सम्बन्धित प्रदेश की अर्थव्यवस्था से जोड़ा गया है। इसके अभूतपूर्व सकारत्मक परिणाम दिखाई दे रहे हैं। उज्जैन और काशी में पर्यटकों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। अयोध्या में भी जनवरी से ऐसा माहौल दिखाई देने लगेगा। मथुरा-वृंदावन का भी वैश्विक पर्यटन की दृष्टि से विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने मथुरा में ब्रज विकास परिषद का गठन किया है। इसी परिषद के माध्यम से व्यापक कार्य सम्पादित हो रहे हैं। अयोध्या में दीपोत्सव का विश्व रिकार्ड कायम हो चुका है। ब्रज क्षेत्र भी फागुन में रंगोत्सव में सराबोर होने लगा है। मथुरा रंगोत्सव को विश्व में प्रतिष्ठित किया गया है। यहां के कण-कण में बिहारी जी और राधा जी का दर्शन होता है। मथुरा की सात्विकता,वैष्णो भाव और पवित्रता को देखकर दुनिया को भक्ति की शक्ति की अनुभूति होने लगी है। मथुरा, वृन्दावन, बरसाना बलदेव, गोवर्धन और गोकुल को तीर्थ स्थल का दर्जा दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हाल ही में मथुरा पहुंचे। उन्होंने बड़ा संदेश दिया। बोले-जब देश आजाद



हुआ तो जो महत्व इस पवित्र तीर्थ को मिलना चाहिए था वो हुआ नहीं। जो लोग भारत को उसके अतीत से काटना चाहते थे, जो लोग भारत की संस्कृति और उसकी आध्यात्मिक पहचान से विरक्त थे, जो आजादी के बाद भी गुलामी की मानसिकता नहीं त्याग पाए। उन्होंने ब्रज भूमि को भी विकास से वंचित रखा। लेकिन अब राम मंदिर की तिथि भी आ गई है। अब वो दिन दूर नहीं जब यहां भगवान कृष्ण के दर्शन और भी दिव्य रूप में होंगे। भारत हमेशा से नारी शक्ति का पूजन करने वाला देश रहा है। कृष्ण के आगे भी राधा ही लगा है। हमारे देश में महिलाओं ने हमेशा जिम्मेदारियां भी उठाईं और समाज को लगातार मार्गदर्शन भी किया है। मीराबाई जी इसका भी एक प्रखर उदाहरण रही हैं। मीराबाई पथ प्रदर्शक रही हैं। भगवान श्रीकृष्ण और मीराबाई का गुजरात का अलग ही रिश्ता है। मथुरा के कान्हा ने यहां से जाकर गुजरात में द्वारिका बनाई और उनकी महान भक्त मीराबाई ने राजस्थान से आकर अंत समय गुजरात में बिताया। चौरासी कोस का ये ब्रज मंडल उत्तर प्रदेश और राजस्थान को जोड़कर बनता है। योगी आदित्यनाथ साढ़े छह वर्षों से मथुरा के विकास के लिए जी-जान से जुटे हैं। पौराणिक आस्था एवं संस्कृति से जुड़े रहने के लिए ब्रज क्षेत्र में श्रीकृष्ण की प्रिय प्रजातियों के आठ लाख पौधों का रोपण हो चुका है। मथुरा-वृन्दावन को नगर निगम का दर्जा प्रदान किया गया है। रंगोत्सव कृष्णोत्सव एवं वैष्णव बैठक के आयोजन ने पूरी दुनिया में ब्रज संस्कृति को पुष्पित एवं पल्वित किया है। स्वतंत्र भारत में ब्रज भूमि के विकास का समय आया है। मथुरा, वृन्दावन, बरसाना, नन्दगांव तथा बलदेव ये सभी तीर्थस्थल बदलते हुए दिखाई दे रहे हैं। ब्रज भूमि के विकास के लिए लगभग तीस हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट विभिन्न चरणों में हैं। अयोध्या की दीपावली और बरसाने व काशी की होली विश्व प्रसिद्ध है। यह सभी स्थल उत्तर प्रदेश में है। प्रधानमंत्री मोदी और योगी आदित्यनाथ ने इन अवसरों को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित कराया है। इन धार्मिक आयोजन में सहभागी होने के लिए विदेशी पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण प्रगति पर है। भव्य श्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण हो चुका है। काशी में गंगा जी को निर्मल और अविरल बनाने का कार्य किया गया है। इसी तरह यमुना जी पूरी तरीके से निर्मल होंगी। सरकार ब्रज क्षेत्रवासियों को शुद्ध व मीठा पेयजल उपलब्ध करायेगी। गोवर्धन परिक्रमा क्षेत्र को विकसित करने के लिए एक सौ सत्रह करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। गोवंश को संरक्षित किया गया है। । टीकाकरण के बाद गोवंशों को ईयर टैग किया जा रहा है। निराश्रित गोवंश को संरक्षण देने वालों को राज्य सरकार नौ सौ रुपये प्रतिमाह प्रति गोवंश दे रही है। गौ आश्रय स्थल बनाए जा रहे हैं। बरसाना स्थित श्री माताजी गौशाला में श्री श्याम लक्ष्मी गऊ चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र निर्मित किया गया है।

# खड़ी ट्रॉली से टकराई कार, एक की मौत, तीन लोग हुए घायल

जन एक्सप्रेस । सुनहरा





**लखीमपुर खीरी।** सोमवार रात राममचरित मानस का पाठ कर लौट रहे कथावाचक की कार संसारपुर के पूरब सड़क किनारे खड़ी गन्ना भरी ट्राली से टकरा गई। हादसे में कथावाचक की मौत हो गई, जबकि कार में सवार अन्य तीन लोग घायल हो गए। उन्हें पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भेजा है।
गोला कोतवाली क्षेत्र के कोटवारा गांव निवासी 55 वर्षीय महेंद्र कुमार अवस्थी मैलानी थाना क्षेत्र के गांव खरेटा से रामचरित मानस का पाठ करने के बाद कार से कोटवारा वापस जा रहे थे। कार में उनका पुत्र सुनीत, नंदिनी शर्मा और रंजीत यादव सवार थे। गोला-खुटार नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा संसारपुर के पूरब जयगुरुदेव आश्रम के निकट गोला-खुटार नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे खड़ी गन्ना भरी ट्राली से उनकी कार टकरा गई। इससे कार में सवार महेंद्र कुमार अवस्थी समेत तीनों कार सवार घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर पहुंची पलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भिजवाया। चिकित्सकों ने महेंद्र अवस्थी को मृत घोषित कर दिया। नंदिनी शर्मा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।घटनास्थल पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने कार्रवाई की मांग करते हुए जोरदार हंगामा किया। इससे सड़क पर जाम लग गया। बड़ी संख्या में पहुंचे पुलिस बल ने समझा बुझाकर किसी तरह यातायात सुचारू करवाया। मृतक के पुत्र सुनीत कुमार की तहरीर पर अज्ञात ट्रॉली मालिक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

## डीएससीएल शुगर मिल के इकाई द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन सम्पन्न




जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी

**मोहम्मदी खीरी।** कस्बा के गन्ना किसान महाविद्यालय परिसर में खुशहाली सेहत परियोजना के अंतर्गत डीएससीएल शुगर मिल के इकाई द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि इकाई प्रमुख कुलदीप सिंह ने वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ फीता काटकर शुभारंभ किया। मंगलवार को गन्ना किसान महाविद्यालय परिसर में डीएससीएल इकाई द्वारा आयोजित निशुल्क नेत्र परीक्षण मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में सीतापुर आई हॉस्पिटल के डॉ शवा, डॉ दिशा श्रीवास्तव के समस्त स्टाफ ने शिविर में आए 239 रोगियों का परीक्षण किया। जिसमें मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित 122 मरीजों को सीतापुर आई अस्पताल भेजा गया। आयोजन में इकाई के महा प्रबंधक विवेक तिवारी, एचआर हेड के एम राय, अनिल चौहान, रमेश चौधरी, राजेश सिंह, शैलेंद्र विक्रम सिंह, आदित्य प्रताप सिंह और आलोक दीक्षित ने आयोजन में सहभागिता की। इस मौके पर क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## राजन यादव ने लोक तंत्र के महा पर्व के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ जागरूकता अभियान चलाया

जन एक्सप्रेस/रिजवान खान। पलिया कलां खीरी। सेवा सुरक्षा बंधुत्व की अलख जगाने वाले समाज सेवी एवम क्षेत्र पंचायत सदस्य राजन यादव ने आगामी विधान सभा लोकतंत्र महापर्व को लेकर अभियान छेड़ रखा है जिसके तहत समाज सेवी



राजन यादव क्षेत्र के सभी संवेधनिक पद पर विराजमान अधिकारियों एवम जनता जनार्दन के बीच जागरूकता अभियान चला रहे हैं समाज सेवी राजन यादव ने बताया कि जो तहसील क्षेत्र की लोक तंत्र के महा पर्व से जानकारी के अभाव मे जो जनता जनार्दन वंचित रह जाते हैं उनको जागरूक करने के लिए हर नागरिक अधिकार और हमारा सौभाग्य है कि जो जनता जनार्दन से प्रेरित होकर हम सभी परिवार से मिल कर लोकतंत्र के महापर्व एवम अपने क्षेत्र वासियो के लिए सेवा करने का अवसर मिला।

## पुलिस के हस्तक्षेप के बाद दुकान से मजदूरी का पैसा मिला

जन एक्सप्रेस । सम्पूर्णानगर खीरी

इन दिनों प्रदेश के अधिकारी व जिला प्रशासन दुकानों,होटलों अन्य संस्थानों में काम कर नाबालिक बच्चों से मजदूरी कराने वाले मालिकों पर कार्यवाही करने में लगी हुई है तो दूसरे और सम्पूर्णानगर में एक दुकानदार नाबालिक बच्चे से कई दिनों मजदूरी कराकर मजदूरी का पैसा मांगने पर गाली देकर दुकान से भगाया मानसिक रूप से दुःखी नाबालिक थाने पहुँचकर न्याय की गुहार लगाया !आरोप है कि पड़ोसी जनपद पीलीभीत का एक आठवीं कक्षा का 14 वर्षीय नाबालिक छात्र के पिता का साया सर से उठने के बाद पढ़ाई लिखाई व अपने घर की अर्थिक स्थिति खराब होने के चलते रुपयों की लालच में सम्पूर्णानगर बाजार में गोस्वामी बुक स्टोर की दुकान पर काम करने लगा कुछ दिन बीतने के

**✻ पैसे ना मिलने से मानसिक रूप से दु:खी छात्र न्याय की गुहार लगाने सम्पूर्णानगर थाने पहुँचा**

बाद उसकी घर के सदस्य की तबीयत खराब हो गई दवाई कराने के कुछ पैसे दुकानदार से मांगने पर उक्त दुकानदार आगबबूला होकर नाबालिक छात्र को अपशब्दों का प्रयोग कर दुकान से उसकी मजदूरी के पैसे दिए बगैर भगा दिया ! पैसे ना मिलने से मानसिक रूप से दुःखी छात्र न्याय की गुहार लगाने सम्पूर्णानगर थाने पहुँचा! जहां पुलिस ने हस्तक्षेप कर उसकी मजदूरी का पैसा दुकानदार से दिलाया! वहीं समाजसेवियों ने मामले की शिकायत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अधिकारियों से किया है!

## वोटर चेतना अभियान के माध्यम से गांव-गांव पहुंच रही भाजपा




जन एक्सप्रेस । बहराइच

**नानपारा।** लोकसभा चुनाव को भले ही अभी कुछ दिन बाकी हो लेकिन भाजपा ने जमीन से ही लड़ाई एक बार फिर सुरु कर दी है। वोटर चेतना अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी गांव-गांव पहुंच रहे हैं। नए वोटरों को जोड़ने का कार्य तेज कर दिया गया है। जिससे अधिक से अधिक मतदाता मतदान में अपनी सहभागिता कर सकें।
भाजपा केंद्रीय नेतृत्व इस बार भी लोकसभा का चुनाव जमीनी स्तर पर लड़ने के मूड में है। इसीलिए गांव-गांव वाटर चेतना अभियान चलाया जा रहा है कार्यकर्ता गांव गांव जाकर 18 साल की उम्र पार कर चुके युवा मतदाताओं को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उनका नाम मतदाता सूची में शामिल करने का कार्य किया जा रहा है। भाजपा का मानना है कि युवा लोकतंत्र की मजबूत कड़ी है और मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है। मंगलवार को अगईया चौराहे पर रजवापुर मंडल द्वारा आयोजित वोटर चेतना अभियान में 1000 मतदाताओं को जोड़कर मतदान महाकुंभ में बड़ी भागीदारी की है। मंडल अध्यक्ष अंकुर तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के मिशन 2024 को देखते हुए रजवापुर मंडल क्षेत्र में 1000 युवाओं को भाजपा का सदस्य बनाया गया है। इस मौके पर नीरज शर्मा मंडल उपाध्यक्ष दो शिवम त्रिपाठी मंडल उपाध्यक्ष अभिषेक पाठक सोशल मीडिया प्रभारी भाजपा सतीश पांडे मंडल मंत्री भाजपा सहित तमाम लोक उपस्थित रहे।

## पारले चीनी मिल द्वारा 458 वाहनों पर लगवायी गई रिफ्लेक्टर पट्टी

जन एक्सप्रेस । बहराइच



ग्रीष्म ऋतु के दौरान कोहरे व धुंध के कारण ट्रैक्टर ट्रालियों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के उद्देश्य से पारले बिस्कुट प्रा.लि. परसेण्डी चीनी मिल कैसरगंज द्वारा जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर चालू पेराई सत्र के दौरान गन्ना ढुलाई में प्रयुक्त होने वाले 10 ट्रकों व 410 ट्रैक्टर ट्रालियों पर रिफलेक्टर पट्टी/रेडियम पेन्ट लागये जाने की कार्यवाही की गई है। यह जानकारी देते हुए जिला गन्ना अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला ने बताया कि जनपद में अवस्थित चीनी मिलों में गन्ना ढुलाई कार्य के लिए सम्बद्ध वाहनों तथा गन्ना कृषकों की ट्रैक्टर ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर पट्टी तथा रेडियम पेन्ट लगवाये जाने के निर्देशों के अनुपालन में पारले चीनी मिल द्वारा 458 वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने की कार्यवाही की गई है। श्री शुक्ल ने बताया कि पारले चीनी मिल अधिकाधिक वाहनों पर रिफलेक्टर पट्टी तथा रेडियम पेन्ट लगाये जाने के उद्देश्य से पेराई सत्र 2023-24 हेतु 100 लीटर रेडियम पेन्ट एवं 10000 स्टीकर की आपूर्ति के आदेश दिये गये हैं।

## गुण्डा एक्ट के तहत जिले के 08 अपराधी हुए जिला बदर

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जनपद में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा 08 अपराधियों के विरूद्ध धारा 3(1) गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 06 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया गया है। इसके अलावा 03 व्यक्तियों को अपने सम्बन्धित थानें में आगामी 06 माह तक उपस्थिति दर्ज कराये जाने के आदेश दिये गये हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना खैरीघाट ग्राम एड्कहा

**✻ 03 व्यक्तियों को 06 माह तक उपस्थिति दर्ज कराने हेतु किया गया पाबन्द**

दा. पिपरिया नि. बब्लू पुत्र सियाराम लोधी, थाना नवाबगंज के ग्राम चौगोड़वा नि. मनोज कुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद उर्फ गोबरे व ग्राम पिपरहवा नि. अशफाक उर्फ डब्लू पुत्र जलील, थाना कैसरगंज के ग्राम महुरीखुर्द दा. महुरीकलां नि. अरविन्द कुमार पुत्र राम नरेश, थाना मुर्तिहा के ग्राम जमुनापुर दा. मधवापुर नि. रजनीश कुमार मौर्या पुत्र चुन्नीलाल मौर्या, थाना कोतवाली नानपारा के ग्राम मझौव्वा भुलौरा नि. लतीफ पुत्र इमाम, साजिद पुत्र सिकन्दर व शहबान पुत्र चुन्नन को 06 माह के जिला बदर किया गया है। इसके अलावा थाना मोतीपुर अन्तर्गत ग्राम गुजरहना दा. मोतीपुर नि. सलीम पुत्र नबीबक्श व ग्राम खैरा दा. सर्राकलां नि. संजय पुत्र रामसमुझ तथा थाना जरवलरोड ग्राम रेवढ़ा नि. सगीर पुत्र अनवर को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देश दिया गया है कि अपने से सम्बन्धित थाने में आगामी छः माह तक उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे।

# सीएचसी अधीक्षक ने ग्रामीणों को दी स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी

जन एक्सप्रेस । बहराइच



भारत के प्रधानमंत्री के संकल्प को गांव-गांव तक पहुंचाने का अभियान विभिन्न विभागों की ओर से शुरू कर दिया गया है। स्वास्थ्य महक मैंने भी गांव-गांव जाने का सिलसिला तेज कर दिया है स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक और चिकित्सा अधीक्षक गांव जाकर गांव-गांव जाकर लोगों को भारत सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दे रहे हैं इस क्रम में मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर आर एन वर्मा ने ग्राम पंचायत जैतापुर में शिविर लगाया और लोगों को जानकारी दी। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर वर्मा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा के अंतर्गत पंचायत भवन जैतापुर में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें अधीक्षक द्वारा कार्यक्रम के बारे में लोगों को जानकारी दी गई एवं कैंप का निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री की ओर से संचालित जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, नियमित टीकाकरण, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, निशुल्क टीवी दवा वितरण, निशुल्क कुष्ठ रोग दवा वितरण, ई संजीवनी ओपीडी एमसीडी स्क्रीनिंग आदि सुविधाओं की जानकारी दी। यह भी बताया कि आयुष्मान कार्ड धारक कहीं किसी भी अस्पताल में 5 लाख रूपए तक का अपना इलाज करा सकते हैं। जिसका खर्च सरकार वहन करेगी।

## डग्गामार वाहनों का संचालन करने वाले से ट्रैफिक पुलिस के सिपाही कर रहे हैं गुफ्तगू

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ, खीरी



नगर के व्यापारियों व आए दिन लगने वाले जाम से छुटकारा दिलाने के लिए और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लगाया गया था लेकिन गोला में तैनात यातायात पुलिस की सिपाहियों ने अब खेल शुरू कर दिया है।उन्हें ट्रैफिक नियमों की अनदेखी से मतलब नहीं रहा है। वह दुकानों पर खड़े होकर या तो नजारा देखते हैं या फिर किसी भोले भाले वाहन चालक को पकड़ कर अपनी जेब में गर्म कर लेते हैं। शहर के सदर चौराहे पर यातायात विभाग के चार सिपाही और एक उप निरीक्षक की तैनाती की गई थी। कुछ दिनों तक ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार दिखा,पर अब ट्रैफिक व्यवस्था राम भरोसे हो गई है। यातायात पुलिस के सिपाही अक्सर रोड के किनारे दुकानों पर खड़े होकर गप्पे मारते देखे जाते हैं। उन्हें चौराहे पर लगने वाली जाम से कोई वास्ता नहीं रहा। हर समय सेटिंग की ताक में रहते हैं। दिन में कई बार डग्गामार वाहनों के संचालन करने वाले उनसे जरूर मिलते हैं और उन्हीं के इशारे पर वाहनों का चलन भी होता है। तमाम दुपहिया वाहनों को रोककर उनका चालान तो नहीं होता ना ही उन्हें ट्रैफिक नियम याद दिलाए जाते हैं। बल्कि जेबे गर्म की जाती हैं। इतना ही नहीं दो सिपाही शहर के सड़कों और गलियों में निकाल कर वहां खड़े वाहन चालकों को धमकी देकर वाहन स्वामियों से वसूलियावी भी करते हैं। ऐसी कई शिकायतें मिल चुकी हैं।

## गरीब के आवास पर दबंग ने किया कब्जा

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** एक दबंग की दबंगई देखिये एक गरीब को काशीराम शहरी आवास योजना के तहत आवास आवंटित किया गया था। जिस पर एक दबंग ने जबरन कब्जा कर लिया है। विधायक से लेकर उच्च अधिकारियों तक शिकायत की, पर कब्जा नहीं हटा। गरीब आवास पर कब्जा पाने को दर-दर भटक रहा है। नगर के मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी मनोहर लाल को काशीराम शहरी आवास योजना के तहत भूसौरिया रोड स्थित काशीराम कॉलोनी में आवास संख्या 538 ब्लॉक संख्या 46 आवंटित किया गया था। मनोहर लाल का कहना है कि उसने कब्जा प्राप्त कर गेट में ताला डाल दिया। आरोप है कि पड़ोसी नैमिष पुत्र कृष्ण कुमार ने अपने साथियों की मदद से उसके आवास का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया। मनोहर लाल किराए के मकान में गुजर कर रहा है। और अपने बच्चों का भरण पोषण के लिए एक चाट पकौड़ी का ठेला लगाता हैद्य कई वर्षों से आवास पर कब्जा पाने के लिए वह दर-दर भटक रहा है।



## मैच में अमन सपोर्टिंग क्लब, राहुल स्पोर्टिंग क्लब, बहराइच की टीमें विजयी

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी

कस्बे में चल रहे महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट के चौथे दिन खेल के मैदान पर तीन मैच खेले गये।मैच मे अमन सपोर्टिंग क्लब, राहूल स्पोर्टिंग क्लब,बहराइच की टीमें विजयी रही। शुक्रवार को सिंगाही में चल रहे महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट में पहला मैच सैफई सपोर्टिंग क्लब वर्सेज अमन सपोर्टिंग क्लब के बीच खेला गया। दोनों हाफ में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पाई। दोनों टीमो का मुकाबला संघर्ष भरा रहा। टाई ब्रेकर अमन स्पोर्टिंग क्लब ने 4-3 से जीत हासिल की। दूसरा मैच राहुल स्पोर्टिंग क्लब और गौतम स्पोर्टिंग क्लब के मध्य खेला गया । दोनों टीमेंमें एक दूसरे पर गोल करने के लिए संघर्ष करती रही अंत तक दोनों टीमें कोई भी गोल नहीं कर पाई। टाई ब्रेकर में राहुल स्पोर्टिंग क्लब ने मैच को 6-5 से जीत लिया। तीसरा मैच भेरौड़ा सपोर्टिंग क्लब व बहराइच के बीच खेला गया। इस मैच में भी दोनों टीमों के बीच हुए कड़े संघर्ष सील मुकाबले में दोनों टीमें कोई भी गोल नहीं कर पाई अंत में ट्राई वेकर में बहराइच की टीम ने 1-3 से जीत हासिल की। इस दौरान अशोक वर्मा, राणा प्रताप जंग, सभासद रामनरेश गुप्ता, ध्रुव कुमार, नरेंद्र गुप्ता, आशीष भंडारी, दीपक सक्सेना, सलाउद्दीन, आफाक हुसैन, सूरज कनौजिया, जोगेंद्र शाक्य, प्रभात गुप्ता, राकेश जायसवाल सहित, विवेक श्रीवास्तव सहित हजारों की संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## सहारा स्टेट लखनऊ ने 4-0 से जीत हासिल कर फाइनल में बनाई जगह

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ, खीरी

स्वर्गीय अरविन्द गिरि ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के प्रथम सफल आयोजन के क्रम में छठे दिन प्रथम मैच गोरखपुर व सहारा स्टेट लखनऊ के मध्य शुरू हुआ जिसमे सहारा स्टेट लखनऊ ने 4-0 से बढ़त बनाते हुए ज़बरदस्त जीत हासिल कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। द्वितीय मैच तमिलनाडु पुलिस व गौरीफंटा में हुई कांटे की टक्कर में पहला गोल तमिलनाडु पुलिस के खिलाड़ी वलासु ने गौरीफंटा की टीम पर 01 गोल कर अपनी टीम को मजबूती प्रदान की, लेकिन कुछ ही मिनट में गौरीफंटा के सात नम्बर के खिलाई धीरेंद्र ने तमिलनाडु पुलिस पर गोल दाग कर मैच को 01-01 से बराबरी पर ला दिया। मैच अत्यंत रोमांचक रहा, दोनो टीमो ने बेहतरीन प्रदर्शन कर एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी, किन्तु मध्यांतर के उपरांत गौरीफंटा की टीम के खिलाड़ी ने तमिलनाडु पुलिस पर एक और गोल कर 02-01 से बढ़त बनाई। दोनो मैच में स्टेडियम में मौजूद गोला नगर के खेलप्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रथम मैच के मुख्य अतिथि शहर कोतवाल इंद्र कुमार सिंह व द्वितीय मैच के मुख्य अतिथि भट्ठा एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत केडिया व संरक्षक राजा जफर उल्लाह खान सहित सैकड़ों की संख्या में दर्शक व प्रमुख साथी मौजूद रहे।

## एसडीएम के निरीक्षण में विधुत विभाग के अधिकारी मिले अनुपस्थित

**✻ सीडीपीओ कार्यालय में भी मिली खामी, डीएम को सौपी रिपोर्ट**

जन एक्सप्रेस । बहराइच

**मिहींपुरवा।** शासन की योजनाओं का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने एवं चुस्त दुरुस्त प्रशासन व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा की ओर से तहसील मिहींपुरवा अंतर्गत विभिन्न सरकारी कार्यालयों का मंगलवार को प्रातः दस बजे औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान विद्युत सब स्टेशन में ताला बंद मिला अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित रहे सीडीपीओ कार्यालय में भी अव्यवस्था पाई गई।
एसडीएम ने सीडीपीओ कार्यालय एवं




विधुत सब स्टेशन कार्यालय पहुंच निरीक्षण किया। सब स्टेशन पर विधुत विभाग के एसडीओ कार्यालय पर ताला लटकता मिला। विधुत सब स्टेशन पर एसडीओ और अवर अभियंता भी मौजूद नही मिले। इसके पश्चात सीडीपीओ कार्यालय पर पहुंचे एसडीएम को कई खामियां नज़र आयी। निरीक्षण के दौरान पायी गयी अनियमितता से उपजिलाधिकारी संजय कुमार काफी नराज़ दिखे। उन्होने कर्मचारियों को फटकार लगाते हुये कहा कि सभी कर्मचारी कार्यालय समय का विशेष ध्यान रखें तथा अपने कार्यों के प्रति सजग रहे। प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नही की जायेगी। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि तहसील अंतर्गत कर्मचारी शासन के निर्देशानुसार काफी अच्छा कार्य कर रहे है। लेकिन किन्ही किन्ही स्थानो पर कुछ कर्मचारियों के लापरवाही की शिकायत मिली थी। जिसकी जांच की गयी है। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये कर्मचारियों की रिपोर्ट कारवाई के लिए जिलाधिकारी को भेज दी गयी है।

## शीघ्र दूर होगी जाम की समस्या: प्रभारी निरीक्षक

जन एक्सप्रेस/बहराइच/रुपईडीहा। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह से भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ललित कुमार त्रिपाठी ने ललित कुमार त्रिपाठी ने शिकायत दर्ज कराई और कहा कि बाबागंज तिराहे और रुपया कस्बे में जाम की वजह से लोगों का जीना मुश्किल हो जा रहा है इस पर शीघ्र प्रभावी अंकुश लगाया जाना चाहिए जिस पर प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि बाबागंज तिराहे पर खड़े हो रहे ई रिक्शा को रोका जाएगा और शीघ्र वहां पर इंस्पेक्टर की तैनाती बाबागंज चौकी पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि रूपईडीहा करबे में तीन दिन के भीतर जाम की समस्या दूर कर ली जाएगी और नियमित पुलिस विकेट लगाई जाएगी। जिससे कि वाहन सड़कों पर बेतरतीब न खड़े हो सके।

# जाम के झाम में फंसा बाबागंज मल्हीपुर रोड तिराहा और रूपईडीहा कस्बा

जन एक्सप्रेस । बहराइच



**बाबागंज/ रुपईडीहा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला बाबागंज मल्हीपुर रोड तिराहा प्रतिदिन जाम के चलते आवागमन बाधित हो जाता है। लोग घंटे भर जाम में फंसकर अपना कीमती समय जाया करते हैं। यही हाल कस्बा रुपईडीहा का है। माल वाहक ट्रक मार्ग के दोनों तरफ कस्बे के प्रवेश से ही बेदर्दी खड़े हो जाते हैं। ऐसे में इन दोनों आसनों से छोटे वाहनों और पैदल यात्रियों का निकलना मुश्किल हो जाता है। पुलिसकर्मी जाम की समस्या को जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं। जाम हटाने की तरफ पुलिसकर्मी ध्यान नहीं देते। कई बार एंबुलेंस और रोगी इस जाम में काफी समय तक फंसे रहते हैं। असली वजह बाबागंज मल्हीपुर रोड के दोनों तरफ व्याप्त अतिक्रमण और रुपईडीहा कस्बे के अंतरराष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ ठेला और खोमचा की दुकानों की ओर से किया गया अतिक्रमण है। अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ बाराबंकी पर स्थित कस्बा रुपईडीहा और बाबागंज मल्हीपुर रोड तिराहा पर जाम की समस्या आए दिन बनी रहती है। बाबागंज मालीपुर रोड तिराहा अति व्यस्ततम माना जाता है। इस तिराहे से होकर बहराइच और श्रावस्ती जिले के सैकड़ो छोटे-बड़े वाहन पैदल यात्री स्कूल बसें एम्बुलेंस आदि आवागमन करती हैं। बाबागंज चौराहे पर अवैध रूप से संचालित ई रिक्शा चालक बेतरतीब वाहनों को खड़ा करते हैं। यही नहीं तिराहे पर ही सवारियों को उतारने के बाद उन्हें ढोने का कार्य भी करते हैं। ई रिक्शा चालक ई रिक्शा चालक कितने बेपरवाह होकर इस तिराहे पर अपना वाहन खड़ा करते हैं। जैसे उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है ऐसी स्थिति में जाम लग जाता है। जाम काफी लंबी दूरी तक लगने की वजह से हवा गवन बाधित हो जाता है। जिसके चलते अंतरराष्ट्रीय राजमार्ग पर भी बाबागंज के दक्षिणी छोर से उत्तरी छोर तक पुलिस चौकी के आगे वीरपुर गांव तक जाम की समस्या काफी विकराल रूप ले लेती है। इसके बाद बाबागंज पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों के कानों पर जूं रेंगता तो है लेकिन तब तक वाहनों की तादाद काफी हो जाती है और जाम हटाने में पुलिस कर्मियों को भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है। रूपईडीहा कस्बे का हाल तो यह है की पैदल निकलना दिन के वक्त में मुश्किल हो जाता है। थाने के सामने भी भीषण जाम की स्थिति प्रतिदिन उत्पन्न होती है। यहां तक कि पुलिसकर्मी खुद निकालने के लिए वाहनों के हटने का इंतजार करते रहते हैं।

# डीएम ने विकास भवन का किया निरीक्षण, 42 अधिकारी व कर्मचारी पाए गए अनुपस्थित

**जन एक्सप्रेस। उरई**



डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को सुबह विकास भवन का औचक निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान 42 अधिकारी व कर्मचारी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए। डीएम ने एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। डीएम ने विकास भवन में स्थित कार्यालय में पहुंचकर उपस्थिति पंजिका की जांच की और जांच में कार्यालय उपायुक्त स्वतः रोजगार, धर्मेन्द्र जयंत जिला मिशन प्रबंधक, कार्यालय जिला विकास अधिकारी, सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी, रमेश चन्द्र लखेरे वरिष्ठ लिपिक, अवधेश कुमार सविता, वाहन चालक, प्रमोद कुमार जैन पत्रवाहक, सराफत हुसैन पत्रवाहक, कार्यालय जिला पिछडावर्ग कल्याण अधिकारी, सत्यम त्रिपाठी, प्रभारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, गिरिराज सिंह, वरिष्ठ सहायक, अपर जिला विकास अधिकारी समाज कल्याण (विकास) सत्यम त्रिपाठी, बीरेन्द्र सिंह कुशवाह कम्प्यूटर आपरेटर, कार्यालय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, डा0 निर्मल कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, प्रदीप कुमार कैशियर, नीलमा कनिष्ठ सहायक, उमाशंकर पत्रवाहक, कार्यालय अधिशासी अभियंता, लघु सिचाई, ई. राजेश कुमार गुप्ता अधिशासी अभियंता लघु सिचाई उरई, रामू ड्राफ्टमेन, अभिषेक दीक्षित चपरासी, सुमन सेंगर चपरासी, कार्यालय जिला पूर्ति अधिकारी, अनूप कुमार तिवारी, जिला पूर्ति अधिकारी, अशोक कुमार कनिष्ठ लिपिक, आमोल वर्मा पत्रवाहकर, कार्यालय सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता, कपिल यादव, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता, नरेन्द्र सिंह कुशवाहा, सुपरवाइजर, हरिदास अपर जिला सहकारी अधिकारी, मनोज यादव, अपर जिला सहकारी अधिकारी, कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रवीण कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी, किरनपाल डाक डिस्पैचर, जयनाथ विश्वकर्मा, लेखाकार, लालता पाल चतुर्थश्रेणी कर्मचारी, कार्यालय जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अनुराग, अपर सांख्यिकी अधिकारी, धर्मेन्द्र किशन, अपर सांख्यिकी अधिकारी, कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, पुष्कर दीक्षित अपर जिला कृषि अधिकारी, अनिल कुमार चतर्वेदी प्रधान सहायक, गिरेन्द्र कुमार शर्मा वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप बी, दीपक शर्मा कनिष्ठ सहायक, कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण, केके सिंह प्रभारी परियोजना अधिकारी, अहमद अंसारी मिशन प्रबंधक (नगरीय) प्रमोद कुमार सामुदायिक आयोजक, कार्यालय अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, ई. अनूप कुमार मिश्रा सहायक अभियंता, तौसीफ अहमद अवर अभियंता, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जितेन्द्र कुमार सक्सेना लेखाकार, अविनाश वर्मा वरिष्ठ सहायक अनुपस्थित पाए गए।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक पुलिस परेड का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। महोबा**



अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम द्वारा पुलिस लाइन महोबा में साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गई व टोलीवार परेड का निरीक्षण किया गया। शारीरिक एवं मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़, परेड ड्रिल कराई गई। पुलिस कर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस लाइन अवस्थित पुलिस परिवार के कल्याणार्थ सुविधा स्टोर (राशन शॉप) का स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं पुलिस परिवारीजनों को प्रदान की जाने वाले विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा इस सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात पुलिस लाइन अवस्थित विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कर शाखाओं में साफ-सफाई की स्थिति का अवलोकन किया गया, साफ-सफाई की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त कर सम्बन्धित को उच्चकोटि की सफाई बनाये रखने के सख्त निर्देश दिये गये। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा साप्ताहिक अर्दली रुम किया गया जिसमें सभी गार्द कमांडरों के साथ पुलिस लाइन अवस्थित समस्त शाखाओं, गार्दों के रजिस्टरों, अभिलेखों का अवलोकन कर अभिलेखों को अद्यावधिक किये जाने के निर्देश दिये गये साथ ही ड्यूटी के दौरान लापरवाही किये जाने वाले सम्बन्धित पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम कर उनको सख्त हिदायत दी गयी तथा ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि का अनुशासन बनाये रखने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पूर्व चेयरमैन के दरवाजे से ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी

**जन एक्सप्रेस/भटनी,देवरिया।** नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन की दरवाजे से ट्रैक्टर-ट्रॉली रविवार रात चोरी हो गईं। पीड़ित ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जांच में नगर क्षेत्र के एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में वाहन ले जाता आरोपी दिख रहा है। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।भटनी नगर के वार्ड संख्या तीन हतवा निवासी राजेश कुमार गुप्त पूर्व चेयरमैन है। वह बाईपास रोड में जय मां वैष्णो बिल्डिंग मैटेरियल के नाम से दुकान चलाते हैं।

### शुगर मिल में पूजन के साथ गन्ना पेराई शुरू

**जन एक्सप्रेस/प्रतापपुर,देवरिया।** जिले की एकमात्र प्रतापपुर स्थित बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हो गया। शिवजी तिवारी ने इसके पूर्व पूजन अर्चन किया।मुख्य अतिथि सलेमपुर के सांसद रविंद्र कुशवाहा व विशिष्ट अतिथि बिहार के सिवान जिले के जीरादेई विधायक अमरजीत ने डोंगे में गन्ना डालकर नवीन पेराई सत्र का शुभारंभ किया। इस दौरान जीरादेई विधायक अमरजीत कुशवाहा, फैक्ट्री के यूनिट हेड आरएन त्रिपाठी व गन्ना प्रबंधक एचके शर्मा आदि मौजूद थे।

### कंबाइन पलटी, तीन घायल

**जन एक्सप्रेस/बरहज, देवरिया।** मगहरा क्षेत्र के दोहनी- सतरांव मार्ग पर सुकरौली गांव के निकट सोमवार को कंबाइन मशीन सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। कंबाइन में फंसे घायलों को बाहर निकाल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।सुकरौली निवासी दीपनारायण गुप्त की कंबाइन गांव के पास एक खेत में धान की मड़ाई कर रहा था। वहां से जाने के लिए निकल रहा कंबाइ सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई और चालक समेत तीन मजदूर दब गए।शोर चुनकर पहुंचे लोगों ने किसी तरह बाहर निकाला और इलाज के लिए भेजा।एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायल जालंधर के रहने वाले हैं।

### बायोमेट्रिक उपस्थिति के विरोध में महाविद्यालय शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस/बरहज/देवरिया।** स्थानीय बाबा राघवदास भगवानदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय आश्रम बरहज देवरिया के शिक्षकों ने उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा अशासकीय महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य किए जाने संबंधी आदेश के विरोध में काली पट्टी बांधकर महाविद्यालय में शिक्षण कार्य किया और माननीय मुख्यमंत्री तथा उच्च शिक्षा निदेशक के नाम का प्रतिवेदन प्राचार्य को सौप कर इस आदेश का विरोध किया।

### रोजगार मेले का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि आज 29 नवंबर को जिला सेवायोजन कार्यालय आई0टी0 आई0 कैम्पस देवरिया में एक दिवसीय नि:शुल्क रोजगार मेले का आयोजन हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय एवं माडल कॅरियर सेन्टर, देवरिया के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न प्रकार की कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी।रोजगार मेला में सम्मिलित होने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों को उन्होंने अवगत कराया है कि विभिन्न कम्पनियों/पदों हेतु आवेदन करने के लिए सेवायोजन पोर्टल / एन0सी0एस0पोर्टल पर आवेदन कर उल्लिखित तिथि को प्रतिभाग कर सकते है।

# शहर में काली गैंग का तांडव, कुंआ पूजन में उपद्रव कर की फायरिंग

**जन एक्सप्रेस। महोबा**



शहर में काली गैंग का आतंक देखने को मिला है। कुआ पूजन कार्यक्रम में दबंगों ने जमकर तांडव किया। शिकायत के बावजूद भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने से दबंगों ने एक बार फिर परिवार पर लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से हमला कर मारपीट कर दी। इस जानलेवा हमले में सगे चाचा-भतीजे गंभीर रूप से लहूलुहान हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज किया जा रहा है। परिवार ने कोतवाली पुलिस पर निष्क्रियता के आरोप भी लगाए हैं।

दरअसल आपको बता दें कि गुंडों की गुंडई का यह पूरा मामला महोबा शहर कोतवाली क्षेत्र के सत्तीपुरा मोहल्ले का है। जहां काली गैंग के 10 दबंगों ने जमकर तांडव किया है। बताया जाता है की बीती रात सत्तीपुरा मोहल्ले में निवास करने वाले आशीष कुशवाहा के पुत्र सक्षम का कुआं पूजन कार्यक्रम चल रहा था। आरोप है कि तभी हिस्ट्रीसीटर अजय काली अपने साथियों के साथ कुआं पूजन कार्यक्रम में शराब के नशे में हंगामा करने लगा। पीड़ित परिवार का महेंद्र कुमार कुशवाहा बताता है कि कार्यक्रम में महिलाएं डांस कर रही थी तभी अजय काली और उसके साथी जबरन डांस को लेकर विवाद पर उतारू हो गया। मना करने के बावजूद भी दबंग महिलाओं के बीच डांस करने को लेकर विवाद करता रहा। काली गैंग के लोगों द्वारा किए जा रहे उपद्रव से परेशान लोगों ने बमुश्किल समझाकर सभी को वहां से हटाया लेकिन आरोप है कि हिस्ट्रीशीटर दबंग ने वापस आकर कार्यक्रम स्थल में हवाई फायरिंग कर दहशत फैला दी। जिससे डरे सहमें सभी परिजन देर रात कोतवाली पुलिस को तहरीर देने पहुंचे लेकिन आरोप है कि मामले की तहरीर के बावजूद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की जबकि परिवार ने हिस्ट्री सीटर दबंग के खौफ के चलते कोई भी अनहोनी घटना का अंदेशा जताया था, लेकिन पुलिस की निष्क्रियता और शिथिलता के चलते दबंगों के हौसले बुलंद हो गए। बताया जाता है कि आज जब परिवार के लोग घर पर थे तभी अचानक अजय काली अपने 10 साथियों के साथ हमलावर हो गया। लोहे की रॉड लाठी डंडों से मारपीट कर तांडव का डाला। इस मारपीट में सगे चाचा भतीजा घायल हुए हैं। गुंडो की गुंडई और मारपीट से चाचा प्रभु दयाल कुशवाहा और भतीजा सूरज गंभीर रूप से घायल है। वारदात को अंजाम देखकर सभी गुंडे मौके से फरार हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा दिया गया और पुलिस को सूचना दे दी गई। परिवार के लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते पुलिस शिकायत के आधार पर दबंगों पर कार्रवाई करती तो शायद दबंग हमलावर ना होते और उन पर जल लेवा हमला करने की हिम्मत ना जुटा पाते।

लेकिन शहर कोतवाली पुलिस की निष्क्रियता से चाचा-भतीजे लहूलुहान अस्पताल में भर्ती है।

इस पूरे मामले को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम ने बताया कि शहर के चरखारी बाईपास में चाचा भतीजे के साथ हिस्ट्रीशीटर बदमाश अजय काली और उसके साथियों द्वारा मारपीट करने का मामला संज्ञान में आया है जिसमे तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कार्यवाही की जा रही है।

# डीएम ने किया भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ



**जन एक्सप्रेस। उरई**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को विकसित भारत सकंल्प यात्रा का शुभारंभ किया। साथ ही निर्धारित कार्यक्रम अनुसार नदीगांव ब्लाक के ग्राम डीहा और कमसेरा के लिए एलईडी वैन को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज शुभारंभ हो गया है जो की अनवरत रूप से 26 जनवरी तक चलेगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजना से जन सामान्य को जागरूक करना है, और जिन्हें अभी तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है या छूट गए हैं, अभियान चलाकर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करना है। उन्होंने कहा कि जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं नीतियों से जन सामान्य को लाभांवित करेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे, प्राथमिकता पर जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें मुख्य धारा से जोड़ा जाए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी, सीएमओ डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, श्रम उपायुक्त स्वतः रोजगार अवधेश दीक्षित, अप कृषि निदेशक एसके, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद गुप्ता आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने विभिन्न विभागों का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने आज कलैक्ट्रेट स्थित कार्यालयों का प्रातः 10.15 पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चकबंदी कार्यालय, अभिलेखागार, श्रम विभाग, पूर्ति विभाग, डूडा विभाग, खनिज विभाग, संयुक्त कार्यालय आदि कार्यालयों का गहनता से निरीक्षण किया तथा विभागों में फाइलों का रखरखाव सही न मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि फाइलों का रखरखाव सही किया जाए तथा व्यवस्थित ढंग से फाइलों को रखा जाए। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में साफ सफाई रखी जाए तथा सभी कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थित रहकर अपनी ड्यूटी को अंजाम दें। और आने वाले फरियादियों की शिकायत को गंभीरता पूर्वक सुना जाए तथा फरियादियों के साथ विनम्रता पूर्वक बर्ताव किया जाए।

# एआरटीओ कार्यालय में छापेमारी कर पकड़े चार संदिग्ध दलाल

- डीएम के निर्देश पर एडीएम के नेतृत्व में चार सदस्यी टीम ने मारा छापा

**जन एक्सप्रेस। उरई**



शहर के चुर्खी रोड स्थित एआरटीओ कार्यालय में मंगलवार डीएम के निर्देश पर एडीएम नमामि गंगे के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की। इस दौरान कार्यालय व दलालों में अफरा तफरी मच गई। टीम ने सक्रियता दिखाते हुए मौके से चार संदिग्ध दलालों को पकड़ लिया। दलालों से पूछताछ की जा रही है। एआरटीओ कार्यालय में लगातार दलालों के सक्रिय रहने की शिकायतें प्रशासन को मिल रही थी। इसके चतले डीएम राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव के नेतृत्व में चार सदस्यी टीम ने औचक छापा मारा। इससे कार्यालय में अफरा तफरी मच गई, और अनावश्यक रुप से कार्यालय में मौजूद लोग भागने लगे। इस पर टीम ने सक्रियता दिखाते हुए मौके से चार संदिग्ध दलालों को हिरासत में ले लिया। इसके साथ ही कार्यालय के बाहर संचालित हो रही संदिग्ध दलालों को हिरासत में ले लिया। इसके साथ ही कार्यालय के बाहर संचालित हो रही दुकानों को भी चेतावनी दी गई कि किसी भी संदिग्ध दलाल को यहां न बैठाएं।एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव ने बताया कि एआरटीओ कार्यालय में दलालों के सक्रिय होने की शिकायतें लंबे समय से आ रही थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर छापेमारी की गई है। इस दौरान जो लोग छिपने का प्रयास कर रहे थे, उन्हें पकड़कर पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टीम में प्रशिक्षु एसडीएम आरती साहू, सिटी मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार, सीओ सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी, सदर कोतवाल वीरेंद्र पटेल मौजूद रहे।

## जादूगर का जादू अभी चल रहा कार्यालय में

**जन एक्सप्रेस। उरई**



एआरटीओ कार्यालय में तैनात कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि एआरटीओ कार्यालय में होने वाले सभी गोरख धंधे जादूगर सोनू नाम का व्यक्ति करता है। उसकी पूरी टीम ने कार्यालय को अपने कब्जे में ले रखा है। उसके इशारे पर ही सारे काम होते है। यहां तक कि सभी सरकारी फाइलों के कोडवर्ड भी उसके पास रहते हैं। पूर्व में इसकी शिकायत प्रशासन से की गई थी। इसका काम कुछ दिनों तो बंद रहा, इसके बाद उसने अपना जाल दोबारा से फैला लिया है। टीम ने जब कार्यालय में छापामारी की तो उस समय जादूगर सोनू कार्यालय में ही कमरा नंबर 7 में मौजूद बताया गया। छापेमारी की सूचना मिलते ही उसे संरक्षण देने वालों ने पीछे के रास्ते से भगा दिया। जांच करने गई टीम को लोगों ने बताया कि जादूगर सोनू की बाइक कार्यालय के बाहर खड़ी है, जिसका नंबर यूपी 92 एस 0092 है। इतना ही नहीं टीम को बताया गया कि यदि कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जाए, तो सोनू जादूगर को पकड़ा जा सकता है।

## सामयिक विषयों, अपराध नियंत्रण पर एसपी ने जन प्रतिनिधियों के साथ की चर्चा

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद के सम्मानित जनप्रतिनिधियों के साथ सामयिक विषयों पर परिचर्चा हेतु मासिक विचार-विमर्श गोष्ठी का आयोजन किया गया। जनपद में अपराध नियंत्रण, शान्ति एवं कानून-व्यवस्था, क्षेत्रीय समस्याओं एवं पुलिसिंग में अपेक्षित सुधार आदि विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया, इस दौरान किसी प्रकार की कोई शिकायत, समस्या प्रकाश में नहीं लायी गयी। इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सांसद, विधायक एवं उनके जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर जनहित में प्राप्त सुझावों से जनपद की क्षेत्रीय समस्याओं के निस्तारण हेतु पुलिस व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने में सहायता प्राप्त होगी साथ ही साथ जनप्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण पहलुओं पर पुलिस के दृष्टिकोण से अवगत कराने तथा विचारों के आदान-प्रदान से एक-दूसरे को समझने में सहायक होगी।

# 23 साल पुराने मामले में बढ़ाई गई तारीख, 13 तारीख को होगी सुनवाई

**जन एक्सप्रेस। उरई**

23 साल पुराने मामले में प्रदेश सचिव समाज कल्याण अधिकारी जेपी चौरसिया व पूर्व में चुर्खी थानाध्यक्ष रहे व सीओ पद से रिटायर गौस मोहम्मद को डकैती कोर्ट से नॉन बेलेबील वारंट जारी हुआ था। जिसकी सुनवाई मंगलवार को डकैती कोर्ट में हुई। सुनवाई की अगली तारीख 13 दिसंबर को होगी।

शासकीय अधिवक्ता महेंद्र सिंह विक्रम ने बताया कि सन 23 जून 2000 को जिला पंचायत का चुनाव हो रहा था। जिसमे चुर्खी जिला पंचायत क्षेत्र से चौधरी विष्णु पाल सिंह उर्फ नन्नू राजा ने कोर्ट में वाद दायर करते हुए बताया था कि वह चुनाव में प्रत्याशी थे।

मतदान के समय तत्कालीन एसडीएम कोंच जेपी चौरसिया व चुर्खी थाना प्रभारी रहे गौस मोहम्मद ने उनके साथ अभद्रता कर अपमानित किया था। विरोधियों से मिलकर उन्हें चुनाव हराने की शाजिस कर उनके पोस्ट व बैनर भी फड़वाए थे। इसके बाद मतदान केंद्र पर जाने से पहले ही उन्हें पकड़ लिया था। उनके हाथ से बैग छीनकर दरोगा को दे दिया था। बैग में उनके बीस हजार व अन्य कागजात भी थे। इसके बाद मारपीट कर उक्त लोगों ने अपमानित किया था। और थाने ले जाकर बंद कर दिया था। इसी मामले में तत्कालीन एसडीएम व थानाध्यक्ष के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है। तारीखों पर न पहुंचने पर डकैती कोर्ट ने दोनों लोगो के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। जिसकी सुनवाई मंगलवार को थी। दोनो अभियुक्त कोर्ट में हाजिर हुए, जहां पीड़ित ने न्यायालय के समक्ष दोनो लोगो की शिनाख्त की।

वही मामले की सुनवाई की अगली तिथि 13 दिसंबर को होगी। वही पूर्व में रहे चुर्खी थानाध्यक्ष गौस मोहम्मद कुछ दिन के लिए जिला कारागार उरई से बंद रहे है। वही तत्कालीन एसडीएम कोच इलाहाबाद हाईकोर्ट की जमानत पर चल रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस। महोबा**



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया। उक्त वैन के द्वारा योजनाओं के संतृप्तिकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए 26 जनवरी 2024 तक विकसित यात्रा का आयोजन कराया जाना है।

जिलाधिकारी नें बताया कि समस्त नामित नोडल अधिकारी सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में मुख्य गतिविधियों, कार्यक्रम विवरण के अनुसार समस्त चिन्हित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे। जनपद में इस महत्वपूर्ण कार्य के डे- नोडल अधिकारी अपने सम्बन्धित ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत समिति के समस्त सदस्यों की उपस्थिति में समस्त कार्यक्रम निम्न विवरणानुसार सम्पन्न करायेंगे। स्वागत, प्रधानमंत्री का संदेश, विकसित भारत का संकल्प वीडियों, प्रारंभिक चलचित्र का प्रसारण, चयनित लाभार्थियों द्वारा अनुभव साझा करना (मेरी कहानी मेरी जुबानी), सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन, प्राकृतिक खेती पर प्रदर्शन।, महिला एसएचजी सदस्यों, स्कूली छात्रों, स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ धरती कहे पुकार के, स्वच्छता गीत आदि। आन स्पॉट क्वीच प्राथमिक माध्यमिक के प्रधानाचार्य द्वारा 9- स्थानीय स्तर पर सफल महिलाएं, छात्रो, खिलाड़ियों आदि अभिनंदन और पुरस्कार समारोह।

ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न भूमि रिकार्ड का 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण, ओडीएफ स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति, आदि। आन स्पॉट सेवाएं स्वास्थ्य शिविर टीबी स्क्रीनिंग, पीएम उज्ज्वला, नया नामाकंन और बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण।

# विकास प्राधिकरण टीम ने विवाह घरों व पेट्रोल पंपों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। उरई**



विकास प्राधिकरण के सचिव/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार एवं विकास प्राधिकरण के अभियंताओं की टीम प्रमोद पटेरिया सुधीर सिंह एवं विजय कुमार ने मंगलवार को चुर्खी चौराहे से जालौन चौराहे तक एवं जालौन रोड, जेल रोड, कोच बस स्टैंड से झांसी चुंगी तक हो रहे निर्माण एवं संचालित विवाह घर एवं पेट्रोल पंप आदि का निरीक्षण किया एवं स्वीकृत मानचित्र चेक किए गए। जिसमें मुख्य मार्ग पर हो रहे निर्माण एवं संचालित पेट्रोल पंप विवाह घर देखे गए। जिसमें गैरोत्रा पेट्रोल पंप, दिवोलिया पेट्रोल पंप, चाचा भगवान दास पेट्रोल पंप, जानकी पैलेस विवाह घर, सरकार पैलेस विवाह घर, माधव पैलेस विवाह घर, ईशा गार्डन विवाह घर, राजपाल रिजॉर्ट विवाह घर आदि लोगों के मानचित्र चेक किए गए एवं बिना मानचित्र के भवनों एवं स्वीकृत मानचित्र से विपरीत हुए निर्माण एवं किए जा रहे उपयोग को प्राधिकरण द्वारा कारण बताओं नोटिस की कार्यवाही की गई है। इस अभियान में अब प्राधिकरण क्षेत्र में हो रहे निर्माण का सघनता से चेक किया जाएगा, तथा बिना मानचित्र निर्माण पर कार्यवाही की जाएगी। उक्त अभियान निरंतर जारी रहेगा बिना मानचित्र निर्माण एवं विकास कार्यों पर ध्वस्तीकरण की भी कार्यवाही की जाएगी।

# बजाज चीनी मिल इटई मैदा में गन्ना पेराई का कार्य प्रारंभ

✻ यूनिट हेड, डीसीओ व सचिव के साथ किसान प्रतिनिधियों ने डोंगे में डाला गन्ना



**जन एक्सप्रेस । उतरौला/बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के तहसील उतरौला क्षेत्र के श्रीदत्तगंज में स्थापित बजाज चीनी मिल इटई मैदा मे पेराई सत्र 2023-24 का शुभारंभ विधि विधान के साथ अखंड रामायण पाठ के उपरांत हवन पूजन अर्चन तथा वैदिक मंत्रोचार के बीच अतिथियों द्वारा केन कैरियर मे गन्ना डालकर किया गया।

जानकारी के अनुसार 28 नवंबर को श्री रामचरितमानस अखण्डपाठ के समापन तथा पूर्णाहुति के साथ पेराई सत्र 2023 - 24 का शुभारम्भ किया गया ढ्ढ अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ 27 नवंबर को किया गया था। 28 नवंबर को बजाज हिंदुस्थान शुगर कंपनी लिमिटेड इटई मैदा के यूनिट हेड राकेश यादव ने समस्त अधिकारियों के साथ पेराई सत्र 2023-24 के सुचारू ढ़ंग से संचालन हेतु पूजा अर्चना किया। चीनी मिल केन कैरियर पर विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विद्वान पण्डित मयंकेश त्रिपाठी द्वारा यजमान राकेश यादव से पूजन हवन कराया गया । बैलगाड़ी कांटे का पूजन जिला गन्ना अधिकारी रंजीत सिंह कुशवाहा द्वारा कर कृषक को कंबल, फल, मिठाई व दक्षिणा देकर सम्मानित किया गया। वहीं ट्राला कांटे का पूजन गन्ना चेयरमैन रणवीर सिंह रन्नू बलरामपुर एवं उतरौला द्वारा किया गया। कांटों का पूजन करने के पश्चात् डोंगे में गन्ना डालकर पेराई सत्र 2023-24 का विधिवत शुभारंभ किया गया। महाप्रबंधक गन्ना संजीव शर्मा ने बैलगाड़ी व किसान का माल्यार्पण कर बताया कि किसान हमारे लिए सर्वोपरि हैं। पेराई सत्र के दौरान किसी भी किसान को कोई भी दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। किसानो की सुविधा के लिए मिल गेट पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है जो 24 घंटे खुला रहता है। यूनाइटेड राकेश यादव ने किसने से अपील किया कि चीनी मिल को स्वच्छ ताजा जड़ पत्ती अगोला रहित गन्ना आपूर्तिकर सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मिलकर क्षेत्र में आने वाले सभी 36 क्रय केंद्रो पर तौल प्रारंभ कर दिया गया है । गत वर्षो में गन्ना भुगतान में कुछ समस्याएं आई थी, जिन्हें अब लगभग दूर कर लिया गया है। पुराना भुगतान भी अधिकांशतः दे दिया गया है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी प्रयास किया जाएगा कि गन्ना भुगतान की निरंतरता बनी रहे। जिला गन्ना अधिकारी रंजीत सिंह कुशवाहा ने कहा कि बजाज चीनी मिल द्वारा गन्ना किसानों के पुराने भुगतान को लगभग 90त्न कर दिया गया है । इस वर्ष भी भुगतान समय पर दिया जाए, इसके मिल प्रबंधन को निर्देशित किया गया है । सचिव अविनाश सिंह ने कहा कि किसानो की समस्याओं को लेकर गन्ना समिति सदैव तत्पर है । मिल पर भी गन्ना बिक्री करने में किसानों को समस्या न उत्पन्न होने पाए इसके लिए समिति लगातार मिल प्रबंधन के संपर्क में रहेगी।

इस अवसर पर मिल के प्रतिनिधि जनसंपर्क अधिकारी के पी सिंह, पूर्व गन्ना चेयरमैन रणबीर सिंह रन्नू, अतीक अहमद, बलरामपुर नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, जिला पंचायत सदस्य भरत लाल चौधरी, ब्लॉक प्रमुख गैंड़ास बुजुर्ग राकेश तिवारी, किसान यूनियन नेता खलील शाह, सपा नेता रामदयाल यादव, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा डीपी सिंह वैस समेत समस्त कर्मचारी अधिकारी गन्ना किसान एवं क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने 14 जनवरी को होने वाले विशाल ब्राह्मण सम्मेलन को लेकर पदाधिकारियों के साथ की बैठक




**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की केंद्रीय कार्यालय पर 14 कोसी परिक्रमा में सेवा शिविर की समीक्षा बैठक और 14 जनवरी 2024 होने वाले विशाल ब्राह्मण सम्मेलन की तैयारी की रूपरेखा पर बल दिया गया बैठक में राष्ट्रीय संरक्षक पंडित राम अनुज तिवारी राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्र राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष क्षीरेश्वर दत्त मिश्र राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य जयप्रकाश तिवारी राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य प्रमोद नारायण त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष पंडित दिलीप राम त्रिपाठी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य ओम प्रकाश मिश्र जिला अध्यक्ष सत्यदेव मिश्र जिला उपाध्यक्ष राजेश चौबे जिला महामंत्री अंबरीश पांडेय जिला कोषाध्यक्ष आचार्य राकेश पांडेय जिला संगठन मंत्री घनश्याम मिश्र पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र उपाध्याय जिला कार्य समिति के सदस्य राम नयन पाठक जिला समिति के सदस्य रुपेश तिवारी मंडलीय प्रभारी सचिन तिवारी

जिलाध्यक्ष युवा बागी सुमित तिवारी विकासखंड मसौधा के अध्यक्ष संतोष पांडेय हरि नाथ मिश्र आदि परिषद के सम्मानित पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे अगली बैठक दिसंबर की प्रथम रविवार को होना सुनिश्चित हुआ है।

## राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जिला चैंपियन

**जन एक्सप्रेस । अंबेडकर नगर**

जिला मुख्यालय पर चल रही राज्य स्तरीय दो दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अंबेडकरनगर ओवर ऑल चैंपियन रहा। बहराइच जनपद के खिलाड़ियों को दूसरा व हापुड़ जनपद के खिलाड़ियों को तीसरा स्थान मिला। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

दूसरे दिन की प्रतियोगिता में मन्नत गुप्त, श्रेयांश उपाध्याय, सृष्टि रैना, तन्मय गुप्त, सक्षम मौर्या, श्रेयांश कुमार, मोहम्मद इब्राहिम, साक्षी पंडित, साना परिहार, फहाद शेख, अंश सोनकर व अक्षय प्रताप सिंह ने गोल्ड जीत कर सफलता हासिल की। निरूता चंद, प्रेरणा बिष्ट, तनीश, शिवम कुमार, अथर्व प्रताप सिंह, मोहम्मद समर, अंश वर्मा, सूर्यांश पांडेय, प्रिया त्रिपाठी, रुद्राक्ष गुप्त, नवनीत कुमार, अथर्व ओझा, रिया अग्रहरि ने सिल्वर मेडल पर कब्जा किया।

इसके अलावा श्रेजल, श्रद्धा गौड़, शिवा मिश्र, पुंज मिश्र, देवांश सिंह, सूर्यांश चौधरी, अखिल उपाध्याय, मोहम्मद अशरफ, पूजा गौड़, नेहा गुप्ता, पुनीत, गाजी अब्बास, आनंद मौर्य, मोहम्मद इब्राहिम, इंशाल राजा, अभिनव मिश्र, हसन मेहदी, मयंक राव ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल हुए। निर्णायक की भूमिका ओम बहादुर, सिराज अहमद, जगदीश यादव, राजू चौधरी, नरेश साहू, बिट्टू कश्यप, राखी प्रजापति, उज्ज्वल त्रिपाठी, माही राजभर, गौरव त्रिपाठी, सत्यम कंहार, आर्यन यादव, विशाल कुमार व प्रवीण सिंघल ने निभाई।

आयोजन अध्यक्ष रविंद्र राजभर ने बताया कि इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अंबेडकरनगर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ ही जिले को प्रथम स्थान मिला। जबकि बहराइच व हापुड़ को क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान मिला।

30वीं राष्ट्रीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता, 30वीं इंडियन राउंड सीनियर चैंपियनशिप

# पचास मीटर के मुकाबले में हरियाणा के सोनू व मणिपुर की रोजिना को स्वर्ण

### तीस मीटर की प्रतिस्पर्धा में मणिपुर के शिल्हेइबा व केरल की ऐश्वर्या ने स्वर्ण पर निशाना साधा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



भारतीय तीरंदाजी संघ और उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के संयुक्त तत्वावधान में 30 वीं राष्ट्रीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता के तहत राजकीय इंटर कालेज के मैदान पर चल रही स्पर्धाओं में मंगलवार को चौथे दिन भारतीय धनुष से तीरंदाजी करने वाले धनुर्धरों के बीच कड़ा मुकाबला चला। हालांकि आज दिन साफ होने से तीरंदाजों को अधिक कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा और हवा ने भी उनका साथ दिया। इंडियन राउंड के सभी मुकाबलों में पदक विजेता प्रतिभागियों को अपराह्न में व वितरण किया गया। 43वीं सीनियर रिकर्व चैंपियनशिप तथा 19वीं सीनियर कंपाउंड राष्ट्रीय चैंपियनशिप का अंतिम मुकाबला बुधवार को अयोध्या में सरयू तट पर स्थित राम की पैड़ी में दोपहर डेढ़ बजे से होगा।मंगलवार को विजेता तीरंदाजों को पदक वितरण भारतीय तीरंदाजी संघ के महासचिव प्रमोद कुमार चंदूलकर, उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के महासचिव अजय कुमार, भारतीय तीरंदाजी संघ के कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर, सिक्किम के सचिव केपी गुरुंग, पंजाब के अध्यक्ष आरके बाली, भारतीय तीरंदाजी संघ के प्रतियोगिता निदेशक रुपेशकर, चंडीगढ़ एसोसिएशन के सचिव अंगुम असूरी, भारतीय ओलंपिक संघ की सदस्य डोला बनर्जी और बिहार तीरंदाजी संघ के सचिव मनोज कुमार के साथ ही अयोध्या के पुलिस क्षेत्राधिकारी मधुबन कुमार सिंह ने किया। इंडियन राऊंड चैंपियनशिप के पचास मीटर के पुरुषों के मुकाबले में जहां हरियाणा के सोनू स्वर्ण पदक पर निशाना साधने में कामयाब रहे, वहीं उनके निकटम प्रतिद्वंदी छत्तीसगढ़ के विकास कुमार मात्र दो अंक से चूक गए। सोनू 336 और विकास ने 334 अंक अर्जित किए। विकास कुमार को रजत पदक मिला।

334 अंक ही अर्जित करने वाले उत्तर प्रदेश के शिवम विद्वान को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

पुरुषों के ही तीस मीटर की स्पर्धा में मणिपुर के शिलहेइबा लाइतनथेम ने स्वर्ण पर निशाना साध लिया। उन्होंने केरला के विजिथ एम बी को चार अंकों से पीछे छोड़ा। विजिथ को रजत पदक मिला।

केरला के ही दशरथ राजगोपाल को कांस्य पदक मिला। पुरुषों के एलीमिनेशन राउंड में हरियाणा के आशीष को स्वर्ण, उत्तर प्रदेश के उज्वल मुद्गल को रजत और राजस्थान के विकास यादव को कांस्य पदक हासिल हुआ।

महिलाओं की 50 मीटर की स्पर्धा में मणिपुर की रोजिना सिंह ने 332 अंक लेकर मणिपुर की ही मलेश्वरी देवी को पांच अंकों से पछाड़ा। मलेश्वरी देवी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। रोजिना को इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक मिला।

इस मुकाबले में आल इंडिया पुलिस कंट्रोल बोर्ड की टूटमोनी बोरो कांस्य पदक पाने में सफल रहीं।

महिलाओं की 30 मीटर की स्पर्धा में केरल की ऐश्वर्या एवी स्वर्ण पदक पाने में सफल रहीं। उनकी निकटम प्रतिद्वंदी मणिपुर की मनविद्या देवी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मणिपुर की ही मलेश्वरी देवी को इस प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक मिला। महिलओं के एलिमिनेशन राउंड में रोजिना सिंह को सर्वाधिक अंक अर्जित कर पहली रैंक पर रहने के लिए स्वर्ण पदक दिया गया। जबकि मणिपुर की ही मलेश्वरी देवी को रजत और पंजाब की मनजोत कौर को कांस्य पदक हासिल हुआ।

मिक्स टीम मुकाबलों में पुलिस कंट्रोल बोर्ड के अरुण बोरो और टूटूमोनी बोरो को स्वर्ण, असम के मनरंजन बोरो और पल्लवी बोरो को रजत और पश्चिम बंगाल के धनंजय राय व सुजाता मंडी को कांस्य पदक मिला। पुरुषों की टीम प्रतिस्पर्धा में उत्तर प्रदेश की टीम को स्वर्ण, हरियाणा को रजत और असम ने कांस्य पदक जीता।

महिलाओं में पुलिस कंट्रोल बोर्ड को स्वर्ण, पंजाब को रजत और झारखंड को कांस्य पदक मिला। उत्तर प्रदेश की पुरुषों की टीम में शिवम विद्वान, उज्ज्वल मुद्गल, मनीष व अभय कुमार पटेल, हरियाणा की टीम में सोनू, आशीष, राहुल व साहिल शामिल तथा असम की टीम में मनरंजन बोरो, राजेश नरजारी, दिपुल बोरो व ज्वंगसरंग बासुमतारी शामिल थे। महिलाओं में आल इंडिया पुलिस कंट्रोल बोर्ड की टीम में टूटूमोनि बोरो, राजप्रिया देवी, अरुण देवी व स्वाति मौर्य, पंजाब की टीम में मनजोत कौर, दिशा रानी, भारती व लछमी देवी तथा झारखंड की टीम में आरती कुमारी, चंदमुनि कुंकल, हीरामुनि सिंकू व अंकु कुमारी शामिल थीं।

## काशी-मथुरा में जलाभिषेक की तैयारी पूरी, हिन्दू महासभा ने पदाधिकारियों को बांटी जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अखिल भारत हिन्दू महासभा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि के आह्वान पर आगामी छह दिसंबर को काशी विश्वनाथ मन्दिर और कृष्ण जन्मभूमि मथुरा में होने जा रहे जलाभिषेक कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी की अध्यक्षता में हुई वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि जलाभिषेक कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रदेश संगठन मंत्री राजकुमार सिंह के द्वारा पूर्वांचल टीम का गठन हेतु पूर्वांचल अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह तथा सुबोध चौबे प्रदेश विशेष सलाहकार को नामित किया गया, जो जल्द ही पूर्वांचल के जिला अध्यक्षों से मिलकर टीम गठित कर बनारस में बाबा विश्वनाथ पर जलाभिषेक की व्यवस्था को संभालेंगे। जबकि श्री कृष्ण जन्मभूमि मथुरा में मथुरा से जिला अध्यक्ष छाया गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय हरियाणा, प्रदेश मीडिया प्रभारी रजत शर्मा तथा आगरा से जिला अध्यक्ष सौरभ, राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय जाट आदि पदाधिकारी मिलकर मथुरा जन्मभूमि पर जलाभिषेक के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु व्यवस्था देखेंगे। पश्चिमांचल से प्रदेश मंत्री सौरभ सिंह राजावत अपनी टीम के साथ व्यवस्था को देखेंगे।प्रदेश महामंत्री सिद्धार्थ दुबे के द्वारा जलाभिषेक के कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश व जिलाधिकारी वाराणसी तथा जिलाधिकारी मथुरा को पत्र के माध्यम से अनुमति एवं व्यवस्था देने हेतु पत्र के माध्यम से निवेदन किया गया है।

श्री त्रिवेदी ने बताया कि बबिता यादव हिन्दू महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष अपनी प्रदेश व अपने जिला अध्यक्षों की टीम की हजारों महिलाओं के साथ जलाभिषेक करने का आवाहन किया। प्रदेश प्रवक्ता बाबा महादेव, प्रदेश मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र, प्रदेश कोषाध्यक्ष चंद्र मौली शुक्ला, प्रदेश मंत्री धर्मेंद्र पांडे, प्रचार मंत्री सुनील कुमार सिंह, प्रदेश मंत्री सुमन उपाध्याय आदि पदाधिकारी कमान संभालेंगे।

## बोर्ड परीक्षा की सूची को लेकर 52 आपत्तियां दर्ज

**जन एक्सप्रेस । अंबेडकर नगर**

यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए प्रस्तावित केंद्रों की सूची को लेकर अब तक कुल 52 आपत्ति दर्ज हुईं हैं। इसमें केंद्र बनाए गए कई विद्यालय प्रबंधन की आपत्ति भी शामिल है। किसी ने संसाधनों का अभाव बताया तो किसी ने उपलब्ध फर्नीचर से अधिक परीक्षार्थी होने की शिकायत की है। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए बीते दिनों माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जिले के 101 परीक्षा केंद्रों की प्रस्तावित सूची डीआईओएस कार्यालय को उपलब्ध कराई थी। इसके साथ ही 28 नवंबर तक आपत्तियां दर्ज कराए जाने का भी निर्देश दिया गया था। मालूम हो कि विगत वर्ष की तुलना में इस बार 18 परीक्षा केंद्र कम किए गए हैं। विगत वर्ष 119 परीक्षा केंद्र थे जबकि इस बार 101 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित हैं। दरअसल विगत वर्ष की तुलना में इसबार लगभग छह हजार परीक्षार्थियों की संख्या कम है। इस बीच सोमवार तक डीआईओएस कार्यालय में 52 आपत्ति दर्ज हुई हैं। इन आपत्तियों में कई ऐसे विद्यालय प्रबंधन भी शामिल हैं जिन्हें केंद्र बनाया गया है। किसी ने चहारदीवारी व फर्नीचर न होने का हवाला दिया तो किसी ने सीसीटीवी कैमरा न होने की बात कही। छात्र संख्या आदि के आधार पर भी अपना पक्ष रखा है। डीआईओएस कार्यालय के अनुसार आरडी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुर्कीबाजार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज इधना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज रामनगर, राजकीय हाईस्कूल पहितीपुर आदि विद्यालयों ने अलग अलग प्रकार की आपत्तियां दर्ज कराई हैं।

## बार एसोसिएशन महामंत्री के बड़े भाई पंचतत्व में हुए विलीन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

बार एसोसिएशन जनपद अयोध्या के महामंत्री विपिन कुमार मिश्रा के बड़े भाई, कचहरी के वरिष्ठ मुंशी, राजेंद्र मिश्रा (72) का अंतिम संस्कार दिलासीगंज स्थित श्मशान घाट में किया गया, सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता गणों द्वारा शमशान घाट पहुंचकर वरिष्ठ मुंशी राजेंद्र मिश्रा को नव आंखों से अंतिम विदाई दी गई, श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले प्रमुख लोगों में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय, पूर्व अध्यक्ष बब्बन चौबे, वरिष्ठ अधिवक्ता विश्वनाथ तिवारी, अधिवक्ता राम अनुराग, अधिवक्ता मनीष कुमार पांडेय, अधिवक्ता राजीव कुमार शुक्ला, अधिवक्ता विनोद उपाध्याय मनोज कुमार सिंह, पूर्व कोषाध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता विजय द्विवेदी, अधिवक्ता बृजेश चंद्र मिश्र, राजकुमार मौर्य राम नारायण तिवारी, संयुक्त मंत्री द्वितीय रविंद्र पांडेय, मंत्री प्रथम राजेश श्रीवास्तव, कोषाअध्यक्ष मुन्ना सिंह, कार्यकारिणी सदस्य रणधीर पांडेय, योगेश पांडेय, अधिवक्ता धनुष श्रीवास्तव, अधिवक्ता अखंड यादव, अधिवक्ता अमरीश शुक्ला, अधिवक्ता अमन श्रीवास्तव, अधिवक्ता विकास पांडेय, अशोक सिंह मुन्ना, गोपाल उपाध्याय रजनीकांत त्रिपाठी, रामवीर विश्वकर्मा दिनेश मौर्य विष्णु सारस्वत, सहित सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

## भागवत कथा में राम व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन

**जन एक्सप्रेस । पूरा बाजार-अयोध्या**

सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन अयोध्या से पधारे कथा व्यास प्रभंजनानंद शरण जी महाराज ने भगवान का बामन अवतार, रामावतार व भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव आदि प्रसंग का वर्णन किया। कथावाचक ने व्याख्यान करते हुए कहा की श्रीकृष्ण का जीवन ही संघर्ष से शुरू हुआ। लेकिन इसका सिकन कभी उनके चेहरे पर नहीं दिखा। वह हमेशा मुस्कराते हुए वंशी बजाते रहते थे। द्वापर युग में भोजवंशी राजा उग्रसेन मथुरा में राज करता था। उग्रसेन की पुत्री देवकी व पुत्र का नाम कंस था। देवकी का विवाह वासुदेव नामक यदुवंशी सरदार से हुआ। एक समय कंस अपनी बहन देवकी को उसकी ससुराल पहुंचाने जा रहा था। रास्ते में आकाशवाणी हुई- हे कंस, जिस देवकी को तू बड़े प्रेम से ले जा रहा है, उसी में तेरा काल बसता है। इसी के गर्भ से उत्पन्न आठवां बालक तेरा वध करेगा। भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि की घनघोर अंधेरी आधी रात को रोहिणी नक्षत्र में मथुरा के कारागार में वासुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। यह तिथि उसी शुभ घड़ी की याद दिलाती है और सारे देश में बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है।

## धार्मिक स्थलों से उतारे 283 लाउडस्पीकर

**जन एक्सप्रेस । अंबेडकर नगर**

जिले के सभी पांच तहसील क्षेत्रों में सोमवार को मंदिरों, मस्जिदों व गुरुद्वारों से लाउडस्पीकर उतारने का विशेष अभियान चला। इस दौरान 283 लाउडस्पीकर उतारे गए। चेतावनी भी दी कि यदि दोबारा लाउडस्पीकर लगाया गया तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए शासन ने सभी मस्जिदों, मंदिरों व गुरुद्वारों से लाउडस्पीकर उतारने का निर्देश दे रखा है। 23 नवंबर से 22 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया जाना है। शासन के निर्देश पर पुलिस प्रशासन ने बीते दिनों मंदिरों, मस्जिदों व गुरुद्वारों से जुड़े जिम्मेदारों को नोटिस जारी कर निर्देशित किया था कि वे स्वयं ही लाउडस्पीकर उतार लें। साथ ही यह भी कहा गया कि धीमी आवाज में लाउडस्पीकर लगाने के लिए भी अनुमति लेनी होगी।

कुछ मंदिरों व मस्जिदों से तो लाउडस्पीकर उतार दिए गए लेकिन ज्यादातर पर लगे रहे। लाउडस्पीकर की आवाज धीमी रखने पर भी ध्यान नहीं दिया गया। इस पर सोमवार को एसपी अजीत कुमार सिन्हा के नेतृत्व में लाउडस्पीकर उतारने का विशेष अभियान चला। अकबरपुर, टांडा, भीटी, जलालपुर व आलापुर में एक साथ चले अभियान में लगभग 283 मस्जिदों, मंदिरों व गुरुद्वारों से लाउडस्पीकर उतारे गए।

सीओ सदर सुरेश कुमार मिश्र ने बताया कि अकबरपुर सर्किल क्षेत्र में लगभग 100 लाउडस्पीकर उतारे गए।

उधर एसपी ने बताया कि सोमवार को चले विशेष अभियान में जिले में 283 लाउडस्पीकर को उतरवाया गया। सभी सीओ व थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि शासन के निर्देशानुसार मंदिरों, मस्जिदों व गुरुद्वारों आदि धार्मिकस्थलों से मानकों के विपरीत लगे लाउडस्पीकर को उतरवाएं।

## जनवादी लेखक संघ ने दी शायर सलाम जाफरी को श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

जनवादी लेखक संघ के सदस्य और मशहूर शायर सलाम जाफरी साहब के निधन पर जलेस के सभी सदस्यों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। सचिव डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि उनके जाने से न केवल उर्दू शायरी बल्कि प्रगतिशील और लोकतांत्रिक साहित्य के एक महत्वपूर्ण स्तम्भ को हम सभी ने खो दिया है। वे अपने अंदाज़े बयाँ और कहन के मिज़ाज में एक अलहदा अदबी शख्यिसत के मालिक थे।

वरिष्ठ शायर मुज़म्मिल फिदा ने उनके जीवन के बारे में तफसील से बताते हुए कहा कि सलाम साहब एंग्लो इंटर कॉलेज, पटरंगा-बाराबंकी में उर्दू लेक्चरर थे और 7 साल पहले रिटायर्ड होकर भी तालीम से जुड़े रहे। उनका अस्ल नाम उबैदुस्सलाम खान था, उनके वालिद उर्दू के मशहूर उस्ताद मास्टर लाल खान साहब फैजाबाद में फॉर्ब्स कॉलेज, फैजाबाद में अध्यापक रहे।

सलाम जाफरी साहब कई स्कूल-कॉलेजों से जुड़े रहे और उनकी कमेटी में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष या मैनेजर थे। अमन कमेटी में उन्होंने उपाध्यक्ष रहते हुए कई बड़े काम किए। तालीम के साथ-साथ उनका उर्दू शायरी में अच्छा दखल था, पूरे भारत में उन्होंने फैजाबाद-अयोध्या की पहचान कराई। सलाम साहब एक होनहार शायर के साथ-साथ नेक दिल इंसान थे, और उनके जाने से पूरा शहर अफसोसजदा सलाम जाफरी साहब की शायरी आसान लफ्जों में हुआ करती थी, जो हमेशा लोगों की जबान पर रहेगी।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीखा नो फायर कुकिंग के गुर

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डिवाइन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को ÷नो फायर कुकिंग कंपटीशन÷ का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़कर नो फायर कुकिंग के गुरु सीखे।

जानकारी के अनुसार 28 नवंबर को डिवाइन पब्लिक स्कूल में आयोजित नो फायर कुकिंग कंपटीशन में कक्षा 4 से कक्षा 8 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों ने बिना आग जलाये ही तमाम तरह के खाद्य सामग्री को बनाया। कंपटीशन में जज की भूमिका निभा रहे डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आशीष उपाध्याय ने बच्चों द्वारा बनाये हुए खाने की डिश को चखा और प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों का नाम चयनित किया गया, जिन्हें वर्ष के आखिर में सम्मानित किया जाएगा। बच्चों ने कंपटीशन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और घर से ही तमाम नो फायर कुकिंग के तहत बनने वाले खाद्य सामग्री व डिश के लिए सामान लाकर उन्हें तैयार करने का काम किया। कई घंटे की मेहनत के बाद एक बाल मेले के तौर पर उसे स्कूल के प्रांगण में बच्चों ने सजाया । इसके बाद डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आशीष उपाध्याय ने बतौर जज एक-एक बच्चों की टीम द्वारा बनाए गए डिश का स्वाद भी चखा। बच्चों ने अंकुरित चने, सलाद, जलजीरा पानी, कोल्ड कॉफी, सैंडविच, भेलपुरी फ्रूट चाट और केक बना कर परोसा। डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आशीष उपाध्याय ने बताया कि बच्चों को नो फायर कुकिंग कंपटीशन इसलिए कराया जा रहा है, क्योंकि आने वाले समय में यही बच्चे अपने जिले से बाहर प्रदेश के कई अच्छे इंस्टिट्यूट में पढ़ाई के लिए जाएंगे। ऐसे में केवल आग के इस्तेमाल से बनी हुई चीजों के अतिरिक्त भी इन्हें नो फायर कुकिंग भी आनी चाहिए। जिससे वह भूख लगने पर स्वतः ही अपने लिए भोज्य सामग्री बनाकर अपना भरण पोषण कर सके। इसीलिए उन्हें इस कंपटीशन में हिस्सा लेने के लिए कहा गया था बच्चों ने बहुत बेहतर काम किया है और उन्होंने जो फायर कुकिंग कंपटीशन में हिस्सा लेकर यह साबित कर दिया कि वह किसी भी दौर में किसी भी समय खुद के लिए नो फायर कुकिंग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कंपटीशन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पोजिशन पर चयनित छात्र छात्राओ को शैक्षणिक सत्र के अंतिम दौर में सम्मानित भी किया जाएगा।

# जंगल से निकलकर घर में घुसे तेंदुआ ने तीन बकरियों को बनाया निवाला

- तेंदुआ के हमले से वन विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश
- वन विभाग की टीम ने बकरी के शवों को पोस्टमार्टम के बाद कराया दफन

जन एक्सप्रेस । प्रशांत शर्मा



**पूरनपुर।** जंगल से निकलकर ग्रामीण के घर में घुसे तेंदुआ ने हमला कर दो बकरियों को निवाला बना लिया।शोर शराब करने पर तेंदुआ एक बकरी को उठाकर जंगल की ओर भाग गया। घटना की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने बकरी के शव को पोस्टमार्टम के बाद दफन करा दिया। घुंघचाई थाना क्षेत्र की मटेहना कलोनी पीटीआर की दियोरिया रेंज के जंगल से सटी हुई है।तार फेंसिंग न होने के कारण अक्सर वन्यजीव जंगल से निकलकर आबादी में पहुंच जाते हैं। कई बार हिंसक वन्यजीव ग्रामीणों पर हमला कर घायल कर चुके हैं। सोमवार रात्रि लगभग दस बजे दियोरिया रेंज के जंगल से निकला तेंदुआ मटेहना कलोनी नंबर 11 निवासी गौरी शंकर के घर में घुस गया। तेंदुआ ने हमला कर घर में बंधी तीन बकरियों को निवाला बना लिया।बकरियों के चीखने चिल्लाने पर स्वजनों की नींद खुल गई।आंगन में तेंदुआ को खडा देख परिवार सहम गया।आस पड़ोस के लोगों को एकत्र कर शोर शराबा करने पर तेंदुआ एक बकरी के शव को उठाकर जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह घटना की सूचना वन विभाग को दी। घटना की जानकारी पर दियोरिया रेंज की घुंघचाई वन चौकी प्रभारी मंगली प्रसाद व पूरनपुर सामाजिक वानिकी फॉरेस्ट गार्ड सुरजीत कुमार, टाइगर ट्रेकर मौके पर पहुंच गए।वन विभाग की टीम ने बकरियों के शव को पोस्टमार्टम के बाद दफन करा दिया।आबादी में तेंदुआ की चहल कदमी से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

> मटेहना कलोनी में तेंदुआ के हमले में बकरियों की मौत की जानकारी मिली थी। टीम को मौके पर भेजा गया था। पिपरिया संतोष में बाघ के पगमार्क मिले हैं।देर शाम तक बाघ की कोई लोकेशन नहीं मिली। टीम लगातार बाघ की निगरानी कर रही है।
> –पीयूष मोहन श्रीवास्तव, रेंजर सामाजिक वानिकी पूरनपुर

### पिपरिया संतोष में नहीं दिखा बाघ

दो माह से पिपरिया संतोष में आबादी के आसपास चहलकदमी कर रहा बाघ हमला कर कई आवारा पशुओं को निवाला बना चुका है। मंगलवार वन क्षेत्राधिकार ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पगमार्क ट्रेस किए। देर शाम तक वन विभाग को बाघ की कोई लोकेशन नहीं मिली।

### उदय करनपुर में मिले बाघ के पग मार्क

जंगल से निकाला बाघ दो सप्ताह से शाहगढ़ की खन्नौत नदी में डेरा जमाए हुए हैं। सोमवार खन्नौत नदी से निकाला बाघ उदय करनपुर निवासी फार्मर सोनी सिंह के घर के पास पहुंच गया। घर के आसपास चहलदमी करने के बाद बाघ खन्नौत नदी में वापस चला गया। सूचना के बाद मौके पहुंची पूरनपुर सामाजिक वानिकी विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पगमार्ग ट्रेस किए।

# चंदिया हजारा में मांगें पूरी न होने तक जारी रहेगा धरना-प्रदर्शन

- ग्रामीण बोले, जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित धरना टला लेकिन अभी हार नहीं मानी
- चंदिया हजारा में महिलाओं ने भूख हड़ताल कर मांगों को पूरा कराने की आबाज उठाई




जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** तीन प्रमुख मांगों को लेकर बाढ़ प्रभावित गांव चंदिया हजारा में चल रहा धरना प्रदर्शन मंगलवार को 79वें दिन भी जारी रहा। महिलाओं ने धरना स्थल पर भूख हड़ताल पर बैठकर अपनी मांगों को पूरा कराने की आबाज उठाई। उनका कहना था कि तहसील प्रशासन के भरोसा देने पर जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित धरना प्रदर्शन की तारीख टाल दी लेकिन अभी हार नहीं मानी है। खेल मैदान पर चल रहा धरना प्रदर्शन मांगे पूरी होने के बाद ही समाप्त होगा। अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो आगामी 15 दिसंबर को जिला मुख्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पूरनपुर के गांव चंदिया हजारा के खेल मैदान पर चंदिया हजारा क्षेत्र बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले 11 सितंबर से धरना प्रदर्शन चल रहा है। इसमें रोजाना बाढ़ प्रभावित गांव राहुलनगर मजदूर बस्ती, चंदिया हजारा, खिरकिया बरगदिया, कालोनी नंबर छह के बाढ़ पीड़ित शामिल हो रहे हैं। मंगलवार को भी आंदोलनकारियों की भूख हड़ताल जारी रही। इस दिन शोभारानी सरकार, शीला सरकार, लेबू मंडल, शोभासिनी साना, अंधारी सरकार, मालती राय, तारामणि बैरागी, सुसुमा सरकार, अनिमा मिस्त्री, नमिता साना, शिपाली मल्लिक, सावित्री राय, पूर्णिमा गुप्ता, कालिधनी सरकार, गीता मंडल भूख हड़ताल पर बैठीं। संघर्ष समिति महिला संगठन की सुचित्रा विश्वास ने बताया कि चंदिया हजारा में चल रहा धरना प्रदर्शन मांगे पूरी होने पर ही समाप्त होगा। एक दिन पहले एसडीएम और तहसीलदार ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलनकारियों से वार्ता की। उन्होंने 30 नबंवर को जिला मुख्यालय पर होने वाले धरना प्रदर्शन को टालने का आग्रह किया था। उन्होंने मांगे पूरी कराने का भरोसा भी दिया। इसपर प्रस्तावित धरना टाल दिया लेकिन चंदिया हजारा में धरना जारी रखने और 14 दिसंबर तक मांगे पूरी न होने पर अगले दिन 15 दिसंबर को जिला मुख्यालय पर व्यापक स्तर पर धरना प्रदर्शन करने की बात कही गई थी। संघर्ष समति के प्रवीर सरकार व प्रधान वासुदेव कुंडूने बताया कि चंदिया हजारा में अनशन जारी है और तब तक जारी रहेगा जब तक बाढ़ पीड़ितों की मांगे पूरी नहीं हो जाती।

# एसएसबी ने कैंप में 356 पशुओं का कराया स्वास्थ्य परीक्षण



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

- पशु चिकित्सा नागरिक कल्याण के तहत हुआ कार्यक्रम का आयोजन
- पशुपालकों को निशुल्क दवाइयोन का किया गया वितरण

**हजारा(पूरनपुर)।** नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल ने पशु चिकित्सा नागरिक कल्याण के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया।सैकड़ो पशुओं के रोगों की जांच पड़ताल कर पशुपालकों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया। इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में तैनात 49वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की बीओपी चौकी कंबोज नगर के सहायक कमांडेंट आई जमीर के नेतृत्व में गांव कंबोज नगर में एनिमल मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें पशु चिकित्सा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत कंबोज नगर एवं आसपास के गांव के सैकड़ो पशुपालकों के पशुओं की बीमारी की जांच की। निशुल्क दवाइयों का वितरण सशस्त्र सीमा बल के द्वारा किया गया है।सशस्त्र सीमा बल के पशु चिकित्सा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के आयोजन का नेतृत्व श्रीमती शालिनी कुमारी द्वितीय कमान अधिकारी ने किया। सशस्त्र सीमा बल के द्वारा एकत्र पशुपालकों को पशुओं के रोग एवं उनके रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई है।यहां बता दें कि भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात 49वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा सीमा सुरक्षा के साथ-साथ नागरिक जन कल्याण के कार्यक्रम भी आयोजित समय-समय पर किया जाता है। जिसका फायदा सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों को मिलता है।इस वेटरनरी मेडिकल कैंप में 110 गाय,भैंस,17 भेंड बकरी,220 मुर्गी,9 स्वान सहित कुल 356 पशुओं की स्वास्थ्य की जांच की गई। संबंधित पशुपालकों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया है।सशस्त्र सीमा बल के द्वारा सैकड़ो पशुपालकों को निशुल्क दवाई का वितरण करने से पशुपालकों के चेहरे पर खुशी की लहर देखी गई है।

# कबड्डी प्रतियोगिता लड़कियों में ब्लू हाउस की टीम ने मारी बाजी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**मुंगरा बादशाहपुर।** एम बी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में मंगलवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। कक्षा एक से लेकर 10 तक के बच्चों ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। खेलकूद प्रतियोगिता की आखिरी दिन बच्चों ने 200 व 400 मीटर रेस, कबड्डी, रास्सा कसी, लंबी कूद, खो खो व वॉटर फिलिंग में चार हाउस जिसमें रेड, ग्रीन, येलो व ब्लू हाउस ने हिस्सा लिया। 200 मीटर लंबी दौड़ प्रतियोगिता में रेड हाउस व ब्लू हाउस प्रथम रहा। कबड्डी प्रतियोगिता लड़कों में ब्लू हाउस वी रेड हाउस के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें 8 पॉइंट से रेड हाउस तथा लड़कियों में 5 पॉइंट से ब्लू हाउस प्रथम रहा। स्लो साइकिल में ग्रीन हाउस प्रथम व ब्लू हाउस द्वितीय स्थान रहा।लंबी कूद प्रतियोगिता में रेड हाउस प्रथम व ग्रीन हाउस द्वितीय स्थान रहा। रस्सा कशी लड़कों में रेड हाउस प्रथम व ग्रीनहाउस द्वितीय तथा लड़कियों में ब्लू हाउस प्रथम व रेड द्वितीय स्थान रहा। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी त्रिवेणी सिंह ने उत्कृष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में विमलेश पाल, प्रिया पाल, आयुषी, रिया ,अनु, हिमांशु ,निष्ठा ,तनु ,अवनीश, जयपाल ,प्राची व खुशी को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें। खेल प्रतियोगिता से बच्चों में मानसिक तनाव दूर होता है। प्रबंधक भोलानाथ पाल ने सभी खेलों में ब्लू हाउस प्रथम व रेड हाउस द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सम्मानित किया। प्रधानाचार्य पीटर सभा नायक ने रेफरी की भूमिका निभाई। इस अवसर पर सपना सिंह, राम आसरे, सुमन, रोशनी, विजय गुप्ता ,अजय व होरीलाल आदि लोग मौजूद रहे।

# साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल 1930 पर करें कॉल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** मंगलवार को नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी पूरनपुर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने साइबर क्राइम से संबंधित विस्तार से जानकारी जुटाई। पुलिस ने उनको साइबर ठगी से बचने के तरीके बताए। साथ ही कहा कि साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करनी चाहिए। गन्ना कालेज के छात्रों ने पूरनपुर में कोतवाली पहुंचकर छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभाग किया। इसका विषय साइबर क्राइम था। सब इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने छात्रों को बताया कि साइबर अपराध एक ऐसा अपराध है जो कम्प्यूटर और नेटवर्क के माध्यम से किया जाता है। इसमें गतिविधियों की विस्तृत श्रृंखला जैसे गैरकानूनी रूप से किसी की निजी जानकारी प्राप्त करना, जानकारी मिटाना, उसका गलत इस्तेमाल करना, उसमें फेरबदल करना, ऑनलाइन बैंक खातों से पैसे चुराना आदि हैं। इसलिए लोगों को मोबाइल फोन और कंप्यूटर का इस्तेमाल सावधानी से करना चाहिए। क्राइम इंस्पेक्टर प्रेमपाल सिंह ने स्वयंसेवकों को बताया कि साइबर अपराध की मूल समस्या लालच है। किसी अनजान व्यक्ति से बैंक एवं निजी जानकारी शेयर न करें। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा ने स्वयंसेवकों को इस जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शाहिद खान कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस, स्वयंसेवकों में संध्या देवी, सलोनी चौहान, साहेरीन बी, पूरबी शर्मा, ज्योति, रोहित कुमार, मनोज वर्मा, अंकित शर्मा आदि शामिल रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### भूमि विवाद में खूनी संघर्ष आधा दर्जन घायल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शाहगंज।** जौनपुर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत छताई रसूलपूर गांव में जमीनी विवाद को लेकर पडोसियों में चले लाठी डंडे से छ महिला घायल हो गई। परिजनों ने सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। क्षेत्र के रसूलपूर गांव में जमीनी विवाद को लेकर पडोसियों में सोमवार की रात में हुई मारपीट की घटना में जमकर चले लाठी डंडे में एक पक्ष से 30 वर्षीय मधु पत्नी सूर्य भान,20 वर्षीय किरन पुत्री महाजन, 35 वर्षीय पूनम पुत्री महाजन वहीं दूसरे पक्ष से मुन्नी लाल की 51वर्षीय पत्नी उर्मिला 24 वर्षीय शीला, व 22वर्षीय सुसीता पुत्रीगण मुन्नीलाल गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद परिजनों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दे सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय पुरुष चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद पांच की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। वहीं दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई हैं।

### दबंगों ने घर में घुसकर युवक को मार कर किया जख्मी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जमीन पकड़ी गांव में दबंगों ने घर में घुसकर एक युवक को मार कर जख्मी कर दिया। घर में रखे सामानों से तोड़फोड़ की। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार जमीन पकड़ी गांव निवासी सरोज यादव के पुत्र 17 वर्षीय उपेंद्र यादव मंगलवार को घर मे अपना काम का निपटा रहे थे। इसी दौरान करीब चार लोग धारदार हथियार डंडे लेकर घर में घुसे और उपेंद्र को बिना कुछ कहे मारना पीटना शुरू कर दिया । उपेंद्र के शरीर व सर में गंभीर चोटे आए और किसी तरह वह को चिल्लाते हुए बाहर भागे और अपने अपनी जान बचाई ।इस दौरान दबंगों ने घर में तोड़फोड़ की और घर में रखे सामान उठा लेंगे और घटना से आसपास के लोग दौड़े ।घायल उपेंद्र ने किसी तरह पुलिस को सूचना दिए और इसके बाद पुलिस को घायल उपेंद्र ने नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग कि। पीड़ित उपेंद्र ने कहा है कि दबंग लोग उसे जान मारने की धमकी दिए हैं। और आए दिन परिवार को धमकाते रहते हैं बाहरी बदमाश को बुलाकर धमकाते हैं। मेरा पूरा परिवार दहशत में जी रहा है।

### मस्जिदों पर लाउडस्पीकर बजा तो होगी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** खुटहन थाना परिसर में सोमवार को पीस कमेटी की बैठक की गई। जिसे संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि मस्जिदों से लाउडस्पीकर तत्काल उतार लें। यदि आवाज सुनाई पड़ी या शिकायत मिली तो जिम्मेदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने उपस्थित जनों से क्षेत्र में प्रेम सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं कोई भी अवैध कारोबार हो रहा हो तो पुलिस को तुरंत सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रहेगा। इस मौके पर उप निरीक्षक सर्वजीत यादव, बौड़म यादव, गुप्तेश्वर राय आदि मौजूद रहे।

### विवाहिता की फांसी पर लटकती मिली लाश

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के वाजिदपुर उत्तरी मोहल्ले में विवाहिता की फांसी पर लटकती लाश को पुलिस ने बरामद किया है। उक्त मोहल्ला निवासी कालिका नंदन विश्वकर्मा की 27 वर्षीय पत्नी दीक्षा उर्फ ज्योति विश्वकर्मा कि उन्हें के घर में फांसी पर लटकती हुई लाश मंगलवार दिन के लगभग 11 बजे देखी गई। महिला की लाश जब फांसी पर लटकी हुई थी उसी समय उसके तीन बच्चे स्कूल गए हुए थें। घटना की जानकारी मिलते ही शहर कोतवाल मिथिलेश कुमार मिश्रा चौकी व प्रभारी राज कॉलेज राम प्रकाश यादव और चौकी प्रभारी भंडारी तारकेश्वर प्रसाद राय सहयोगी जवानों के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस मामले को आत्महत्या बता रही है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मिथिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मायके वालों को इसकी सूचना भेजी गई है।

### देव दीपावली पर दीपों से सजाया गया सई नदी व शाहीपुल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र में देव दीपावली के पावन पर्व पर जलालपुर स्थित सई नदी व शाहीपुल पर 501 दिए जलाये गए देव दीपावली के अवसर शाहीपुल पर मर्सी क्लब के चेयरमैन एजाज अहमद ने लाल फीता काटा और कहा कि ये पहली बार हैं लेकिन हम अगली बार और बेहतर करेंगे चेयरमैन ने कहा की भारतीय संस्कृति के अनुसार ये कहा जाता हैं की देव दीपावाली के पावन पर्व पर देवता स्वयं पृथ्वी पर आते है तो क्यों न हम उनके स्वागत में हर क्षेत्र को रोशनीमय कर दे मुख्य रूप से क्लब सदस्य रतन लाल मौर्या भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता , अर्जुन गुप्ता, शुभम मोदनवाल, दिलबहार, आदी लोग मौजूद रहे।

# फिर गरजे सांसद वरुण गांधी, अपने दो दिवसीय दौरे पर आए सांसद ने मंगलवार को जनसंवाद कार्यक्रमों को किया संबोधित

- नौकरी न देने से सरकार का एक लाख करोड़ रुपये बच रहा है, जिससे आटा, दाल, चना दिया जा रहा है: वरुण गांधी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



सांसद वरुण गांधी दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को जिले में पहुंचे। उन्होंने बरखेड़ा क्षेत्र के पिपरा खास, मूसेपुर, मुसरह, डंडिया भगत, सौंधा, उमरिया, पकड़िया, बेलादांडी, नगरा फिजा, गजहड़ा, बेनीपुर व बुहिता आदि गांव में जनसंवाद कार्यक्रमों को संबोधित किया।
इस दौरान सांसद ने कहा कि देश में एक करोड़ सरकारी नौकरियां खाली है। अब सवाल है कि क्यों खाली हैं। अब सभी नौकरियां संविदा की हो गई हैं। संविदा की नौकरी इसलिए हैं कि जब चाहे रख लें और जब चाहे निकाल दें। संविदा में न तो बीमा है और ही कोई अन्य सुविधा है। नौकरी न देने से सरकार का एक लाख करोड़ रुपये बच रहा है, जिससे आटा, दाल, चना दिया जा रहा है। यही पैसा चुनाव में खर्च किया जाता है। किसान आंदोलन पर सांसद ने कहा कि वह अकेले ऐसे सांसद हैं जिसने आवाज उठाई। आंदोलन में 500 किसान दिल्ली में शहीद हो गए। उनकी कोई कीमत नहीं। सांसद बोले कि देश में 10 लाख करोड़ रुपये का लोन दिया गया है। इसमें आठ लाख करोड़ उद्योगपतियों को दिया है। मात्र 12 फीसदी लोन पूरे देश के लोगों को दिया गया है। उन्होंने अपने स्तर से जब व्यवस्था को दिखवाया तो बहुत बड़ी मनमानी देखने को मिली। आम आदमी को लोन मिलना आसान नहीं है। बिना सुविधा शुल्क दिए लोन नहीं पास होता है। सांसद बोले कि लोग लोन इसलिए लेते हैं कि वह अपने बच्चों की फीस जाम कर सकें, बीमारी का इलाज, छोटा व्यापार आदि के लिए लोग लोन लेते हैं, जिसमें उनसे सु?विधा शुल्क की डिमांड की जाती है। बोले कि आजादी के 75 साल हो गए हैं। लेकिन हम कहां खड़े हैं। आजादी की लड़ाई का पूर्ण उद्देश्य था कि हिन्दुतानियों को किसी भी दशा में झुकना न पड़े, लेकिन आज की ?स्थित कुछ अगल है। थाने या अन्य सरकारी दफ्तरों में लोगों को न सिर्फ झुकना पड़ रहा है बल्कि धक्के खाना पड़ रहे हैं। यह कैसी आजादी हो गई है। अपने काम के लिए अफसरों और कर्मचारियों के आगे हाथ जोड़ना पड़ता है।
जनसंवाद कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से सांसद सचिव कमलकांत, प्रभारी राकेश सहरावत, कमलेश वर्मा, विनय तिवारी, परमेशरी दयाल गंगवार, सूरज शुक्ला, सुमित मिश्रा, दीपक पांडेय मलखान सिंह, राजेश सिंह,गोपाल, प्रकाश शर्मा, भूपराम मौर्या आदि मौजूद रहे। सांसद वरुण गांधी मंगलवार की शाम अपने प्रतिनिधि व पूर्व चेयरमैन प्रदीप जायसवाल के पुत्र के शादी समारोह में भी शरीक हुए और नव विवाहित जोड़े को अपना आशीर्वाद दिया।

# सड़क निर्माण में अनियमितता बरतने को लेकर भड़का ग्रामीणों का आक्रोश



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

केराकत तहशील क्षेत्र के सरकी व मुर्की संपर्क मार्ग पर हो रहे सड़क मरम्मत में अनियमितता बरतने की खबर होते ही मंगलवार की सुबह ग्राम प्रधान मो सादिक के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन से अधिक ग्रामीण कार्य स्थल पहुंच काम को बंद कराकर प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। ग्रामीणों के प्रदर्शन को देख सड़क मरम्मत का कार्य कर रहे सभी मजदुर काम को बंद कर ठेकेदार अमित सिंह निवासी (बस्ती जिले) और जेई अवधेश यादव सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया की एक हफ्ते पूर्व में बोल्डर गिट्टी गिराकर बिना साफ सफाई किये ही सरकी राजबाहा नहर मार्ग पर पिच रोड़ कार्य करने लगे। गिट्टी जगह-जगह बिखर गई थी। मार्ग में जगह-जगह गड्ढे बन गए थे। ग्रामीणों ने लेपन का कार्य अत्यंत घटिया सामग्री का प्रयोग होता देख ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना मछलीशहर सांसद बी.पी. सरोज को दिया। वही सांसद ने बताया की काम को रोकवा दीजिये हम विभागीय जाँच करवा रहे हैं। वही जब इस संबंध में ठेकेदार से टेलिफ़ोन वार्ता की गयी तो उन्होंने बताया की जो सड़क गलत तरीके से बनाई गई है हम उसको मानक के अनुरूप गुणवत्तापरक कार्य करेंगे। इस अवसर पर मुर्की ग्राम प्रधान मोहम्मद सादिक, अभिनव कुमार सिंह, रशीद अहमद, अशफाक अहमद, अभिषेक सिंह सूरतपुर, सिराज अहमद, अब्दुल रहमान, मो. साहिद के साथ तमाम लोग शामिल रहे।

# पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय क्रिकेट महिला प्रतियोगिता

- पूर्वान्चल विश्वविद्यालय और ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा मैच टाई हो गया

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय क्रिकेट महिला प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मैच में हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग एवं पं० रवि शंकर शुक्ला विश्वविद्यालय, रायपुर के बीच खेला गया। हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 126 रन बनाये, जिसमें लेखिका यादव ने 32 गेद पर 2 चैके की मदद से 29 रन, मोहसिना शेख ने 25 गेंद पर 20 रन एवं पल्लवी वर्मा ने 15 गेंद पर 1 चैके की मदद से 19 रन का योगदान रहा। गेंदबजी में हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की तरफ से पूर्वा देवांगन ने 04 ओवर में 22 रन देकर 02 विकेट एवं मांषी मौर्या ने 4 ओवर में 21 रन देकर 01 विकेट प्राप्त किया। 127 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए हेमचन्द यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग ने 17.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 49 रन ही बना सकी। जिसमें मांषी सिंह ने 50 गेद पर 1 चैके की मदद से 15 रन का योगदन रहा। गेंदबजी में पं0 रवि शंकर शुक्ला विश्वविद्यालय, रायपुर की तरफ से निषा वर्मा ने 04 ओवर में 08 रन देकर 03 विकेट एवं संजीता पटेल ने 04 ओवर में 13 रन देकर 02 विकेट प्राप्त किया। इस प्रकार से पं0 रवि शंकर शुक्ला विश्वविद्यालय, रायपुर ने हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को 78 रनों से हराकर अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता हेतु अर्हता प्राप्त की। लीग राउण्ड के पहला मैच में वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर एवं ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के बीच खेला गया। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा ने 19.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 84 रन बनाया, जिसमें आरती ने 10 गेंद पर 3 चैके की मदद से 13 रन एवं आर्या सेठ ने 25 गेंद पर 12 रन का योगदान रहा। गेंदबाजी में वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर की तरफ से सोनाली सिंह ने 4 ओवर में 22 रन देकर 4 विकेट, अलमास भारद्वाज ने 3.4 ओवर में 13 रन देकर 3 विकेट एवं अनवेषा चटर्जी ने 3 ओवर में 6 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किये। निर्धारित लक्ष्य 85 रन का पीछा करते हुए वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर की टीम ने 20 ओर में 7 विकेट खोकर 84 रन ही बना सकी, जिसमें नीतू गौर 54 गेंद पर 1 चैके की मदद से 37 रन एवं अनवेषा चटर्जी ने 21 गेद पर 2 चैके की मदद से 11 रन का योगदान रहा। गेंदबाजी में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की तरफ से आरती कुमारी ने 4 ओवर में 11 रन देकर 2 विकेट एवं रचना सिंह ने 2 ओवर में 9 रन देकर 1 विकेट प्राप्त किया। इस प्रकार से ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर के बीच खेला गया मैच टाई रहा और दोनो टीमो ने 1-1 अंक प्राप्त किया। उक्त अवसर पर प्रो0 ओम प्रकाष सिंह, सचिव, खेलकूद परिषद, डॉ0 विजय प्रताप तिवारी, नन्द किषोर सिंह, अध्यक्ष, कर्मचारी संघ, रमेष चन्द्र यादव, महामंत्री, कर्मचारी संघ रजनीष कुमार सिंह खेल सहायक, डॉ0 राजेष सिंह, अषोक कुमार सिंह, अरूण कुमार सिंह, सतेन्द्र कुमार सिंह, अल्का सिंह, विजय प्रकाष, भानू प्रताप शर्मा, आदि उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका में आर0 पी0 गुप्ता, प्रदीप पटेल, राजेष पटेल एवं स्कोरर विपिन सर्राफ, पवनेष रहे।

# आम आदमी पार्टी ने घर घर पहुंचाई संजय सिंह की जेल से भेजी पाती, मांगा जन समर्थन

* सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी को बताया फर्जी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



आम आदमी पार्टी ने नबाबगंज क्षेत्र में आप यूथ विंग प्रदेश महासचिव व जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने सांसद संजय सिंह की फर्जी गिरफ्तारी को लेकर पर्चा अभियान चलाया। इस दौरान जनता के बीच सांसद द्वारा जेल से भेजे गए पत्र की प्रतियां जन जन तक पहुंचा कर जनता का समर्थन मांगा गया। इस दौरान प्रदेश महासचिव अंकित परिहार ने बताया कि सांसद संजय सिंह सड़क से लेकर संसद तक गरीब, मजलूमों, रेडी पटरी, नौजवानों, बुजुर्गों की आवाज व उनके अधिकारों को संसद के पटल पर रखते थे। जनता के लिए संघर्ष करते थे और पूरी ईमानदारी से जनता की आवाज को पार्लियामेंट में उठते थे। परिहार ने आगे बताया कि मोदी ने बौखलाहट में ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियो का दुरुपयोग कर सांसद संजय सिंह को फर्जी तरीके से गिरफ्तार कर जेल में बंद करके रखा है। जिला अध्यक्ष कुलदीप यादव ने बताया कि सांसद संजय सिंह ने जेल से ही जनता के नाम संदेश भेजा है और आम आदमी पार्टी के सिपाही पूरे जिले में सांसद संजय सिंह जी का संदेश लेकर एक-एक घर में जाएंगे और संदेश पत्र के माध्यम से समर्थन मांगेंगे। पर्चा अभियान में जिला सचिव जय बाबू, कार्यकारिणी सदस्य रहीश अहमद, जिला महासचिव अंकित यादव, जिला सचिव नरेन्द्र पटेल, जिला सोशल मीडिया प्रभारेर प्रदीप, राजू बीडीसी सहित तमाम साथी उपस्थित रहे।

## शिवदत्त बने ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन शहर के गदनखेड़ा बाईपास स्थित एक गेस्ट हाउस में प्रांतीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें जिले की नई कार्यकारिणी का निर्वाचन संपन्न हुआ। शिवदत्त तिवारी अपने प्रतिद्वंदी पुत्तन लाल पाल को चार मतों से पराजित कर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। ग्राम विकास अधिकारी संघ जनपद शाखा उन्नाव का द्विवार्षिक अधिवेशन 27 नवंबर को गायत्री गार्डन में संपन्न हुआ। अधिवेशन में प्रांतीय पदाधिकारी रमेश उदैनिया महामंत्री तथा दुर्गा प्रसाद राय संगठन मंत्री ने उपस्थित होकर जनपद के समस्त विकास खण्डों से आए साथियों को संबोधित किया तथा उनमें नवीन ऊर्जा का संचार किया। अध्यक्ष पद पर शिवदत्त तिवारी ने पुत्तनलाल पाल को चार मतों से पराजित किया। इसी प्रकार प्रांतीय प्रतिनिधि पद पर सुमित मिश्रा ने विपिन कुमार कुरील को दो मतों से पराजित किया। महामंत्री पद पर सुप्रिया पटेल निर्विरोध निर्वाचित हुई। प्रांतीय महामंत्री रमेश उदैनिया ने निर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## कोहरे में अनियंत्रित डंपर पेड़ से टकरा कर खंती में पलटा, दो की मौत





* हादसे के चलते मार्ग पर लगा भीषण जाम
* तीन घंटे के रेस्क्यू के बाद निकाले जा सके दोनों के शव

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

पहले दिन के कोहरे में घटी दृश्यता से जिले की हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मियागंज मोहन रोड पर भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। मौरंग लदा डंपर पेड़ से टकराने के बाद खंती में जाकर पलट गया। तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस दोनों के शवों को निकाल सकी। रेस्क्यू के दौरान मार्ग पर भीषण जाम लगा रहा। मंगलवार सुबह भीषण कोहरे के चलते हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहान मियागंज मार्ग पर सैरपुर गांव के पास मौरंग लदा डंपर पेड़ से टकराने पलट कर खंती में चला गया। डंपर मियागंज की तरफ से मोहान की तरफ जा रहा था। डंपर पलटने से चालक व परिचालक गाड़ी में ही फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक प्रदुम्न (28) पुत्र प्रमोद कुमार यादव व परिचालक रामू (27) पुत्र राजेंद्र यादव निवासी भोगनीपुर कानपुर देहात के शवों को तीन घंटे की मशक्कत के बाद क्रेन और गैस कटर की मदद से बाहर निकाला। घटना के बाद मियागंज मोहन रोड पर भीषण जाम लग गया था। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम को हटवाया। पुलिस ने वाहन स्वामी को फोन पर घटना की जानकारी दे दी है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम कराया गया।

## मार्ग दुर्घटना में अध्यापक की मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन पुलिस को अंकित कुमार ने इवेंट संख्या 1647 पर सूचना दी कि एक व्यक्ति जो कि कानपुर की तरफ से कानपुर देहात की तरफ अपनी मोटर साइकिल से जा रहा था। किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही मृत्यु हो गयी है। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु हैलट भेजा गया जहां मृतक के जीजा ने पहचान की और मृतक का नाम चन्द्रेश प्रताप सिंह पुत्र बजरंग सिंह नि0- मसवानपुर थाना कल्याणपुर कानपुर नगर उम्र 41 वर्ष बताया जो कि प्राथमिक विद्यालय राजपुर में अध्यापक के पद पर कार्यरत है परिवारी जन हैलेट में मौजूद पहुंचें तो रोना पिटना मच गया।

## मधुमक्खियों के हमले से किसान की मौत

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव



सोहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव हीराखेड़ा में खेतो पर काम कर रहे एक किसान पर अचानक मधुमक्खियो ने हमला बोल दिया। आसपास के लोग भी खेतों से भाग गये। जब हमला समाप्त हुआ तो गांव के लोग उसको एक चिकित्सक के पास ले गये जहां पर उसको मृत बताया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव हीराखेड़ा निवासी अनिल 40 वर्ष पुत्र रामबक्स मंगलवार की शाम खेत पर काम कर रहा था। अचानक मधुमक्खियो के झुंड ने युवक पर हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के खेतों में काम करने वाले लोग भी खेत से भागकर आसपास शरण ली। जब हमला खत्म हुआ तो ग्रामीणों ने युवक को पास के एक चिकित्सक के पास ले गये। जहां पर चिकित्सक ने युवक को मृत बताया। मृतक के भाई संतोष सिंह के बताया की खेत में काम करने के लिए उसका भाई गया था। वहां मधुमक्खी का एक छत्ता लगा हुआ था। काम के दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने अनिल पर हमला कर दिया तथा उसे कई जगह बुरी तरह डंक मार दिया। जिससे मधुमक्खी का जहर उसके शरीर में पहुंच गया और उसकी मौत हो गई। मृतक के भाईयो ने सोहरामऊ पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घर में काम कर रही पत्नी सुमन तथा मां कलावती को अचानक अनिल की मौत की सूचना मिलने पर वह बदहवास हो गई। अनिल के दो बेटे विमलेश तथा विपिन है। सोहरामऊ थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया।

## एकमुश्त समाधान योजना का उपभोक्ताओं ने उठाया लाभ



जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव

अजगैन विद्युत उप केंद्र क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत विभाग द्वारा बहाउद्दीनपुर गांव में मंगलवार को उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त समाधान योजना का शिविर लगाया गया। जिसमें 65 उपभोक्ताओं द्वारा सरचार्ज माफी योजना का लाभ उठाया गया। शिविर में पहुंचे उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ उठाते हुये करीब 2 लाख साठ हजार रुपये के बकाया बिल जमा किये। शिविर के दौरान मुख्य रूप से उपखण्ड अधिकारी रुद्र प्रताप समेत कर्मचारी अवनीश, राहुल पटेल, राजेन्द्र, जाहिद, दर्शन, बलदेव, अमित, विशाल सैनी आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गंगा के तट पर खिचड़ी पकाई और आनंद लिया

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव । खिचड़ी मेले के लिए मंगलवार सुबह से ही लोगों का तटों पर जुटना शुरू हो गया। कानपुर, शुक्लागंज व आस पास के गांवों से परिवार के साथ खान-पान सामग्री और कंडे व मटकी लेकर तटों पर पहुंचे। जहां परिवार के साथ खिचड़ी पकाई और आनंद लिया। वहीं गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने तट पर बैठे पंडों को दान दक्षिणा देकर पुण्य लाभ कमाया। स्नान के बाद तमाम श्रद्धालुओं ने तट पर भगवान सत्य नारायन की कथा सुनी। इसके बाद लोगों ने तट पर लगे मेले का जमकर कर आनंद उठाया। सौन्दर्य प्रसाधन के अलावा लइया, खील, चूरा के अलावा मिठाई की दुकानें व चटोरी चाट-चाऊमीन व जलेबी के ठेले पर लोगों की भीड़ देखी गई। वहीं महिलाओं ने जमकर सौन्दर्य प्रसाधन की वस्तुओं की खरीददारी की। मेले में इस बार हर उम्र के लोगों को ध्यान में रखते हुए झूले लगे हुए थे। बच्चों के लिए जहां छोटे झूले लगे हुए थे। वहीं युवाओं के लिए बड़े झूले लगाए गए थे।

### बैराज मार्ग पर क्रासिंग बंद होने के कारण दिन में कई बार लगा जाम

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव । कार्तिक पूर्णिमा और खिचड़ी मेले का स्नान होने के कारण मंगवार भोर पहर से लोगों का आना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं और खिचड़ी पकाने वाले लोग अधिक संख्या में पहुंचे। जिस कारण फोरलेन, नवीन पुल, पोनी रोड पर रूक रूक कर दिनभर जाम लगता रहा। जाम छुड़ाने में पुलिस के पसीने छूट गये। वहीं रूट डायवर्जन होने के कारण बैराज मार्ग पर क्रासिंग बंद होने के कारण दिन में कई बार जाम की स्थिति बनी रही। नवीन पुल का संकरा रास्ता होने के कारण वहां पर सुबह से लेकर रात तक कई बार भीषण जाम लगा। वहीं ई बसें भी कोढ़ में खाज का काम करती रही।

### नवजात के शिशु का शव मिलने से हड़कंप

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव । मंगलवार सुबह राजधानी मार्ग स्थित सर्वोदय नगर मोहल्ले में एक दुकान के बाहर निर्माणाधीन चबूतरे के पास एक नवजात का शिशु पड़ा आस पास के लोगों ने देखा। जिसकी जानकारी होने पर आस पास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। जहां शव देख लोग तरह तरह के कयास लगाते रहे। नवजात के शिशु मिलने की सूचना पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस पहुंची। जहां पुलिस ने जांच पड़ताल की। जिसके बाद नवजात के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजा है। वहीं क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि आस पास हॉस्पिटल संचालित हैं। जहां से शव लाकर फेंका गया है। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### महिला से मारपीट कर चेन तोड़ने का आरोप

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव । कानपुर निवासी एक महिला कार्तिक पूर्णिमा पर गंगाघाट स्थित अपने मायके आई हुई थी। रात के समय घाट पर दीपदान कर वापस लौट रही थी, तभी आरोप है कि नगर पालिका कैंप में मौजूद कुछ लोगों ने उसके साथ अभद्रता की। आरोप है की मारपीट में चेन भी तोड़ ली, उससे छेड़खानी भी की। वहीं दूसरे पक्ष से सभासद योगेश मिश्रा सोमवार शाम गंगा के किनारे कार्तिक पूर्णिमा के दौरान पालिका के लगे कैंप में थे, तभी मिश्रा कॉलोनी का एक बच्चा कैंप में लगे गुब्बारे को फोड़ दिया। जिस पर उन्होंने उसे डांटा फटकारा। आरोप है कि मारा पीटा, बचाव करने आई उसकी मां को भी मारा पीटा। पुलिस ने महिला की तरफ से योगेश मिश्रा, संतोष धानुक समेत दस बारह लोगों पर छेड़खानी, मारपीट, चेन स्नेचिंग व बलवा का केस दर्ज किया गया है। जबकि योगेश की तरफ से चेन छीनने, मारपीट, बलवा का मुकदमा बीस से पच्चीस अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया है।

### पंचायत सहायकों की बैठक हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । बिछिया/उन्नाव । मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालय सभागार में एडीओ पंचायत उदयवीर सिंह की उपस्थिति में शौचालयों का रेट्रोफिटिंग ऐप से सर्वे करने हेतु पंचायत सहायकों की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें पंचायत सहायकों को बताया गया कि रेट्रोफिटिंग ऐप के माध्यम घर घर जाकर शौंचालयो की जांच करनी है। साथ ग्रामीणों को स्वच्छता के साथ शौचालय के विशेष प्रयोग को लेकर जागरूक किया गया जिससे कि गंदगी से होने वाली



बीमारियों से बचा जा सके। बैठक में सिर्फ 37 पंचायत सहायक मौजूद रहे। इस दौरान खंड प्रेरक सचिन शुक्ला, सचिव महेश चंद्र, ओमशंकर तिवारी, रोहित, सुभाष, शिखा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सनातन यात्रा के दौरान उमड़ा जन सैलाब

* सनातनी जनों द्वारा यात्रा में पुष्प वर्षा कर जगह जगह किया गया भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



महोबा मंगलवार सुबह 10 बजे कौशिल्या पैलेस कबरई से महोबा तक सनातन यात्रा का शुभारंभ हुआ इस मौके पर हजारों की संख्या में युवा, किशोर, महिलाएं, बच्चे उत्साह,उमंग में झूमते चल रहे थे।इससे पहले श्रद्धालुओं को संबोधित करते शिवाकांत महाराज ने कहा सनातन यात्रा हिंदुओं के बांटने कमजोर करने के अंतराष्ट्रीय षड्यंत्र और देश की कट्टरवादी शक्तियों के चक्रव्यूह को तोड़ने की एक कोशिश है इसको शुरू करने की प्रेरणा भी ईश्वरीय कृपा है कुछ माह पूर्व लंदन और आसपास के नगरों में अपने भ्रमण और कथा के दौरान मैंने पाया कि विदेशों में भारतीय संस्कृति और सनातन के प्रति जो श्रद्धा है,वह अविस्मरणीय है। देश में वापस लौटने के बाद कोने कोने के जन जन तक सनातन के प्रचार प्रसार का मैंने संकल्प लिया है भारतीय संस्कृति और मानव मूल्यों में सारी धरा अर्थात पृथ्वी को अपना कुटुंब माना गया है हम कहते हैं। सनातनी सनातन यात्रा का जगह-जगह पूरे कबरई और महोबा में सनातनी जनों को द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का एवं महाराज श्री का स्वागत सम्मान किया गया महाराज श्री ने नंगे पैर ही सनातन यात्रा प्रारंभ की कीरत सागर में भव्य गंगा आरती के बाद यात्रा का समापन हुआ।

## दिनों के मध्य तेज हवाओं के साथ होगी हल्की वर्षा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आसमान में आगामी अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के कारण 28 से 30 नवम्बर के बीच मध्य तेज हवाओं के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने बताया कि मंगलवार को दिन में अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान 10.0 डिग्री सेल्सियस रहा। सापेक्षिक आर्द्रता की बात की जाए तो अधिकतम 95 प्रतिशत और न्यूनतम 57 प्रतिशत रहा। हवा की औसत गति 1.7 किलोमीटर प्रति घंटा रही और हवा की दिशा दक्षिण पूर्व थी। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी राजस्थान और आसपास के इलाकों पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है।

## भारतीय मजदूर संघ ने विधवा को दिलाया हक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



फैक्ट्री परिसर में कार्य करने के दौरान दुर्घटना में मृत्यु होने के बाद कर्मचारी के आश्रित को पी.एफ एवं ई.एस.आई का भुगतान नहीं मिल पा रहा था। भारतीय मजदूर संघ कानपुर के सदस्य शम्भू सिंह ने अथक प्रयास करते हुए मृतक कर्मचारी की पत्नी को पी.एफ की धनराशि का भुगतान कराया तथा पेंशन स्वीकृत करायी साथ ही ई.एस.आई से भी पेंशन स्वीकृत करायी है।आश्रित की पत्नी ने शम्भू सिंह का धन्यवाद किया है। ज्ञातव्य हो पीड़िता मंजू देवी के पति अशर्फी लाल जो दादा नगर स्थित एक निजी फैक्ट्री में कार्य करते थे। 10 मार्च, 2018 को फैक्ट्री परिसर में ही कार्य के दौरान एक हादसे में पति की दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। पीड़िता मंजू देवी के पति स्व0 अशर्फी लाल का उनके नियोक्ता के द्वारा कर्मचारी भविष्यनिधि संगठन में तथ ई.एस.आई में उनके वेतन से कटोती करते हुए अंशदान उनके पी.एफ खाता संख्या-UP/39428/2 एवं ई.एस.आई खाता संख्या-2108683322 में जमा किया जाता था। प्रार्थिनी द्वारा अनेकों बार पी.एफ कार्यालय में सम्पर्क कर मृतक कर्मचारी के आश्रितं को पी.एफ एवं ई.एस.आई द्वारा प्रदत्त मृत्यु हित लाभ आदि देयों का भुगतान करने हेतु निवेदन किया लेकिन कोई भी कार्यवाही नही हुई। पीड़िता महिला लोगो के घरो में बर्तन मांज कर अपना गुजर बसर कर रही है। कोई भी संतान न होने के कारण जीवन बहुत ही दयनीय हो गया और कोई भी भाग दौड़ करने वाला नही रहा। लेकिन इसी बीच पीड़िता का सम्पर्क शम्भू सिंह से हुआ जिन्होंने अथक प्रयास करते हुए मृतक अशर्फी लाल का पी. एफ भुगतान एवं पेंशन तथा ई.एस.आई से पेंशन का भुगतान कराया। मृतका की पीडित पत्नी ने शम्भू सिंह का आभार व्यक्त करते हुए उनका धन्यवाद दिया।

## राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत, हादसे में दो युवतियों की हालत गंभीर





* हादसे की जानकारी पर नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी तत्काल नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और परिजनों को ढाँढस बंधाया

जन एक्सप्रेस । रोहित गुप्ता

नवाबगंज/उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र स्थित एक कंपनी के गोदाम में कार्यरत युवक समेत दो युवतियां बाइक से देर शाम घर जा रहे थे। रास्ते में राजमार्ग पर उनकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें 1033 एंबुलेंस ने सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर एक युवती को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव चमरौली निवासी सुशील पुत्र सुंदर लाल 26 वर्ष सोहरामऊ थाना क्षेत्र के भल्लाफार्म के समीप स्थित एक निजी कंपनी के गोदाम में नौकरी करता था। जोकि मंगलवार देर शाम बाइक से घर जाने के लिए निकला था। उसके साथ उसी कंपनी में काम करने वाली संतोषी पुत्री राधेश्याम 25 वर्ष रहमतपुर निवासी रहमतपुर देदान व दीपांशी पुत्री रमेश 22 वर्ष निवासी कुशलीखेड़ा थाना अजगैन भी बाइक से घर जाने के लिए निकली थी। इस दौरान लखनऊ कानपुर राजमार्ग पर टोल प्लाजा के समीप निर्माणाधीन एक कॉलेज के



सामने अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एनएचएआई की 1033 एंबुलेंस ने तत्काल घायलों को नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने सुशील को मृत घोषित कर दिया। वही प्राथमिक उपचार के बाद संतोषी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। स्वास्थ्य कर्मियों ने पुलिस को मामले की जानकारी भेजी है।

## एनएचआई 34 बकोठी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार की मौत



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थाना अंतर्गत एन एचआई 34 बकोठी गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार खड्डु मे गिरा घायल अवस्था में पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ड्यूटी पर डॉक्टर गणेश प्रसाद ने बताया जांच कर इंजेक्शन आदि दिया उन्होंने बताया कि उस समय सांस चल रही थी जब तक रेफर के लिए कागज तैयार हुए तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इंजेक्शन आदि लगाने के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। पुलिस ने जामा तलाशी लेने पर उसके पास उसके घर का पता मिला परिजनो को सूचना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए कानपुर भिजवा दिया गया मोटरसाइकिल नंबर UP71 BA6282 के चालक जयसिंह उर्फ राजा सिंह पुत्र अशोक कुमार उम्र करीब 32 वर्ष निवासी रानी कॉलोनी जिला फतेहपुर परिजनो ने बताया कि फर्रुखाबाद से मोटरसाइकिल से कानपुर जा रहा था अरौल थानाध्यक्ष प्रेमचंद कनौजिया ने बताया कि परिजनों द्वारा अभी तक कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया है देने पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार में हिंदू-मुस्लिमों की छुट्टियों के लिए 2 कैलेंडर, दोनों की छुट्टियां 4-4 दिन घटी

✱ उर्दू स्कूलों के लिए जारी कैलेंडर में कुल 60 छुट्टियां दी गई हैं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

बिहार के स्कूलों में छुट्टियों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष का आरोप है कि राज्य सरकार ने कृष्ण जन्माष्टमी, महाशिवरात्रि, बसंत पंचमी जैसी हिंदुओं की छुट्टियां घटा दी हैं, वहीं मुसलिम त्याहारों की छुट्टियों में बढ़ोतरी की है। राज्य सरकार की ओर से जारी छुट्टी के कैलेंडर ने इसे हवा दी। यह कैलेंडर उर्दू स्कूलों के लिए जारी हुआ था। इसमें कृष्ण जन्माष्टमी, महाशिवरात्रि, बसंत पंचमी जैसे हिंदू त्योहारों पर छुट्टी का कोई जिक्र नहीं था। दरअसल, बिहार के शिक्षा विभाग ने स्कूलों में साल 2024 के लिए छुट्टियों के दो कैलेंडर जारी किए हैं। ऐसा राज्य में पहली बार हुआ है। ये कैलेंडर उर्दू स्कूलों के लिए अलग हैं और सामान्य स्कूलों के लिए अलग। अब पढ़िए इन दोनों कैलेंडरों में किस वर्ग को कितनी छुट्टियां दी गई


बिहार सरकार
शिक्षा विभाग
॥ अधिसूचना ॥

हैं, किसकी कितनी घटी हैं और किसकी कितनी बढ़ी हैं। उर्दू स्कूलों के लिए जारी कैलेंडर में कुल 60 छुट्टियां दी गई हैं। इसमें बच्चों के लिए कुछ छुट्टियां बढ़ाई भी गई हैं। ईद पर एक की जगह तीन दिन, बकरीद पर दो की जगह तीन दिन और मुहर्रम पर भी दो की जगह तीन दिन की छुट्टी दी गई है। गौरतलब है कि जिस कैलेंडर के हवाले से बसंत पंचमी, महाशिवरात्रि या कृष्ण जन्माष्टमी पर छुट्टी न देने की बात कही जा रही है, वह यही उर्दू स्कूलों का कैलेंडर है। नए आदेश के मुताबिक राज्य के सभी उर्दू प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों या मदरसों में साप्ताहिक छुट्टी शुक्रवार को होगी। जबकि रविवार को ये स्कूल खुले रहेंगे।

### गैर उर्दू स्कूलों में मुस्लिम त्योहारों की छुट्टियां कम, बसंत पंचमी, जन्माष्टमी पर छुट्टी

गैर उर्दू स्कूलों के लिए जारी कैलेंडर में बसंत पंचमी, महाशिवरात्रि या कृष्ण जन्माष्टमी जैसे त्योहारों पर छुट्टियां दी गई हैं। वहीं ईद, शबे बारात जैसे मुसलिम त्योहारों पर तीन की जगह एक-एक दिन की ही छुट्टियां दी गई हैं। हालांकि इस कैलेंडर में भी कुल छुट्टियां 60 ही हैं। आईएएस केके पाठक ने दोनों ही कैलेंडर्स में 4 छुट्टियों की कटौती की है। 2023 में कुल 64 छुट्टियां थीं। 2024 में घटाकर 60 कर दी गई हैं। वहीं गर्मी की छुट्टियों को अब 10 दिन बढ़ा दिया गया है, लेकिन इस दौरान शिक्षक और स्टाफ को स्कूल आना होगा।

### विपक्ष ने कहा, सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही

“ जिस तरह से लालू यादव और नीतीश सरकार हिंदुओं पर हमला कर रही है, भविष्य में उन्हें मोहम्मद नीतीश और मोहम्मद लालू के नाम से जाना जाएगा।

गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री

“ फिर एक बार बिहार सरकार ने हिंदू पर्व-त्योहार की छुट्टियों जैसे जन्माष्टमी, रक्षा बंधन, शिवरात्रि को स्कूलों में रद्द कर दिया है। हिंदुओं को जातियों में बांटने और अल्पसंख्यकों के तुष्टिकरण से वोट की राजनीति में नीतीश कुमार लगे हैं।

सुशील मोदी, भाजपा के राज्यसभा सांसद

“ इस तरह के फैसले से जनभावना आहत होगी। ये गलत है। हो सकता है कि शिक्षा विभाग के मंत्री ने इसे नहीं देखा हो। सीएम को पता चलेगा तो वो जरूर संज्ञान लेंगे।

अशोक चौधरी, नीतीश सरकार के मंत्री और जेडीयू नेता

“ शब-ए-बारात की छुट्टियां घटाई गई हैं, इस पर कोई चर्चा नहीं हो रही। हिन्दुओं की छुट्टियों में कोई कटौती नहीं की गई है। जिन छुट्टियों को बढ़ाया गया है उसका कारण शिक्षा विभाग ही स्पष्ट कर सकता है। इसे राजनीतिक चश्मे से देखने से अच्छा होगा कि शिक्षा विभाग का स्पष्टीकरण देखने के बाद बयान दें।

नीरज कुमार, नेता

### स्कूल में ही मनाई जाएगी गांधी जयंती

कैलेंडर-2024 में 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर छुट्टी घोषित नहीं की गई है। गांधी जयंती पर राज्य के सभी स्कूलों में ऐनुअल फंक्शन, गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और गांधी जयंती और अन्य महापुरुषों की जयंती मनाई जाएगी।



## पीएम मोदी को हराने के लिए हमें केसीआर को हराना होगा: राहुल गांधी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तेलंगाना में चुनाव प्रचार का आखिरी दिन राहुल गांधी ने तेलंगाना में प्रचार किया। हैदराबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने भाजपा और बीआरएस को एक बताया और दोनों पार्टियों पर तीखा हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि वो (बीआरएस) कांग्रेस को कमजोर करने के लिए काम कर रहे हैं और भाजपा को महाराष्ट्र, असम, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़, गोवा में भाजपा को समर्थन दे रहे हैं। अगर हम पीएम मोदी को दिल्ली में हराना चाहते हैं तो हमें पहले तेलंगाना में केसीआर को हराना होगा। ये सब एक टीम हैं। यहां बीआरएस, भाजपा और एआईएमआईएम साथ मिलकर टीम की तरह काम कर रही हैं। सीएम केसीआर के खिलाफ एक भी मामला नहीं चल रहा है, जबकि वह सबसे भ्रष्ट सरकार चला रहे हैं। ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

## इंदिरा गांधी का शासन हत्याओं से त्रस्त था: चंद्रशेखर राव



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वारंगल

तेलंगाना विधानसभा चुनाव में जीत के लिए सभी दल जोर अजमाइश कर रहे हैं। सभी दलों के स्टार प्रचारक राज्य में चुनावी रैलियों के जरिए लोगों को रिझाने में लगे हुए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने-अपने चुनावी दौरे में बीआरएस पर जमकर हमला बोला है। वहीं इसी बीच, तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव ने कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। एक चुनावी रैली में उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासनकाल को मुठभेड़ और हत्याओं से त्रस्त बताया।

### इंदिरम्मा राज्यम सिर्फ एक जुमला

कांग्रेस के नारे इंदिरम्मा राज्यम पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, इंदिरा गांधी के शासन काल को अगर वापस लाया जाए तो समझो राज्य में गोलीबारी, हत्याओं, मुठभेड़ों का दौर शुरु हो जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का शासनकाल मुठभेड़ों, हत्याओं से भरा पड़ा था। साथ ही उन्होंने वादा किया कि वृद्धावस्था पेंशन दो हजार से बढ़ाकर 5 हजार प्रति माह कर दी जाएगी। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, मुझे समझ नहीं आता कि राज्य में इंदिरम्मा राज्यम कौन चाहता है। इंदिरम्मा राज्यम में क्या हुआ। उन्होंने इंदिरा गांधी के शासनकाल का जिक्र करते हुए कहा, वह शासन सिर्फ आपातकाल, मुठभेड़ों, गोलीबारी और हत्याओं से त्रस्त था। उन्होंने कहा, 1969 में कांग्रेस शासन काल के दौरान तेलंगाना आंदोलन में लगभग 400 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गौरतलब है कि राज्य में 30 नवंबर को विधानसभा चुनावों के लिए मतदान होना है। जिसके लिए राजनीतिक दल लगातार लोकलुभावन वादे कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर बीआरएस फिर से सत्ता में वापस आती है, तो शहर को अतिरिक्त नागरिक बुनियादी ढांचे के साथ विकसित किया जाएगा।

### कांग्रेस ने कहा, केसीआर के वादे सिर्फ धोखा

वहीं कांग्रेस ने भी केसीआर को जमकर घेरा है। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव पर राज्य के लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, उनके शासनकाल में हैदराबाद से आगे विकास नहीं हुआ। तेलंगाना राज्य का गठन इसलिए हुआ था कि सभी क्षेत्रों का विकास हो सके, लेकिन नौ वर्ष बीआरएस के सत्ता में रहने के कारण ऐसा न हो सका। लोग जानते हैं कि बीआरएस ने नौ वर्ष सिर्फ जनता को ठगा है।

## उत्पीड़न से त्रस्त भाजपा जिला महामंत्री को न्यायालय से जागी न्याय की आस



✱ न्यायालय सीजेएम आगरा के आदेश पर चार अभियुक्तों के खिलाफ संगीन धाराओं में हुआ मुकदमा दर्ज

✱ पूर्व में पुलिस आयुक्त से भी की थी शिकायत, निराशा हाथ लगने पर लगाई थी न्यायालय में गुहार

जन एक्सप्रेस । आगरा

भाजपा जिला महामंत्री और नालंदा के पूर्व निदेशक संतोष कटारा निवासी नालंदा टावर थाना सिकन्दरा के प्रार्थना पत्र के आधार पर न्यायालय सीजेएम आगरा के आदेश पर थाना सिकन्दरा में मुकदमा पंजीकृत हुआ है जोकि मानव गर्ग एवं विकास गर्ग पुत्र जितेन्द्र कुमार गर्ग और मीरा गर्ग पत्नी मानव गर्ग व निकिता गर्ग पत्नी विकास गर्ग निवासी 101-102, पारस पर्ल्स एक्सटेंशन लोहामण्डी के विरुद्ध 156 (3) के प्रार्थना पत्र के अंतर्गत धारा आईपीसी धारा-323, 384, 406, 420, 472, 500, 504, 506 दर्ज हुआ है।

### क्या है मामला ?

संतोष कटारा द्वारा दर्ज कराये मुकदमें में दस बिन्दुओं में अपनी शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने विरोधियों द्वारा अनावश्यक और गैरकानूनी रूप से लगातार उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं उन्होंने लिखा है कि मैं पूर्व में नालंदा बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स के निदेशक के पद पर था, जिससे मैंने अक्टूबर 2016 को इस्तीफा दे दिया था तबसे अब तक कम्पनी एक्ट के अनुसार मेरा उक्त कम्पनी से किसी प्रकार का कोई सरोकार व वास्ता एवं लेन देन नहीं है। आगे उन्होंने बताया कि कम्पनी के प्रोजेक्ट नालंदा क्राउन के समस्त आवंटियों द्वारा मिलकर संयुक्त रूप से एक प्रथम सूचना रिपोर्ट 1274 / 2016 कम्पनी के सभी निदेशकों के विरुद्ध करायी गयी थी जिसकी कार्यवाही उच्च न्यायालय, प्रयागराज द्वारा स्थगित है। आगे उन्होंने कहा कि इसके बावजूद भी अभियुक्तगण आये दिन जबरदस्ती मेरे घर में घुसकर गाली-गलौज कर धमकाते हैं कि हमें हमारे रुपये वापिस करो या फ्लैट दो। अभियुक्तों ने बदनीयति एवं मानहानि करने एवं उस पर दबाव बनाकर रुपये हड़पने का आरोप लगाकर मेरे विरुद्ध झूठी रिपोर्ट तक दर्ज कराई गई जबकि समस्त आवंटियों द्वारा 2016 में ही प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी थी।

### क़ानूनी रूप से कोई भी कार्यवाही असंवैधानिक

संतोष कटारा के अधिवक्ता ने बताया कि तथ्यों और संविधान के आधार पर ऐसे में क़ानूनी रूप से संतोष कटारा के विरुद्ध कोई भी कार्यवाही स्वंय ही असंवैधानिक हो जाती है परन्तु यह जानते हुये भी उक्त अभियुक्तगण जानबूझकर उनके के घर में जबरन घुसकर गाली गलौज करते हुये दबाव बनाकर रुपये वसूलना चाहते है और प्रार्थी द्वारा इंकार करने पर षडयंत्र के तहत उसे झूठे केसों में फंसाकर उसकी बदनामी और मानहानि कर रहे हैं तथा प्रार्थी व उसके परिवारवालों को कहीं भी रास्ते में रोककर धमकाने लगते हैं।

### पुलिस आयुक्त से भी की शिकायत पर लगी निराशा हाथ

भाजपा जिला महामंत्री संतोष कटारा ने कहा कि उत्पीड़न से त्रस्त होकर आगरा पुलिस आयुक्त से भी मामले की शिकायत की पर निराशा हाथ लगी तब उन्होंने न्यायालय की शरण ली, न्यायालय सीजेएम आगरा के आदेश पर चार अभियुक्तों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। ज्ञात हो क्रेन्द्र और प्रदेश में सरकार में होने के बावजूद भाजपा के जिला महामंत्री संतोष कटारा को अपने उत्पीड़न के खिलाफ जिस प्रकार न्याय के लिए भटकना पड़ा वह पार्टी की नीतियों पर भी सवाल खड़ा करती है।

## खुफिया डील में पाक को मिले चीनी ड्रोन, ढो सकते हैं 25 किग्रा तक वजन, पंजाब में रोज गिर रहे पैकेट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पाकिस्तान को चीन से भारी मात्रा में ड्रोन हासिल हुए हैं। इन्हीं ड्रोन के जरिए पड़ोसी मुल्क, पंजाब में रोजाना ही ड्रग्स व हथियार भेज रहा है। सीमा पार पाकिस्तानी इंटेलिजेंस एजेंसी आईएसआई द्वारा ड्रोन भेजने के लिए वहां के आतंकी संगठनों एवं तस्करों को तकनीकी मदद दी जाती है। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी के उच्चपदस्थ सूत्रों का कहना है, पाकिस्तान और चीन का यह खेल तो अब सभी के सामने है। इसमें कहीं कोई शक नहीं है। पाकिस्तान को चीन से ड्रोन की बड़ी खेप हासिल हुई है। हालांकि इन ड्रोन की खरीद का कोई वित्तीय आधार नजर नहीं आता। संभव है कि दोनों मुल्कों के बीच किसी अन्य समझौते की बदौलत ये ड्रोन, पाकिस्तान में पहुंचे हैं। कुछ महीने पहले तक सप्ताह में पाकिस्तान की तरफ से पंजाब में दो चार ड्रोन आते थे, अब पिछले कुछ समय से लगातार ड्रोन आ रहे हैं। कई बार तो



✱ दोनों मुल्कों के बीच किसी अन्य समझौते की बदौलत ये ड्रोन, पाकिस्तान में पहुंचे

एक ही दिन में कई ड्रोन छोड़े जा रहे हैं। बीएसएफ द्वारा मार गिराए गए अधिकांश ड्रोन, क्वैडकॉप्टर (मॉडल डीजेआई मैविक 3 क्लासिक, मेड इन चाइना) और क्वैडकॉप्टर (मॉडल डीजेआई मैट्रिस 300 आरटीके, मेड इन चाइना) सीरिज के होते हैं। हालांकि पाकिस्तान को अभी तक चीन से 3600 ड्रोन को एक साथ कंट्रोल करने का फॉर्मूला नहीं मिल सका है।

### सालाना 15 करोड़ रुपये खर्च करता है पड़ोसी

सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान से पंजाब में आने वाले अनेक ड्रोन पहले असेंबल भी किए जाते रहे हैं। पाकिस्तान को चीन से सस्ती दरों पर ड्रोन के पुर्जे मिल जाते हैं। इन्हें पाकिस्तान में जोड़ कर ड्रोन तैयार किया जाता है। चीनी पुर्जों के जरिए डेढ़ से दो लाख रुपये में एक ड्रोन तैयार हो जाता है। पंजाब सेक्टर में बीएसएफ द्वारा मार गिराए गए अनेक ड्रोन क्वैडकॉप्टर डीजेआई मैट्रिस 300 आरटीके सीरिज के रहे हैं। ड्रोन का फ्लाइंग टाइम और भार सहने की क्षमता पर कीमत तय होती है। आर्थिक मार के बावजूद भारतीय सीमा में घुसपैठ कराने के लिए, पाकिस्तान सालाना 15 करोड़ रुपये खर्च करता है। सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी बताते हैं कि पाकिस्तान द्वारा गत दो वर्षों से भारी संख्या में ड्रोन, भारतीय सीमा में भेजे जा रहे हैं। गत वर्ष अकेले पंजाब में ही करीब ढाई सौ ड्रोन आए थे। राजस्थान से लगती सीमा पर भी ड्रोन की गतिविधियां बढ़ रही हैं।

### ड्रोन गिराने के लिए कई राउंड फायर

पाकिस्तान से आने वाले चीन निर्मित ड्रोन के सिस्टम में कई तरह के बदलाव किए जा रहे हैं। बीएसएफ से बचने के लिए ड्रोन की आवाज और उसकी लाइट को बंद कर दिया जाता है। पंजाब से लगते भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर जब घना कोहरा छा जाता है, तब दर्जनों ड्रोन भेजने की कोशिश रहती है। ड्रोन की ऊंचाई ज्यादा होने, कम आवाज और ब्लिंकर बंद होने की वजह से बीएसएफ को ड्रोन गिराने में कई राउंड फायर करने पड़ते हैं। मौजूदा समय में ड्रोन को जवानों के फायर से बचाने के लिए उसकी ऊंचाई बढ़ा दी जाती है।

## विज्ञापन पर रार: सिर्फ उपलब्धियां बताई, न कि वोट मांगे: डीके शिवकुमार



✱ विज्ञापन का एकमात्र उद्देश्य कर्नाटक सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना था: डीके शिवकुमार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तेलंगाना के अखबारों में विज्ञापनों पर चुनाव आयोग ने कर्नाटक सरकार से जवाब मांगा है। मामले पर कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा, राज्य सरकार के विज्ञापन किसी भी नियमों का उल्लंघन नहीं करता है, विज्ञापन के जरिए वोट नहीं मांगा गया। उन्होंने कहा, सरकार चुनाव आयोग के नोटिस का जवाब देगी। बता दें भाजपा ने सोमवार को इस मामले में चुनाव आयोग में शिकायत की थी, जिसमें कांग्रेस पर आरोप लगाया गया था कि कर्नाटक सरकार के जरिए 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा को ध्यान में रखते हुए तेलंगाना की अखबारों में विज्ञापन दिया था। भाजपा ने चुनाव आयोग से कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है।

### डीके शिवकुमार बोले, विपक्ष के आरोप बेबुनियादी

मामले पर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा, विज्ञापन का एकमात्र उद्देश्य था कि कर्नाटक सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचा था। विपक्षी दलों के आरोप बेबुनियादी थे। उन्होंने चुनाव आयोग के नोटिस प जवाब देते हुए कहा, हमने कोई उल्लंघन नहीं किया है, न ही हमने कोई वोट मांगे है। मुझे तो समझ ही नहीं आ रहा है कि हमने क्या उल्लंघन कर दिया। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, हमने जो भी काम किए हैं, उसे हमने जनता के साथ साझा किया। अखबारों के पाठकों को इससे कोई समस्या नहीं है। आप सारे विज्ञापनों की जांच कर सकते हैं हमने किसी में भी वोट की अपील नहीं की है। बता दें तेलंगान के सत्तारूढ़ दल बीआरएस ने भी इस मुद्दे पर चुनाव आयोग से शिकायत की थी।

### अब तप कर हम गोल्ड हो गये हैं

कभी वक्त था हमें खाने का शौक़ था, श्रीमती जी को भी बनाने का शौक़ था, हमारी फ़रमाइशों की सूची लम्बी थी, तो उनकी व्यंजनों की सूची लम्बी थी।

अब तो खाने की सूची कम हो गई है,
दाल, सब्ज़ी, दो रोटी बहुत होती हैं,
इससे ज़्यादा हज़म नहीं होता है,
बीपी, शुगर भी नियंत्रित रहता है।

जैसे जैसे बाल सफ़ेद होते जाते हैं,
दाँत बत्तीस के आधे ही रह जाते हैं,
आँखों की रोशनी कम होती जाती है,
जिह्वा हमारी सब स्वाद भूल जाती है।

खाने की सूची नहीं बीमारियों की,
सूची अब लम्बी होती जा रही है,
भोजन बनाने की ताक़त भी उनकी,
अब तो दूसरों के सहारे ही रहती है।

वो दूसरा भी कोई बहुत अपना
नहीं, खाना बनाने व घर के काम के
लिये, देवियाँ आती हैं, उनका अब
सहारा है, उनकी सूची में रोटी,
दाल, सब्ज़ी है।

हम लोगों के बारे में ऐसा न सोचिये,
कि हमारे जैसे अब ओल्ड हो गये हैं,
'आदित्य' हम और हमारे जैसे लोग
अब तक तप कर गोल्ड हो गये हैं।


कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य

# यूरिक एसिड के उच्च स्तर की पहचान आसान नहीं, चुनौती बन रहा हाइपरयूरिसीमिया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

यूरिक एसिड शरीर का सामान्य अपशिष्ट उत्पाद है। व्यक्ति के खून में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ने से स्वास्थ्य पर काफी प्रभाव पड़ सकता है। यह आम स्थिति है, जिसे हाइपरयूरिसीमिया भी कहते हैं। इसके तुरंत लक्षणों का पता लगाना आसान नहीं होता, लेकिन लोगों की तंदुरुस्ती पर इसका लंबे समय तक काफी ज्यादा प्रभाव हो सकता है। अकसर देखने में आया है कि इसका निदान नहीं हो पाता, इसलिए हमें जोखिम के घटकों को पहचानने और जल्दी जांच कराने पर ज्यादा जोर देने की जरूरत है। हाइपरयूरिसीमिया भारत में एक लगातार बढ़ती चुनौती है।

### जोखिम के घटक की पहचान जरूरी

भारत में एबॅट के एसोसिएट मेडिकल डायरेक्टर, डॉ. कार्तिक पीतांबरन के मुताबिक, यूरिक एसिड के उच्च स्तर



से शरीर पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, लेकिन अधिकांश रोगियों में इसके लक्षण प्रकट नहीं होते हैं। इस कारण से लोगों के लिए जोखिम के घटक की पहचान करना और जल्द से जल्द खुद की जांच कराना जरूरी हो जाता है, ताकि वे समय पर इसका पता लगा सकें। इसके हानिकारक प्रभावों से खुद को बचा सकें। अगर समय रहते इस बीमारी का पता लग जाता है, तो इससे संबंधित जटिलताओं के खतरे को भी कम किया जा सकता है। हमारी कोशिश है कि डॉक्टरों और रोगियों, दोनों को मदद पहुंचाने वाले समाधानों के द्वारा जांच एवं देखभाल की प्रक्रिया को सरल बनाने की है। इससे लोगों को अपना यूरिक एसिड का स्तर नियंत्रण में रखने के लिए सही जानकारी के साथ उनका सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

### यूरिक एसिड के उच्च स्तर से स्थायी किडनी रोग

फोर्टिस हॉस्पिटल, दिल्ली के नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. संजीव गुलाटी ने कहा, एक अध्ययन के अनुसार, डायबिटीज व हाइपरटेंशन या इन दोनों बीमारियों से पीड़ित रोगियों में से 30 फीसदी से अधिक हाइपरयूरिसीमिया होता है। यूरिक एसिड का उच्च स्तर स्थायी किडनी रोग और किडनी में तीव्र चोट के बढ़ने का भी कारण बन सकता है। हालांकि, अलाक्षणिक मामले निदान के बगैर गंभीर हो सकते हैं। बढ़े यूरिक एसिड की जल्दी जांच और उचित प्रबंधन स्वास्थ्य के अच्छे प्रबंधन एवं सम्बंधित स्थितियों को रोकने या संभालने के लिए बेहद जरूरी हैं। आमतौर पर, दोनों किडनी शरीर में उत्पन्न होने वाले यूरिक एसिड का 60 फीसदी से 65 फीसदी प्रभाव हटाती हैं, जो पेशाब के दौरान रक्तप्रवाह से छन कर बाहर निकल जाता है। बाकी बचा हुआ यूरिक एसिड आंतों और पित्त (बाइल) के रास्ते निकलता है। जब बहुत ज्यादा यूरिक एसिड बनने लगता है या उचित ढंग से उत्सर्जित नहीं होता है, तब समस्या हो सकती है। इसके परिणामस्वरूप क्रिस्टल जमा होने लगते हैं, जिससे शरीर के जोड़ों में या किडनी में एकत्र होकर गठिया (अर्थराइटिस का एक कष्टदायक रूप), किडनी में पथरी (किडनी स्टोन) या स्वास्थ्य की दूसरी जटिलताएं सामने आने लगती हैं।

### यूरिक एसिड का सामान्य निष्कासन बाधित

यह समस्या कितनी आम है, अध्ययन बताते हैं कि हाइपरयूरिसीमिया भारत में लगातार बढ़ती एक गंभीर चुनौती है। भारत के विभिन्न राज्यों में इसकी व्यापकता अलग-अलग है। कुछ क्षेत्रों में तो यह प्रतिशतत्ता 47.2 तक है। उच्च यूरिक एसिड, पुरुषों और बुजुर्गों सहित कुछ खास आबादी में विशेष रूप से आम है। खून में यूरिक एसिड का बढ़ा हुआ स्तर किडनी, जठरांत्र और हॉर्मोन से सम्बंधित रोगों का कारण बन सकता है। इसके चलते शरीर से यूरिक एसिड का सामान्य निष्कासन बाधित हो जाता है। अत्यधिक फैटी मीट्स, सीफूड, अल्कोहल, सूखे बींस और मटर का, सेब, तरबूज आदि जैसे फ्रक्टोज से भरपूर फल, जिनमें प्राकृतिक रूप से ज्यादा शुगर होती है, का सेवन करने पर भी यूरिक एसिड का स्तर बढ़ सकता है।

### कैसे करें हाइपरयूरिसीमिया की पहचान?

कुछ लोगों में यूरिक एसिड का स्तर ज्यादा होने पर जोड़ों में तेज दर्द, कोमलता, लालिमा या सूजन हो सकती है। जब यूरिक एसिड का उच्च स्तर किडनी में पथरी का रूप ले लेता है, तब पीठ के एक या दोनों ओर निचले हिस्से में या पेट में दर्द, मितली, पेशाब करते समय कठिनाई व दर्द जैसे लक्षण भी हो सकते हैं। हाइपरयूरिसीमिया से पीड़ित करीब 60 फीसदी लोगों में कोई लक्षण दिखाई नहीं देता। इसका नतीजा यह होता है कि अनेक लोग निदान के बिना रह जाते हैं। फिर भी, लक्षण रहित हाइपरयूरिसीमिया एक जोखिम है, जिससे हृदयधमनी के रोग, मोटापा, डायबिटीज आदि हो सकते हैं। इस अवस्था में खतरा और अधिक बढ़ सकता है, अगर आप पुरुष है, बुजुर्ग हैं, मोटापा या उच्च बॉडी मास इंडेक्स के शिकार हैं। अत्यधिक रेड मीट, सीफूड, अल्कोहल या फ्रक्टोज का सेवन करते हैं। हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप), डायबिटीज, किडनी रोग, हाइपरलिपिडेमीया, और हाइपोथाइरॉइडिज्म जैसी अवस्था वाले लोगों को भी भारी खतरा रहता है। असल में कुछ प्रतिष्ठित चिकित्सीय संगठनों ने हृदयधमनी रोगों, डायबिटीज, चयापचयी लक्षण और किडनी स्टोन वाले रोगियों के लिए हाइपरयूरिसीमिया की जांच की अनुशंसा की है। इसके लिए जोखिम आंकलन पैमाना जैसे आसान साधन उपलब्ध हैं, जो किसी व्यक्ति के बढ़े हुए यूरिक एसिड लेवल के संभावित खतरे की गणना कर सकता है।

### सामयिक निदान के द्वारा संबंधित जटिलताओं से बचाव

अध्ययनों से पता चला है कि यूरिक एसिड के उच्च स्तर के कारण हृदयधमनी रोगों के होने का खतरा भी बढ़ जाता है। हाइपरटेंशन, एक्यूट इस्केमिक स्ट्रोक या कोरोनरी आर्टरी रोग वाले लोगों में हाइपरयूरिसीमिया की व्यापकता अधिक है। अनुसंधान से यह भी संकेत मिलता है कि यूरिक एसिड का बढ़ा हुआ स्तर इंसुलिन प्रतिरोध को बढ़ावा दे सकता है। इसके चलते टाइप-2 डायबिटीज हो सकता है। जीवन शैली में कुछ बदलावों के द्वारा भी हाइपरयूरिसीमिया या इससे संबंधित जटिलताओं को रोका जा सकता है। इन बदलावों में रोजाना व्यायाम, शारीरिक वजन पर नियंत्रण, रेड मीट, मछली और शराब के सेवन में कमी, कम चर्बी वाले दुग्ध उत्पादों का सेवन, पर्याप्त विटामिन सी वाले खाद्य लेना और ज्यादा वानस्पतिक प्रोटीन, नट्स, और फलियों का सेवन करना, उच्च फ्रक्टोज वाले कॉर्न सिरप (शुगर का एक प्रकार) से बचना और शुगर मिश्रित पेय पदार्थों के सेवन में कमी करना शामिल हैं। लोगों को अगर शक हो कि उन्हें हाइपरयूरिसीमिया का ज्यादा खतरा हो सकता है या इससे सम्बंधित कोई लक्षण हैं, तो उन्हें अपने डॉक्टर से सलाह करनी चाहिए। इससे उन्हें अपना यूरिक एसिड स्तर कम करने के लिए कारगर कार्य योजना बनाने में मदद मिलेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)